खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम :29° C
न्यूनतम: 16° C
लखनऊ, रविवार 12 अक्टूबर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 342 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com कार्तिक कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 19 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एक देश टैरिफ लगाएगा, तो हम 10 नए देशों में रास्ते खोलेंगे: योगी पेज 2



भारत ने दिल्ली टेस्ट में कसा शिकंजा, वेस्टइंडीज से 378 रन आगे खेल टाइम्स



ट्रम्प ने चीन पर लगाया 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ पेज 11



दीपिका की हिजाब कंट्रोवर्सी के बीच अबू धाबी पहुंची सोनाक्षी सिन्हा बॉलीवुड

# बागपत: मस्जिद में मौलाना की पत्नी व दो बेटियों की हत्या

## ट्रिपल मर्डर से फैली सनसनी

- पीट-पीटकर वारदात को दिया गया अंजाम, लोगों में भारी आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

**बड़ौत।** गांगनौली गांव में शनिवार को दिल दहलाने वाली घटना हो गई। गांव की बड़ी मस्जिद के इमाम की पत्नी व उनके दो बच्चों की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इन तीन हत्याओं का पता उस समय लगा, जब मस्जिद में प्रतिदिन पढ़ने आने वाले बच्चे वहां पहुंचे। यहां उन्हें जब कोई नहीं मिला, तो मस्जिद के ऊपर बने कमरे में पहुंचे।

वहां तीनों के शव खून से लथपथ बैड व फर्श पर पड़े देखकर बच्चे किलकारी मारते हुए बाहर भागे। पड़ोसियों ने उनसे पूछताछ की, तो तब घटना का पता लगा। सूचना पाकर एसपी, एएसपी, सीओ व आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। बताया गया कि मौलाना इब्राहिम देवबन्द गए थे। उन्हें घटना की सूचना दी गई। पुलिस शवों को कब्जे में करने लगी तो लोगों ने जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस से लोगों की जमकर नोक-झोंक हुई। लोगों ने एसपी के तीन दिन में हत्यारे का पता लगाकर जेल भेजने के आश्वासन पर शव उठने दिए। गांगनौली गांव की बड़ी मस्जिद में शामली जिले के सुन्ना गांव निवासी -शेष पृष्ठ दो पर



### सिर पर भारी हथियार से किया गया वार

तीनों के सिर पर भारी हथियार से वार किया गया है। सिर और चेहरे से ब्लड निकल रहा था। पूरे कमरे में खून ही खून फैला पड़ा था। तीनों शवों को देखने से साफ लग रहा है कि हत्या बेरहमी से पीट-पीटकर की गई है। वारदात के वक्त मौलाना इब्राहिम घर पर मौजूद नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाकर इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया गया।

# मेरी भारत यात्रा से पाक में बेचैनी: अमीर मुत्ताकी

## अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने देवबन्द में कहा: भारत से रिश्ते होंगे मजबूत

- भारत और अफगानिस्तान के संबंध ऐतिहासिक और हजारों साल से हैं: मुत्ताकी
- बोले- भारत में उम्मीद से ज्यादा तवज्जो मिली

**देवबन्द।** देवबन्दी विचारधारा मानने वाले अफगानिस्तान के युवा विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने शनिवार को स्वीकार किया कि उनकी भारत यात्रा से पाकिस्तान हुक्मरान में जबरदस्त बेचैनी है।

देवबन्दी विचारधारा के शिक्षण केंद्र दारुल उलूम के अतिथि गृह में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि भारत और अफगानिस्तान के संबंध ऐतिहासिक और हजारों साल से हैं। उन्हें भारत में उम्मीद से ज्यादा तवज्जो मिली है। उन्हें भरोसा है कि भारत से उनके मुल्क के रिश्तों में मजबूती और गर्माहट आएगी। वर्ष 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के सत्ता संभालने के बाद वहां के किसी भी मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है। वह नौ अक्टूबर को भारत आए थे और 16 अक्टूबर को उनकी वतन वापसी है। शुक्रवार को नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से हुई बातचीत को उत्साहजनक बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत के साथ कारोबार बढ़ेगा। उन्हें यह भी विश्वास है कि भारत देर-सवेर उनकी सरकार को मान्यता दे देगा। श्री मुत्ताकी का दारुल उलूम में जोश-खरोश से स्वागत किया गया। संस्था के प्रमुख मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने संस्था का इतिहास और उसकी स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और यहां की शिक्षा प्रणाली की जानकारी दी। मोहतमिम नोमानी ने कहा कि यदि अफगानी छात्रों को दोनों सरकारें दारुल उलूम में शिक्षा देने के दरवाजे खोलती है, तो वह उसका स्वागत करेंगे। जमीयत उलमाए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दारुल उलूम के सदर मुदर्रिस मौलाना अरशद मदनी ने उन्हें इस संस्था से पुराने रिश्तों -शेष पृष्ठ दो पर



### दारुल उलूम देवबन्द, जहां से उठती है इल्म और इंकलाब की रोशनी

अथर उस्मानी

- दुनिया में बहुत से मदरसे हैं, लेकिन कुछ जगह वक्त से आगे निकलकर तारीख़ का हिस्सा बन जाती हैं, ऐसी ही एक जगह है दारुल उलूम

**देवबन्द।** वो इल्मी और रूहानी मरकज़ जहां से न सिर्फ़ आलिम और मुफ़स्सिर निकले, बल्कि मुल्क की आज़ादी और उम्मत की रहनुमाई का अलम भी बुलंद हुआ।

दारुल उलूम देवबन्द की अहमियत का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अफ़ग़ानिस्तान के वज़ीर-ए-ख़ारिजा अमीर ख़ान मुत्ताक़ी खुद देवबन्द पहुंचे ताकि आख़िरी सबक (दौर-ए-हदीस) पढ़ सकें, यानी वो मुक़ाम जहां से किसी आलिम की तकमील-ए- इल्म होती है। ये कोई मामूली वाक़या नहीं है। जिस शख्स के ज़िम्मे एक मुल्क की बाहरी सियासत है, वो अब दारुल उलूम, देवबन्द के उस्तादों से इल्म की रोशनी लेने आया है, यानी इल्म की ताक़त को सियासत पर हावी मानना, यही असल देवबन्दी फ़िक्र है। 1857 की जंग-ए-आज़ादी के बाद जब अंग्रेज़ों ने दिल्ली की रूह को कुचल दिया, तो देवबन्द की इस ज़मीन पर कुछ सादगी पसंद उलेमा ने मशाल-ए-इल्म जलाई।

## पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से गैंगरेप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल स्टूडेंट के साथ शुक्रवार को गैंगरेप हुआ। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ डिनर पर गई थी। वापस लौटते समय 3 लोगों ने उनका रास्ता रोका। छात्रा का दोस्त उसे छोड़कर भाग गया, जिसके बाद आरोपियों ने उससे दरिंदगी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पीड़ित ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है और दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। यह घटना मेडिकल कॉलेज कैंपस के बाहर हुई। मेडिकल छात्रा का पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। छात्रा रात करीब 8:30 से 9 बजे बाहर गई थी। रात करीब 10 बजे वापस लौटते समय गैंगरेप की घटना हुई। छात्रा के माता-पिता को देर रात मामले की जानकारी दी गई। वे शनिवार सुबह दुर्गापुर पहुंचे और दुर्गापुर न्यू टाउनशिप थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक, छात्रा ने बताया कि जब तीन लोगों ने उसका रास्ता रोका, तो उसका दोस्त उसे अकेला छोड़कर चला गया। फिर आरोपियों ने उसका फोन छीन लिया और उसे जंगल में ले गए, जहां तीनों ने उसके साथ रेप किया। आरोपियों ने घटना के बारे में किसी को बताने पर छात्रा को अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। फिर उसका मोबाइल फोन वापस करने के लिए पैसे भी मांगे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने पीड़ित छात्रा का बयान दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात पीड़ित की दोस्त से भी पूछताछ की गई है।

# डिजिटल युग में लड़कियां सबसे ज्यादा असुरक्षित: सीजेआई

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियों व नीति निर्धारकों के लिए विशेष कानून और प्रशिक्षण पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई ने डिजिटल युग में लड़कियों की सुरक्षा पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर हमलों, डिजिटल माध्यम से पीछा करने, व्यक्तिगत डाटा के दुरुपयोग और डीपफेक तस्वीरों जैसी समस्याओं के कारण लड़कियां गंभीर रूप से असुरक्षित हैं। उन्होंने कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियों और नीति निर्धारकों के लिए विशेष कानून और प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

भारत में उसके लिए एक सुरक्षित और सक्षम वातावरण की ओर विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति (जेजेसी) के तत्वावधान में यूनिसेफ इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि संविधान और कानूनी संरक्षण के बावजूद देश की कई बालिकाओं को अब भी दुर्भाग्य से उनके मौलिक अधिकारों और यहां तक कि जीवित रहने के लिए जरूरी बुनियादी जरूरतों से वंचित रखा जाता है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी ने पूर्व IPS पूरन कुमार की पत्नी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने हरियाणा के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी वाई पूरन कुमार की पत्नी एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अमनीत पी कुमार को पत्र लिखकर सांत्वना देते हुए कहा है कि इस मुश्किल घड़ी में वह उनके साथ खड़ी हैं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यह दुखद और व्यथित करने वाली घटना है। उनका कहना था कि श्री पूरन कुमार ने सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरा उतरने के अपने कर्तव्य का बखूबी पालन किया है। उनका काम याद दिलाता है कि हमारे देश में ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठता के मूल्य आज भी महत्वपूर्ण हैं। श्रीमती गांधी ने श्रीमती अमनीत पी. कुमार को लिखे पत्र में कहा कि आपके पति और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की दुखद दुर्घटना में मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक और मन को व्यथित करने वाला है। इस कठिन समय में मेरी और कांग्रेस संसदीय दल की ओर से आपको और आपके पूरे परिवार को हार्दिक संवेदना।

### शिवांगी सिंह की फोटो को संपादित कर दुष्प्रचार के प्रयास का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** भारत ने प्रतिष्ठित क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर (क्यूएफआई) बैज हासिल करने वाली भारतीय वायु सेना की पहली फाइटर पायलट स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह की बैज हासिल करने के समय की फोटो को संपादित कर दुष्प्रचार करने की पाकिस्तान की कोशिशों का शनिवार को पर्दाफाश कर दिया। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान के इस दावे की भी पोल खोल दी है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसने इस महिला फाइटर पायलट के विमान को गिराकर उन्हें पकड़ लिया था। दरअसल वायुसेना ने तांबरम स्थित फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर्स स्कूल में छह महीने का गहन प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 59 अन्य अधिकारियों के साथ यह प्रतिष्ठित बैज हासिल करने के समय की स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह की तस्वीर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की थी।

### रिलायंस पावर के सीएफओ अशोक कुमार पाल को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस पावर लिमिटेड (आरपीएल) के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) अशोक कुमार पाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी का यह मामला 68 करोड़ रुपये से अधिक की फर्जी बैंक गारंटी और फर्जी इनवॉइसिंग से जुड़ा है, जो सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई एसईसीआई (सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) को धोखा देने से संबंधित है। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने शुक्रवार रात दिल्ली में कई घंटे की पूछताछ के बाद अशोक कुमार पाल को हिरासत में लिया। एजेंसी ने उन्हें धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया है। शनिवार को उन्हें विशेष न्यायालय में पेश किए जाने की संभावना है, जहां ईडी उनकी रिमांड की मांग कर सकती है।

# हमने बीज से लेकर बाजार तक सुधार किए: मोदी

## पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ा, पीएम ने 35 हजार करोड़ की कृषि परियोजनाओं की शुरुआत की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीएम 11,440 करोड़ की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का किया उद्घाटन**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार दोपहर दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में कृषि क्षेत्र के लिए 35 हजार 440 करोड़ की दो बड़ी योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने पीएम 11,440 करोड़ की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि कृषि और खेती हमेशा हमारे विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। समय के साथ यह जरूरी है कि कृषि को सरकार का समर्थन मिलता रहे। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ दिया था। पीएम ने कहा कि 21वीं सदी के भारत को तेजी से विकसित करने के लिए हमारी कृषि प्रणाली में सुधार आवश्यक था। यह काम 2014 में शुरू हुआ। हमने पिछली सरकारों के लापरवाह रवैये को बदला। बीज से लेकर बाजार तक, किसानों के लाभ के लिए अनगिनत सुधार किए। पीएम मोदी ने कहा कि पिछली सरकारों ने देश के 100 से अधिक जिलों को पिछड़ा घोषित किया, फिर उन्हें भुला दिया। हमने इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया, इन्हें आशास्पद जिले घोषित किया। इन जिलों को सह-संयोजन, सहयोग और प्रतिस्पर्धा के अपने मंत्र से बदला। यहां की 20 फीसदी बस्तियों में स्वतंत्रता के बाद भी सड़क नहीं थी। आज इन बस्तियों का अधिकांश हिस्सा सड़कों से जुड़ चुका है। पहले यहां के 17 फीसदी बच्चों को टीकाकरण का लाभ नहीं मिल रहा था, लेकिन आज मिल रहा है। 15 फीसदी से अधिक स्कूलों में बिजली नहीं थी, लेकिन अब योजना के तहत हर स्कूल में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है।



### ओडिशा में 160 करोड़ की दो मत्स्य परियोजनाओं की रखी आधारशिला

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा को एक बड़ी सौगात दी है। इसके तहत पीएम मोदी ने ओडिशा में करीब 160 करोड़ रुपये की दो बड़ी मछली पालन (मत्स्य) परियोजनाओं की वर्चुअली आधारशिला रखी। ये आयोजन दिल्ली से हुआ, जहां उन्होंने 24,000 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएम-डीडीकेवाई) और 11,440 करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर दाल मिशन की भी शुरुआत की। ओडिशा की दो परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना • जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• आंखे पथराना • मुट्ठियां कसना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना • गर्दन टेढ़ी पड़ना
• मुंह से झाग निकलना • अचानक झटका-सा लगना
• मुंह एक तरफ हो जाना • घे-घे-औं-औं की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### उपराज्यपाल सिन्हा ने दो शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को सेना के दो शहीद पैराट्रूपर्स लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष को पुष्पांजलि अर्पित की, जो एक आतंकवादी अभियान के दौरान खराब मौसम से जूझते हुए शहीद हो गए थे। लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष ने कोकरनाग के किश्तवाड़ रेंज में खराब मौसम की स्थिति से जूझते हुए आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उपराज्यपाल ने कहा, ष्मैं सेना के बहादुर जवानों लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करता हूं। राष्ट्र हमारे सैनिकों की अनुकरणीय वीरता एवं निस्वार्थ सेवा के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। हम दुख की इस घड़ी में अपने शहीदों के परिवारों के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

### आग से बनवासी बस्ती जलकर खाक

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की अर्धरात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से बनवासी बस्ती जलकर खाक हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना क्षेत्र के चकभूईधर गांव में शुक्रवार की रात आठ बनवासी लोगों का रिहायशी बस्ती जलकर राख हो गया। पीड़ितों का आरोप है कि रंजिश की वजह से बस्ती जलाया गया है। बताया जाता है कि गांव में पुलिस चौकी के पीछे तालाब की जमीन पर बनवासी बस्ती है। पीड़ितों के अनुसार बीती रात लगभग 12 बजे मड़हों में आग लग गई है। किसी तरह बस्ती के लोगों ने बाहर निकल कर जान बचाई। अग्नि की लपटें इतनी तेज थी कि सामान निकालने का मौका तक नहीं मिल सका।

### एक देश टैरिफ लगाएगा, तो हम 10 नए देशों में रास्ते खोलेंगे : योगी

# कालीन उद्यमी अमेरिकी टैरिफ से न घबराएं

भदोही, वार्ता



■ सीएम ने भदोही में अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले का शुभारंभ किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भदोही के कालीन उत्पादकों को आश्वस्त करते हुये कहा कि अमेरिकी टैरिफ से घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह हमारे लिए नए अवसरों के द्वार खोलने का समय है।

योगी ने यहां 49वें अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेला और चौथे कार्पेट एक्सपो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने देश-विदेश से आए कालीन उद्यमियों और निर्यातकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार हर स्थिति में उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा ष्जब भी चुनौतियां आती हैं, वे अपने साथ अवसर भी लाती हैं। अमे. रिका ने टैरिफ लगाया है, लेकिन यह केवल एक देश का निर्णय है। हम यूएई, यूके और अन्य देशों के साथ फी ट्रेड एग्रीमेंट की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले समय में ये समझौते हमारे उद्योगों के लिए नए बाजार खोलेंगे। सरकार ने इस विषय पर हाई लेवल कमेटी का गठन किया है, जो टैरिफ से उत्पन्न स्थिति पर लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 वर्ष पहले कार्पेट उद्योग बंदी के कगार पर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भदोही, मीरजा. पुर और वाराणसी के कार्पेट क्लस्टर को नई ऊर्जा मिली। भदोही को केंद्र बनाकर कार्पेट एक्सपो मार्ट की स्थापना की गई। जब पहला एक्सपो हुआ था, तब विदेशी खरीदारों की संख्या बहुत कम थी, लेकिन आज 88 देशों से तीन से चार सौ फॉरेन बायर्स यहां आ रहे हैं। यह बताता है कि ग्लोबल मार्केट में आपके काल. ीनों की मांग कितनी बढ़ी है। योगी आदित्यनाथ ने अपने उद्बोधन में कहा कि यूपी सरकार ने कार्पेट सेक्टर सहित एमएसएमई और ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट) योजना के तहत प्रत्येक जिले में विशिष्ट उद्योगों को प्रोत्साहित किया है। भदोही के कालीन, मुरादाबाद के पीतल, फिरोजाबाद के ग्लास और वाराणसी के सिल्क को नई पहचान मिली है। 2017 में जब हमने ओडीओपी योजना शुरू की थी, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यूपी दो लाख करोड़ से अधिक का निर्यात करेगा, यह अब वास्तविकता बन चुकी है।

### पराली को लेकर योगी सख्त, शून्य घटनाओं का लक्ष्य तय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पराली जलाने की घटनाओं को 'शून्य' किया जाए। इस संबंध में शासनादेश के तहत विस्तृत दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है और जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसलिए किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के प्रति जागरूक किया जाए। सभी जिलाधिका. रियों से अपेक्षा की गई है, वो सेटेलाइट के माध्यम से पराली जलाने की घटनाओं की लगातार निगरानी करें और संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए। जारी निर्देशों के अनुसार फसल अवशेष जलाने पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई जाएगी। दो एकड़ से कम क्षेत्र पर 2,500 रुपये, दो से पांच एकड़ तक 5,000 रुपये और पांच एकड़ से अधिक पर 15,000 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है। प्रत्येक 50 से 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी, जो पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से भी इस अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संयुक्त प्रयासों से ही स्वच्छ पर्यावरण और प्रदूषण मुक्त प्रदेश का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## वाई पूरन कुमार की मौत की निष्पक्ष जांच हो: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने हरियाणा में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की मौत की जांच की मांग की और कहा कि दोषियों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

सुश्री मायावती ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि हरियाणा राज्य में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरन कुमार, जिनकी पत्नी भी स्वंय हरियाणा की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं, द्वारा जातिवादी शोषण व प्रताड़ना के कारण की गयी आत्महत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। खासकर दलित व बहुजन समाज के लोग काफी उद्वेलित हैं। उन्होंने कहा कि यह अति-दुखद व अति-गंभीर घटना ख+ाासकर एक सभ्य सरकार के लिये शर्मनाक है और यह साबित करती है कि लाख दावों के बावजूद जातिवाद का दंश कितना अधिक खासकर शासन-प्रशासन में हावी है और सरकारें इसको रोक पाने में विफल साबित हो रही हैं। वैसे यह सब सरकार की नीयत व नीति की बात ज्यादा है। बसपा की मुखिया ने कहा है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की समयबध स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच होना चाहिए और इसके लिये दोषियों को सख्त सज़ा मिलनी चाहिए, ताकि सभ्य समाज को शर्मिन्दा करने वाली ऐसी दर्दनाक घटनाएं दोबारा कहीं ना होने पाएं। उन्होंने कहा है कि हरियाणा सरकार इस घटना को पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता से ले तथा इसकी भी लीपापोती करने का प्रयास ना करे, तो यह उचित होगा।

## जेएंडके: 25 पुस्तकों पर रोक के खिलाफ सुनवाई के लिए पूर्ण पीठ का गठन

श्रीनगर, वार्ता

■ मामले पर पीठ सोमवार को सुनवाई करेगी

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने कथित तौर पर 'झूठे आख्यान और अलगाव वाद' का प्रचार करने वाली 25 पुस्तकों के प्रकाशन पर रोक लगाने के सरकार के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए तीन न्यायाधीशों की पूर्ण पीठ का गठन किया है।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति राजेश ओसवाल तथा न्यायमूर्ति शहज़ाद अज़ीम शामिल हैं। यह पीठ सोमवार को इस मामले पर सुनवाई करेगी। पूर्ण पीठ का गठन न्यायालय की 30 सितम्बर की पूर्व टिप्पणी के बाद हुआ है, जिसमें उसने याचिकाकर्ताओं द्वारा पुस्तकों की 'भ्रमाक और अतार्किक' कहे जाने की वैधता की जांच के लिए तीन न्यायाधीशों की पीठ गठित करने पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की थी।

पत्रकार डेविड देवदास, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी, सेवानिवृत्त एयर वाइस मार्शल कपिल काक तथा अन्य की ओर से अधिवक्ता शाकिर शब्बीर और स्वास्तिक सिंह द्वारा अलग-अलग दायर याचिकाओं में गृह विभाग द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 95 के तहत इन पुस्तकों के प्रकाशन पर रोक लगाने का आदेश देने को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया है कि सरकार की कार्रवाई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करती है और इसका कोई तर्कसंगत औचित्य नहीं है। पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर के गृह विभाग ने कश्मीर पर 25 पुस्तकों के प्रकाशन पर प्रतिबंध लगा दिया, जिनमें अरुंधति रॉय और एजी नूरानी जैसी लेखिकाओं की पुस्तकें भी शामिल हैं। सरकार ने कहा कि ये पुस्तकें अलगाववाद का प्रचार करती हैं।

### बीएचयू में छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में शुक्रवार देर रात छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद हो गया। चीफ प्रॉक्टर ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। कई थानों की पुलिस और एसीपी भेलूपुर मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। एसीपी गौरव कुमार ने बताया कि रात करीब 11:45 बजे चीफ प्रॉक्टर ने सूचना दी कि बिरला छात्रावास के छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद हो गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छात्रों से बात. चीत कर मामले को शांत किया। कुछ छात्र छात्रावास के बाहर खड़े थे। तभी वहां से गुजर रहे सुरक्षाकर्मियों ने तीखे शब्दों में उन्हें अंदर जाने को कहा।

## अखिलेश का फेसबुक अकाउंट बहाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट निलंबित होने के बाद बहाल कर दिया गया है।

पार्टी नेताओं की तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया के बाद उनका सोशल मीडिया अकाउंट फिर बहाल कर दिया है। समा. जवादी पार्टी ने पहले भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार पर इस कदम के पीछे होने का आरोप लगाया था। हालांकि सरकार ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने यह कार्रवाई की है और इसमें उसकी कोई भूमिका नहीं है। दरअसल सूत्रों ने बताया कि उनके पेज को कथित तौर पर 'हिंसक यौन पोस्ट' पोस्ट करने के कारण निलंबित कर दिया गया था। हालांकि शनिवार को मेटा के एक अधिकारी ने बताया कि मामला हमारे संज्ञान में आने के बाद हमने पेज को बहाल कर दिया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री का फेसबुक अकाउंट, जिसे 80 लाख से ज्यादा लोग फ़ॉलो करते हैं, शुक्रवार शाम 6 बजे के आसपास निलंबित कर दिया गया। अखिलेश यादव के पेज का इस्तेमाल अक्सर अपनी राय साझा करने, सरकार की कमियों को उजागर करने और राज्य भर के समर्थकों से जुड़ने के लिए किया जाता था। अकाउंट निलंबित होने के बाद सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए 'एक्स' पर लिखा था, देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट सस्पेंड करना लोकतंत्र पर हमला है। भाजपा सरकार ने अघोषित आपातकाल लगा दिया है, जहां हर विरोधी आवाज़ को दबाया जा रहा है, लेकिन समाजवादी पार्टी भाजपा की जनविरोधी नीतियों का विरोध करती रहेगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजीव राय ने भी इस कृत्य की निंदा करते हुए इसे भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात बताया था।



सेंसेक्स 82072.93
निफ्टी 2516.85



सोना रु. 120845
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 184100
प्रति किलो



## खाद्यान्न पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर: शिवराज

नई दिल्ली, वार्ता

■ 40 प्रतिशत से अधिक भरे हैं अन्न भंडार: कृषि मंत्री



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में खाद्यान्न पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ी है।

चौहान ने कहा कि गेहूं, चावल, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन की उपज में बीते साल रिकॉर्ड पैदावार हुई है। वह यहां शनिवार को पूसा परिसर में आयोजित एक समारोह में लोगों को संबो. धित कर रहे थे। यह समारोह 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' और 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' के शुभारंभ और 42,000 करोड़ रुपये से अधिक की कृषि और संबध क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं के भी प्रारंभ होने पर आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है, गेहूं और चावल के भंडार 40 प्रतिशत से अधिक क्षमता तक भरे हुए हैं। सिंह ने कहा कि खाद्यान्न आत्मनिर्भरता के लिए दालों की पैदावार बढ़ानी होगी। इस मकसद को ध्यान में रखकर मोदी के कर कमलों से दलहन मिशन लांच किया जा रहा है। इसके साथ ही ये देखा गया है कि कई जिले में पैदावार बहुत अच्छी है, लेकिन उसी राज्य के दूसरे जिलों में पैदावार कम है। ऐसे जिलों में पैदावार बढ़ाने के लिए एक दूसरी योजना पीएम धन-धान्य कृषि योजना भी शुरू की जा रही है। इसमें 11 विभागों की 36 योजनाओं का समावेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मोदी का ही सोच है कि छोटे-छोटे किसान मिलकर प्रतिस्पर्धा का सामना करें। आज देश में एफपीओ के 52 लाख किसान शेयर होल्डर हैं। करीब 1100 एफपीओ करोड़पति बन चुके हैं और उनका टर्न ओवर 15000 करोड़ रुपये से ज्यादा का हो गया है। चौहान ने हाल ही में वस्तु एवं सेवा कर की दरों में हुए बदलाव के कारण सस्ती हुई खेती की मशीनों का श्रेय मोदी को देते हुए कहा कि इससे किसानों को बहुत राहत मिली है। इस कदम से छोटे ट्रैक्टर पर किसानों के 23,000 रुपये, 35 हॉर्स पावर के ट्रैक्टर पर लगभग 43,000 रुपये और बड़े ट्रैक्टर पर भी लगभग 65,000 रुपये तक बचेंगे। उन्होंने फसल वर्ष 2025-2026 की रबी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन बढ़ने पर प्रसन्नता जाहिर की और बताया कि किसानों की मदद के लिए यूरिया और डीएपी के दामों पर लगाम लगा कर रखा गया है। यूरिया और डीएपी के बढ़े हुए दामों का बोझ, सरकार किसानों पर नहीं आने देती और खुद ही बढ़ा हुआ व्यय वहन करती है।

### इस हफ्ते सोना और चांदी के भाव छू रहे आसमान

**नई दिल्ली।** सोने के दाम आए दिन आसमान छू रहे हैं, लेकिन इस रेस में चांदी आगे निकल गई है। देश के कई शहरों में चांदी की कीमत 1 लाख 80 हजार के पार जा चुकी है। शनिवार को चांदी की कीमत 6 हजार रुपये महंगा हुई है। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में चांदी की कीमत 1,84,100 रुपये के पार जा चुकी हैं। भारत की राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमत 1,74,100 रुपये प्रति किलो में बिक रही है। इस समय भारत के चेन्नई में चांदी का भाव सबसे महंगा है। यहां चांदी 1,84,100 रुपये प्रति किलो बिक रही है। चांदी की कीमतें रोज नए-नए रिकॉर्ड बना रही हैं। भारत ही नहीं पूरी दुनिया में चांदी की डिमांड बढ़ गई है, जिसकी वजह से सिल्वर की शॉर्टेज भी देखी जा रही है। भारत के कई शहरों में चांदी की कमी होने की वजह से ज्वेलर ग्राहकों से ऑर्डर तक नहीं ले रहे हैं। त्योहारों से पहले सोने-चांदी के दामों में एक बार फिर तेजी देखने को मिली है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के मुताबिक बीते एक हफ्ते में सोने के दामों में 2,276 रुपये प्रति 10 ग्राम तक का उछाल आया। वहीं चांदी के भावों में 15,657 रुपये प्रति किलो की बड़ी छलांग देखी गई। हफ्ते के बीच 9 अक्टूबर को सोना 1,22,629 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया था, जो इस सप्ताह का उच्चतम स्तर रहा। वहीं, चांदी ने इस हफ्ते जबरदस्त तेजी दिखाई।

### गेहूं-चावल के भाव टूटे, चीनी महंगी खाद्य तेल-दालों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव टूट गये। गेहूं में भी नरमी रही। खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में घटबढ़ रही, जबकि चीनी में तेजी का रुख देखा गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 83 रुपये घटकर 3,774.53 रुपये प्रति क्विंटल हो गयी। गेहूं का भाव 10 रुपये फिसलकर 2,849.28 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत पांच रुपये बढ़ी और यह 3,314.32 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में सरसों तेल की औसत कीमत 77 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 63 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल 94 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 51 रुपये और वनस्पति के दाम 17 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 36 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल की कीमत नौ रुपये कम हुई। उड़द दाल की 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 37 रुपये और मसूर दाल 30 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत लगभग स्थिर रही। चीनी का भाव 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7877.80 रुपये, मसूर काली 8144.80 रुपये, मूंग दाल 10108.98 रुपये, उड़द दाल 10453.79 रुपये, अरहर दाल 10525.29 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.28 रुपये और चावल 3774.53 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बागपत: ....** मौलाना इब्राहिम अपनी पत्नी इसराना, बेटी सोफिया 5 वर्षीय व सुमैया 2 वर्षीय के साथ रहते थे। ग्रामीणों ने बताया कि मौलाना इब्राहिम करीब दस साल से मस्जिद में इमाम हैं। करीब छह साल पहले ही उनकी शादी हुई थी। वह तब से पत्नी व बच्चों के साथ यहीं मस्जिद के ऊपर बने कमरे में रहते थे। वह इमामत करते हैं। उनकी पत्नी दोपहर बाद मस्जिद में आने वाले बच्चों को पढ़ाती थी। यह हृदय विदारक घटना दोपहर से पहले होने की संभावना है। जब करीब दोपहर बाद ढाई बजे बच्चे मस्जिद में पढ़ने गए, तब उन्हें पता लगा। बच्चों को जब वहां कोई दिखाई नहीं दिया, तो इसराना के कमरे में खोजते हुए पहुंच गए। वहां का दृश्य देखा, तो वह किलकारी मारते हुए उल्टे पैर ही दौड़ गए। उनके शोर से पड़ोस के लोग आए। बच्चों से पूछने लगे तो उन्होंने घटनाक्रम बताया। मौलाना की पत्नी व बच्चों की हत्या की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मेरठ रेंज डीआईजी कलानिधि, एसपी सूरज कुमार राय, एएसपी प्रवीण कुमार, सीओ विजय कुमार, एसएचओ सूर्यदीप के अलावा रमाला, बिनौली, छपरौली, दोघट थानों की पुलिस पहुंच गई। एसपी ने ग्रामीणों से पूछताछ की। शवों को कब्जे में करने के प्रयास किए। ग्रामीणों व मृतका के मायके वालों ने हंगामा करते हुए हत्यारों को पकड़ने की मांग की। एसपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह तीन दिन में मामले का पर्दाफाश कर देंगे, तब जाकर लोगों ने शवों को उठाने दिए। मृतक महिला के पति इब्राहिम को सूचना दे दी गई थी। पुलिस पुरे मामले की जांच की जुट गई है।

**मेरी भारत...** की तफसील से जानकारी दी। अमीर खान मुत्ताकी ने मौलाना अरशद मदनी के प्रति बहुत सम्मान दिखाया। गौरतलब है कि मौलाना अरशद मदनी के मरहूम पिता मौलाना हुसैन अहमद मदनी के खास शिष्यों में रहे अफगानिस्तान के सम्मानित उलेमा मरहूम अब्दुल हक हक्कानी के वहां स्थापित किए गए मदरसे में ही अमीर खान मुत्ताकी ने तालीम हासिल की है। दारुल उलूम इलाके में जब अमीर खान मुत्ताकी पहुंचे तो इस संस्था के सारे प्रबंध ध्वस्त हो गए। जिलाधिकारी मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी ने व्यवस्था संभाली। सरकारी अमला बड़ी मुश्किल से विदेशी मेहमान और उनके साथियों को दारुल उलूम के मेहमान खाने में किसी तरह लेकर पहुंचे। यहां तलबाओं के मदरसे में सभी जगह बड़ी संख्या में जम-जाने के कारण विदेश मंत्री के सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम रद्द हो गए। अमीर खान के संस्था के उपकुलपति अब्दुल खालिक मद्रासी, दारुल उलूम वक्फ के मोहतमिम मौलाना सुफियान कासमी आदि ने उनसे मुलाकात कर दोनों देशों के बीच रिश्ते मजबूत होने की उम्मीद जताई। मौलाना अरशद मदनी ने 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिका की विदाई और तालिबान के सत्तारूढ़ होने का गर्मजोशी के साथ आगे आकर समर्थन और स्वागत किया था। उन्होंने एक न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में यह भी भरोसा जताया था कि तालिबान सरकार भारत के लिए अच्छी साबित होगी। यह बात सही साबित हुई है। आज भारत- अफगानिस्तान एक-दूसरे के हमदर्द हैं। भारतीय कूटनीति की यह बड़ी कामयाबी है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अफगान नेता ने पहलगाम हिंसा की निंदा की और भारत के ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया।

## बीएचयू-आईआईटी ने 100 वर्ष पुराने पेड़ को किया पुनर्जीवित

वाराणसी, वार्ता

■ तेज हवाओं और बारिश के कारण गिर गया था पेड़

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने अपने इंस्टिट्यूट वर्क्स डिपार्टमेंट (आईडब्ल्यूडी) और उद्यान विभाग के विशेषज्ञों के सहयोग से लगभग 100 वर्ष पुराने पीपल के पेड़ को सफलतापूर्वक पुन: खड़ा कर उसका जीवन रक्षित किया। यह पेड़ हाल ही में तेज हवाओं और लगातार बारिश के कारण गिर गया था।

संस्थान की आधिकारिक प्रवक्ता एवं संयुक्त कुलसचिव स्वाति बिस्वास ने शनिवार को बताया कि आईडब्ल्यूडी की तकनीकी विशेषज्ञता और बीएचयू के उद्यान विशेषज्ञों के सहयोग से दो जेसीबी मशीनों और एक हाइड्रा की सहायता से इस विशाल पेड़ को अत्यंत सावधानीपूर्वक खड़ा किया गया, ताकि इसकी जड़ों को किसी प्रकार की क्षति न हो। पेड़ को स्थिर रखने के लिए मिटी को मजबूत किया गया तथा आवश्यक जल और पोषण प्रबंधन सुनिश्चित किया गया। उन्होंने कहा कि यह पहल संस्थान की पर्यावरणीय प्रतिबधता और सतत विकास के प्रति जिम्मेदारी को दर्शाती है। संस्थान प्रशासन ने इस समन्वित प्रयास की सराहना की और सभी संबंधित विभागों के योगदान की प्रशंसा की। संस्थान के निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मनीष कुमार ने तकनीकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस कार्य में तकनीकी सटीकता और समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण था। कई टन वजन वाले इस पेड़ को जड़ों को क्षति पहुंचाए बिना अत्यंत सावधानी से उठाया गया। दो जेसीबी मशीनों से आधार समर्थन प्रदान किया गया, जबकि हाइड्रा के माध्यम से ऊर्ध्व दिशा में संरेखण सुनिश्चित किया गया। पुन:स्थापना के बाद मिटी को सुदृढ़ किया गया और जड़ों की सुरक्षा के लिए विशेष उपाय किए गए। अगले कुछ सप्ताह तक पेड़ की निरंतर निगरानी की जाएगी, ताकि यह पूरी तरह स्थिर हो सके।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पराली जलाने पर सीएम योगी का सख्त निर्देश, यूपी में शून्य घटनाओं का लक्ष्य तय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं।



उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पराली जलाने की घटनाएं 'शून्य' होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है और जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, इसलिए किसानों को इसके वैकल्पिक समाधान के प्रति जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी सेटेलाइट के माध्यम से की जाए और संवे. दनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए। शासन के निर्देशों के अनुसार, फसल अवशेष जलाने पर पर्यावरणीय क्षतिपूलत लगाई जाएगीख्र दो एकड़ से कम क्षेत्र पर 2,500, दो से पांच एकड़ तक 5,000 और पांच एकड़ से अधिक पर घ्15,000 का जुर्माना निर्धारित किया गया है। प्रत्येक 50 से 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी जो पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करेंगे।

मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से भी इस अभियान में सहयोग की अपील की और कहा कि संयुक्त प्रयासों से ही स्वच्छ पर्यावरण और प्रदूषण मुक्त प्रदेश का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। जिलाधिका. रियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर निगरानी बढ़ाई जाए और कृषि, राजस्व, पुलिस, ग्राम्य विकास तथा पंचायती राज विभाग के अधिकारी मिलकर फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को रोकें। किसी षक द्वारा पराली जलाने की स्थिति में मौके पर ही कार्रवाई करते हुए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की धनराशि अधिरोपित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## एसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को थाना मऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी मऊ राम ऋषि रमन एवं क्षेत्राधिक. ारी मऊ फहद अली भी मौजूद रहे। एसपी ने थाना परिसर, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना तथा हवालात का निरीक्षण किया और प्रभारी निरीक्षक मऊ दुर्गविजय सिंह को सभी अभिलेख अद्यतन रखने, जनसुनवाई में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा वांछित-वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, बिजली, पानी और शौचालय व्यवस्था में सुधार के भी आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जयप्रकाश नारायण की जयंती पर रालोद ने लिया लोकहित में संघर्ष का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को लो. कनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने की। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। डॉ. रामाशीष राय ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण भारतीय लोकतंत्र की आत्मा थे।



उन्होंने अन्याय, भ्रष्टाचार और सत्ता के अहंकार के विरुद्ध संघर्ष कर देश को नई दिशा दी। आज उनके आदर्श पहले से भी अधिक प्रासंगिक हैं। रालोद का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके विचारों से प्रेरणा लेकर जनहित और किसानहित के लिए संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश जी ने राजनीति को सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन का साधन बताया था। यदि राजनीति में पारदर्शिता और नैतिकता लानी है, तो उनके दिखाए रास्ते पर चलना होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय लोक. दल किसानों, युवाओं, व्यापारियों और वंचित वर्गों की आवाज़ बनकर खड़ा है। रालोद का हर कार्यकर्ता 'लोकशक्ति ही राष्ट्रशक्ति' के सिद्धांत को अपनाते हुए लोकतंत्र की रक्षा के लिए सदैव संघर्षशील रहेगा। आज जब शिक्षा, रोजगार और किसानों की समस्याएं बढ़ रही हैं, तब जयप्रकाश नारायण जी की संपूर्ण क्रांति की भावना को आत्मसात करना समय की आवश्यकता है।

# सीतापुर में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण करने वाले 2 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** सिधौली कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे में छापेमारी की।



इस दौरान पुलिस ने अवैध रूप से पटाखा भंडारण करने वाले सिधौली कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नरोत्तम नगर निवासी मोहम्मद आमिर पुत्र जहीर अहमद तथा जमीर अहमद पुत्र जहीर अहमद को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 71 पेटी विस्फोटक सामग्री पटाखे बरामद किये हैं। पुलिस का कहना है कि बरामद पटाखों का गत्ता सहित वजन लगभग 16 कुन्तल है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत सिधौली कोतवाली में केस दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने दोनों आरो. पियों को न्यायालय में पेश किया है।

# योगी सरकार की तानाशाही में लोकतंत्र व दलितों की आवाज दबी : अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अजय राय ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की फासीवादी योगी सरकार लोकतंत्र की हत्या कर देने पर उतारू है।



उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिसने अपने जीवनक. ाल में धरने, प्रदर्शन और रैलियों से ही राजनीति की शुरुआत की, अब सत्ता में आने के बाद लगातार लो. कतंत्र का चीरहरण कर रही है और अभिव्यक्ति की आज़ादी का गला घोंट रही है। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय फतेहपुर निवासी हरिओम वाल्मीकि के परिवार से मिलने और पार्टी की ओर से आर्थिक सहायता देने जा रहे थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें रास्ते में रोक दिया। इस दौरान पुलिस से तीखी ोकझोंक हुई, जिसके बाद अजय राय सड़क पर धरने पर बैठ गए। उनके साथ पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, सीतापुर सांसद राकेश राठौर, पूर्व विधायक इन्दल रावत, लखनऊ जिला कांग्रेस अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बबलू, शहर अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम और अन्य नेता मौजूद रहे। बाद में पुलिस ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर बस से पुलिस लाइन भेज दिया। अजय राय ने कहा कि यह सरकार पीड़ितों की सहायता करने के खिलाफ है और दलितों के प्रति संवेदनहीन रवैया अपनाए हुए है। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में दलितों और महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि हुई है। रायबरेली की घटना इसका उदाहरण है, जहां फतेहपुर के हरिओम वाल्मीकि की हत्या कथित तौर पर भाजपाई गुंडों ने इसलिए कर दी क्योंकि उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि घटना के पहले दिन से ही कांग्रेस हरिओम वाल्मीकि के परिवार के साथ खड़ी है। छह अक्टूबर को वे खुद फतेहपुर पहुंचकर परिजनों से मिले थे और संवेदना व्यक्त की थी। सात अक्टूबर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एससी विभाग के चेयरमैन डॉ. राजेन्द्र पाल गौतम, उत्तर प्रदेश एससी विभाग के चेयरमैन तनुज पुनिया और तेलंगाना सरकार के मंत्री डॉ. विवेक वेंकट स्वामी ने भी परिजनों से मुलाकात की थी। उसी दिन प्रदेशभर में अजय राय के निर्देश पर कैंडल मार्च निक. ाला गया, जिसमें लखनऊ में राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे की उपस्थिति रही। अजय राय ने कहा कि सरकार की संवेदनहीनता चरम पर है। वह न तो अपराधियों को सजा दिला पा रही है, न पीड़ित परिवार को न्याय।

# पीढ़ियों से मुस्लिम परिवार निभा रहा दशहरा मेले की परंपरा

**राम धीरज यादव**

**अमेठी।** इन्हौना कस्बे में दो दिवसीय दशहरा मेला का शनिवार को शुभारंभ हुआ। पहले दिन रामल. ीला के अंतर्गत लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध, राम रावण युद्ध का सजीव मंचन किया गया। इसके पश्चात पुतला दहन किया गया रावण का पुतला लगभग 30 फीट ऊंचा बना हुआ था जिसमें तीन सौ गोले और पटाखे भी लगाए गए थे।



आपसी सद्भाव की मिसाल इस मेले की अपनी अलग पहचान है। दूर दराज से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे मेले का आनन्द उठाने पहुंचे। मेले में आयोजित रामलीला कार्यक्रम की शुरुआत आयोजक चौधरी वहाज अख्तर ने किया। रामलीला का मंचन सीता हरण से शुरू होकर रावण वध के बाद समाप्त हुआ। मारीच की मृग लीला, सीता हरण, अशोक वाटिका और महाबली हनुमान द्वारा लंका दहन का मंचन देख जनसमूह भावविभोर हो उठा। जटायु और हनुमान के पात्रों ने सजीव मंचन से दर्शकों का मन मोह लिया। बड़ी संख्या में लोगों ने मेले का लुत्फ उठाया। दशहरा मेले में हवाई झूला, ट्रेन की सवारी और मौत का कुंआ मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे।

बच्चों ने खिलौनों की खरीदारी संग चाट, पकौड़ी, जलेबी और तमाम स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। वहीं, महिलाओं ने साज-सज्जा, श्रृंगार आदि सामग्री खरीदी। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के तहत इन्हौना थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, थाने की पुलिस फोर्स सभी उपनिरीक्षक सहित महिला पुलिस व पीएसी के जवान मुस्तैद रहे। इस मौके पर कांग्रेस नेता मो लतीफ, सुरेश त्रिवेदी, कमलेश अग्निहोत्री, गोपीचंद्र बाजपेई, वसीम मेंबर, राकेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**अनूठा है दशहरा मेला:**

**इन्हौना** में प्रत्येक वर्ष लगने वाला यह मेला अपने आप में अनूठा है। साल भर लोग इस मेले का इंतजार करते है। दशहरा मेले का आयोजन कस्बे के ही मुस्लिम परिवार से ताल्लुक रखने वाला चौधरी अकबर हुसैन का परिवार आज भी इन्हौना मेले की देखरेख और व्यवस्था करता है। पीढ़ियों से इस परंपरा का निर्वहन कर रहे चौधरी घराने के वारिस वहाज अख्तर के हाथों में मेले की कमान है। यहां दोनों समुदायों की जुगल. बंदी अपने आप मे एक मिसाल है। चौधरी वहाज अख्तर के मुताबिक इस मेले में पचास साल पहले क्षेत्र के तमाम जानी मानी हस्तियां इस मेले में कैम्प लगाया।

# नशा मुक्त गोष्ठी मे छात्र छात्राओं ने लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/अमेठी।** मिशन शक्ति फेज -5 के अंतर्गत महाविद्यालय मे आयोजित नशा मुक्त गोष्ठी मे उपस्थित छात्र छात्राओं ने किसी भी प्रकार के नशे का सेवन ना करने का संकल्प लिया।

जगदीशपुर जायस रोड स्थित राजा कान्ह पीजी कालेज महाविद्यालय के परिसर मे आयोजित नशा मुक्त गोष्ठी मे महाविद्यालय प्रबंधक डाक्टर एसपी सिंह, डाक्टर चंद्र शेखर सिंह, प्राचार्य डाक्टर वीरेश प्रताप सिंह ने नव युवकों द्वारा धूम्रपान आदि नशे के सेवन करने से होने वाली बीमारियां टीबी दमा कैंसर किडनी रोग आदि होने वाले रोगों के संबंध मे विस्तार से चर्चा किया। कार्यक्रमाधिकारी डाक्टर चंद्र प्रकाश पांडेय ने नशे को नाश की जड बताया महाविद्यालय के उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं ने संकल्प लिया कि कालेज परिसर व बाहर भी किसी प्रकार का पान गुटखा तंबाकू मदिरा सिगरेट बीडी आदि का सेवन नहीं करेगें ऐसा संकल्प करते हुए सभी ने इस बात की शपथ ली। इस मौके पर समस्त विद्यालय स्टाफ व अन्य सम्मानितगण मौजूद रहे।

## 15 लाख कीमत के अवैध पटाखे के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** शहर कोतवाली पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला फत्तन सराय में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फत्तन सरांय निवासी मेहताब पुत्र समीउल हसन को गिरफ्तार किया। पुलिस की छापेमारी के संबंध में सीओ नगर विनायक भोसले ने बताया की मौके से 17 लक्वटल अवैध पटाखे बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बरामद पटाखे की कीमत 15 लख रुपए के करीब है। इतनी कीमत के पटाखे बरामद होने से अवैध रूप से पटाखा का कारोबार करने वाले कारोबारी में हड़कंप का माहौल है।

## बाढ़ के पानी में डूबने से बालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर लोनियन पुरवा निवासी पूरन का 2 वर्षीय पुत्र अल्पत घर के बाहर खेल रहा था। बताते हैं कि गांव के आसपास खेतों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। खेलते खेलते बालक गांव के बाहर खेत में पहुंच गया। खेत में बाढ़ का पानी भरा हुआ था, इसी बीच बालक खेत में गिर गया। बालक बाढ़ के पानी में डूब गया। ग्रामीणों ने बालक को आनन फ़ानन पानी से बाहर निकाला। इसके बाद परिजन बालक को लेकर अस्पताल पहुंचे। वहां पर डॉक्टरों ने बालक को मृत घोषित कर दिया।

# थानों पर आयोजित किए गए संपूर्ण थाना समाधान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** शनिवार को जिले के सभी थानों पर संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल खैराबाद थाने में मौजूद रहे। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने शिकायतों को सुना और उनके निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

अधिकारियों ने राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाए।

## दहेज उत्पीड़न का दंश झेल रही एक बच्चे की मां

**अमेठी।** दहेज उत्पीड़न का दंश झेल रही मासूम की मां तीन साल से अपने बाप के घरअब बोझ बनकर रह रही है पुलिस ने दहेज प्रतिशोध का मुकदमा भी दर्ज किया लेकिन गिरफ्तारी नही हो सकी वही न्यायायालय ने भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। दरअसल मामला मो. हनगंज थाना क्षेत्र के रस्तामऊ गांव का है जहां निवासी मुजम्मिल हुसैन पुत्र जलील का निकाह सामाजिक व धाल्मक रीति रिवाज से 4 वर्ष पूर्व पूरे सूबेदार बहुआ निवासी इसरार की पुत्री सबीना के साथ हुआ बाप ने बेटी को हैशियत के मुताबिक दहेज भी दिया लेकिन अधिक दहेज के लिए पति सास ननद आदि तभी से उत्पीड़न करने लगे पति से एक पुत्र भी हुआ।

# लोकनायक जयप्रकाश की जयंती पर समाजवादियों ने लिया लोकतंत्र व सामाजिक न्याय की रक्षा का संकल्प : अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने शनिवार को प्रदेश मुख्यालय सहित सभी जिलों में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार ने जयप्रकाश जी के नाम पर जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) सोशलिस्ट म्यूजियम बनवाया था, जिसे भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार इसे बेचना चाहती है, लेकिन समाजवादी पार्टी संकल्प लेती है कि जेपीएनआईसी किसी भी हालत में नहीं बिकने देगी और समाजवादी सरकार आने पर इसे फिर से और बेहतर रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र समाजवादियों की भावनाओं और राजनीतिक विरासत से जुड़ा है, जिसे छिपाकर भाजपा सरकार ने जनता से दूर कर दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि जयप्रकाश नारायण ने आज़ादी की लड़ाई में अंग्रेजों से संघर्ष किया और बाद में सत्ता के भ्रष्टाचार, अन्याय और निरंकुशता के विरुद्ध सम्पूर्ण क्रांति का आह्वान कर जनता को जगाया। उन्होंने कहा कि जिस तरह जयप्रकाश जी ने उस समय की अजेय समझी जाने वाली सरकार को हटाने का काम किया, आज देश को फिर से उसी मार्ग की आवश्यकता है। समाजवादियों का संकल्प है कि जनता को संगठित कर इस तानाशाही और अत्याचारी भाजपा सरकार को हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण का सम्पूर्ण क्रांति का नारा आज भी उतना ही प्रासंगिक है। समाजवादी पार्टी जमीन पर संघर्ष करेगी और जनता को जागरूक कर लोकतंत्र की रक्षा करेगी। समाजवादी सिद्धांत आज भी अडिग हैं, और जिन कारणों से जयप्रकाश जी को जनता के बीच उतरना पड़ा था। महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और अन्याय वे सभी परिस्थितियां आज भी मौजूद हैं। रायबरेली की दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की हत्या का उल्लेख करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सरकार न अपराध रोक पा रही है, न न्याय दे पा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच ही जब बुलडोज़र जैसी हो जाएगी।

# श्रीमद् भागवत कथा प्रथम दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तिलोई अमेठी।** में शुक्रवार पूरे दान वैश्य मजरे मेढौना में ब्लाक प्रमुख मुन्ना सिंह द्वारा करवाए जा रही श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस के अवसर पर पूज्य महाराज जी नें कहा कि इस संसार को भवसागर कहा गया है,

क्योंकी जिस प्रकार सागर के दो छोर होते हैं परन्तु दिखता एक ही है उसी प्रकार जन्म और मृत्यु भी इस संसार रूपी सागर के दो छोर हैं जिसमें जन्म तो दिखता है परन्तु मृत्यु किसका कब होगा। ये पता नही इसलिएं इस संसार को भवसागर कहा गया है और ये भागवत जी की कथा इस संसार सागर से पार जानें की नौका है जिस पर बैठकर संसार का सामान्य मनुष्य भी भगवान के परमपद को प्राप्त कर सकता है। महाराज जी नें कहा जो भगवान का है वही भागवत है पूरी भागवत जी की कथा में समय - समय पर . भगवान के भक्तों की कथा सुनाया गया है। महाराज जी नें कहा कि ये भागवत जी



की कथा को सप्ताह ज्ञान यज्ञ कहत हैं क्योंकि इसमें अपने अज्ञान की आहुति देकर भगवत तत्व को जाना जा सकता है। भागवत जी में सूत जी महाराज शौनकादि ऋषियों को कथा सुना रहें हैं शौनक ऋषियों नें सूत जी से भगवत प्राप्ति का सबसे सरल उपाय पूछा है सूत जी नें सभी शास्त्रों के सार रूप में श्रीमदभागवत की कथा सुनाई है जो इस कलियुग के ताप को शान्त करके मुक्ति दिलानें में सर्वथा सक्षम है क्योंकि व्यक्ति का जीवन दीर्घ हो या न हो दिव्य होना चाहिए हमारा जीवन सफल हो या न हो सार्थक अवश्य होना चाहिए।

शौनकादि ऋषियों नें नारद जी को हरिद्वार में गंगा जी के पावन तट पर कथा सुनाई है शौनक जी नें कहा कि भागवत जी के श्रवण मात्र से व्यक्ति का पाप ताप नष्ट हो जाता है इस सिद्धान्त के उदाहरण स्वरूप शौनक जी नें नारद जी को अजामिलो अजामिलोपाख्यान सुनाया है सभी श्रोता समाज महाराज जी के श्री मुख से कथा का श्रवण करके आनंदित हो उठा। गौरतलब हो कि श्रीमद्भागवत पुराण कथा शुभारंभ से पहले हजारों पीत वस्त्र धारी माताओं बहनों ने कलशयात्रा निकाली जिसमें ब्लाक प्रमुख मुन्ना सिंह उनकी धर्मपत्नी गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह सहित राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह उनके सुपुत्र मृगांकेशवर शरण सिंह, ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, कौशलेंद्र सिंह बंटी, सहित हजारों की संख्या में माताएं बहनें शामिल हुई और कथा का श्रवण भी किया।

## एडीएम व एएसपी ने किया जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी (वित्त) उमेश चन्द्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने शनिवार को जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिका. रियों ने सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली देखी तथा महिला बैरक में निरुद्ध महिलाओं से खानपान आदि के संबंध में जानक. ारी ली। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार कैदियों को दूरभाष पर वार्ता की सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाए।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ईएनएचएम एण्ड डीएम) लखनऊ के द्वारा ई टेंडर संख्या 31-EnHM-AMC-HREBEMCO-25 के अंतर्गत एकल निविदा आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 03.11.2025, 15:00 है जो उसी दिन 15:30 बजे वैबसाइट पर खोले जाएगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल आफर स्वीकार्य नहीं होंगें। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। टेंडेरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल through online payment mode जो की IREPS पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | कम्प्रेहेन्सिव एनुअल मेन्टेनेन्स कान्ट्रैक्ट आफ बेम्को मेक हायड्रोलिक री-रेलिंग इक्युपमेन्ट वन सेट ईच ऐट ए.आर.टी. लखनऊ एण्ड टूल वैन वाराणसी आफ लखनऊ डिवीजन फार द पीरियड आफ फाइव इयर्स। | | |
| निविदा टाइप | एकल निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 03.11.2025 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 13.10.2025 |
| प्री बिड येस/नो | नो | प्री बिड कुएरी डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (₹) | 77,20,757.70 (Including GST) | टेण्डरिंग सेक्शन | टेण्डर ओएफ (ईएनएचएम एण्ड डीएम) |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच शिड्यूल आइटम | बिडिंग यूनिट | % एज अबव/बिलो/एट पार |
| धरोहर राशि (₹) | 1,54,500.00 | आफर की वैधता | 45 दिन |
| निविदा मूल्य (₹) | 0.00 | कार्य की अवधि | 60 माह |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 20.10.2025 | | |

No: 31-EnHM-AMC-HREBEMCO-25 दिनांक: 11.10.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3153/2025

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मेला क्षेत्र में खड़ी फसलें बनीं समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** गंगा मेला तिगरी में गंगा रोड और मेला क्षेत्र में करीब खड़ी फसलें समस्या का कारण बन गई हैं। इनमें से करीब लगभग दो सौ बीघा भूमि प्रशासनिक अधिकारियों व उनके परिजनों की बताई जाती हैं, जिन पर गन्ने की फसलें खड़ी हैं। शनिवार को एसडीएम ने तिगरी पहुंचकर मेला क्षेत्र में आ रही फसलों को तुरंत खाली कराने के निर्देश दिए, उन्होंने अपने माध्यम से हसनपुर क्षेत्र के कुछ कोल्हू संचालको से गन्ना किसानों की बात कराई, ताकि किसानों को उनकी फसलों का कुछ न कुछ मूल्य अवश्य मिल सके। बता दें कि इस गंगा के कटान के चलते मेले की चौड़ाई कम और लंबाई ज्यादा है। लंबाई अधिक होने के कारण मेला क्षेत्र में फसलें खड़ी हैं। इनमें गन्ने की मात्रा सबसे ज्यादा है। बिना फसलें काटे मेला का आयोजन संभव नहीं है। शनिवार को एसडीएम/मेला मजिस्ट्रेट विभा श्रीवास्तव एवं तहसीलदार मूसाराम थारू तिगरी पहुंचे और उन्होंने खेत स्वामियों और कोल्हू संचालकों के बीच वार्ता कराई, हालांकि वार्ता पूरी तरह से सफल नहीं हो सकी लेकिन एसडीएम ने खेत स्वामियों को निर्देश दिया कि वे सात दिन के भीतर अपनी फसलें जरूर खाली करें। वहीं एसडीएम ने हल्का क्षेत्र के लेखपालों को मेला क्षेत्र की निशानदेही करके चिन्ह आदि लगाने के निर्देश दिए ताकि उसके अन्तर्गत आने वाले खेतों की फसलों को शीघ्रता से कटवाया जा सके। बताया जाता है कि इनमें से करीब दो सौ बीघा भूमि पर बने दो कृषि फार्म प्रदेश सरकार के एक वर्तमान अधिकारी और एक भूतपूर्व अधिकारी के भी हैं।

इस बार गंगा मेले की लंबाई अधिक होने के कारण छोटे बड़े 120 से अधिक किसानों की लगभग 980 बीघा भूमि पर फसलें खड़ी हैं। इनमें से दो सौ बीघा भूमि एक वर्तमान और एक पूर्व अधिकारी की हैं। इसके अलावा मोहरकापट्टी के किसानों की भी काफी बड़े बड़े खेत इसमें शामिल हैं।

।शनिवार को गन्ना खरीदने की इच्छा में पहुंचे हसनपुर क्षेत्र के रझोहा गांव के कोल्हू संच. ालक भूपेन्द्र, चन्द्रपाल, मनोज, सतेन्द्र आदि ने किसानों के समक्ष 100 एवं 200 प्रति कुन्तल दाम रखे, लेकिन किसानों ने कहा कि यह दाम नाकाफी हैं, इससे बेहतर वे अपने गन्ने पर ट्रैक्टर चलवा देंगे, क्योंकि गन्ना कटवाने में भी काफी व्यय होगा। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि किसान और कोल्हू संचालक आपस में वार्ता करके मूल्य निर्धारित कर लें, लेकिन शीघ्र अतिशीघ्र फसलों को कटवाएं ताकि मेले आयोजन में किसी प्रकार की अड़चन सामने न आए।

इस बार कई महीने तक गंगा के जलस्तर में भारी वृद्धि रही और गंगा ने तेजी से कटान किया। इस बार कटान करने के कारण गंगा के तटीय क्षेत्र की चौड़ाई काफी घट गई है और मेले को इस बार लंबाई में ही सृजित किया जाएगा। पहले मेला चौड़ाई में लगा था।



गजरौला। तिगरी में मेला क्षेत्र का जायजा लेतीं एसडीएम विभा श्रीवास्तव।

# भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के सगे भतीजे दीपेंद्र सिंह कोश्यारी को उत्तराखंड में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर गजरौला के एक होटल में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए दीपेंद्र सिंह कोश्यारी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत की साख बढ़ी है। आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था भी तेजी से बढ़ रही है, यही कारण है कि दुनिया के बड़े से बड़े देश भी भारत के साथ सम्बंध बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दोनों प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं।। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में बनी डबल इंजन सरकार की बदौलत ही हमारे देश प्रदेश आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हुआ है। आज हमारे देश के युवा हर क्षेत्र में प्रयासरत है। इस मौके पर अनुज प्रधान, मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, सतीश चौधरी, मुकेश गोयल, बृजपाल चौधरी, हैप्पी प्रधान, आशु चौधरी, राकेश सिंह, मनोहर सिंह, सुनील चौहान, अमित चौहान, धर्मेंद्र, प्रिंस चौधरी, वीरेंद्र सिंह, विपिन चौधरी, विवेक चौधरी आदि मौजूद रहे।

# कृष्ण महारास लीला से पूर्व निकली कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** क्षेत्र के गांव मछरई मार्ग स्थित मनोटा त्रिमूर्ति शेषनाग धाम आश्रम में आयोजित होने वाली श्रीकृष्ण महारास लीला से पूर्व संध्या पर एक सो इक्कावन कलश के साथ यात्रा निकाली गई। जहां महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं वहीं यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। शनिवार को श्री श्री एक हजार आठ महामंडलेश्वर स्वामी हर मनोज दास महाराज ने बताया कि बारह अक्टूबर से प्रारंभ होने वाली श्री कृष्ण महारास लीला की पूर्व संध्या पर कलश यात्रा निकाली गई है। जहां एक सो इक्कावन कलश लेकर महिलाएं सर पर स्थापित कलश लेकर चल रही थीं। वहीं कलश यात्रा आश्रम से मुख्य मार्ग होते हुए मनोटा गांव स्थित शिव मंदिर से वापस आश्रम पर आकर संपन्न हुई। इस दौरान कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि बारह अक्टूबर से श्री कृष्ण महारास लीला प्रातः ग्यारह बजे प्रारंभ की जाएगी। और तेरह अक्टूबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव रासलीला का प्रसंग सुनाया जाएगा। और चौदह अक्टूबर को पूतना वध लीला का प्रसंग सुनाया जाएगा।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** तीन बच्चों के पिता ने एक किशोरी के साथ सरकारी योजना का लालच देकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया तो वहीं किशोरी के आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि का दुरूपयोग करते हुए उच्च न्यायालय से निकाह की रिट भी दायर कर दी। इस बात का पता चलने पर युवती के परिजनों के पैरों के तले से जमीन खिसक गई। युवती की दादी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार नगर के

**सरकारी योजना का लाभ दिलाने के बहाने दिया घटना को अंजाम**

एक मोहल्ला निवासी 14 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर मोहल्ले के एक व्यक्ति ने कहा कि तेरे पिता का साया भी उठ चुका है, इसलिए वह सरकारी योजना का लाभ दिलाकर उसे एक लाख रूपये दिला देगा, इसलिए अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि दे दो। किशोरी ने गरीबी के कारण अपने अभिलेख उसे दे दिए, आरोप है कि उस व्यक्ति ने किशोरी के साथ कई बार दुष्कर्म किया। इसके बाद उसके आधार कार्ड आदि का दुरूपयोग करते हुए उसका फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवा लिया और उसके उच्च न्यायालय में निकाह के लिए रिट भी दायर कर दी। 01.10.2025 को जब पुलिस किशोरी के घर पर गई तो उस व्यक्ति के इरादे का पता चला। अब इस प्रकरण में किशोरी की दादी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी व्यक्ति के विरूद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने कहा कि तहरीर मिली है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी का खुलासा न हुआ तो करेंगे अनशन



## भाकियू बीआर अम्बेडकर ने चेताया

**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** भारतीय किसान यूनियन बी.आर. अंबेडकर ने चोरी की घटना का खुलासा न होने और पुलिस प्रशासन की कथित अनदेखी के विरोध में कड़ा रुख अपनाया है। यूनियन ने घोषणा करते हुए कहा कि यदि जल्द ही चोरी का खुलासा नहीं हुआ और सामान बरामद नहीं किया गया तो वह 15 अक्टूबर 2025 को अमरोहा स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर एक विशाल किसान महापंचायत का आयोजन करेंगे।यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी ने आरोप लगाया है कि ग्राम ककरौआ गुर्जर के एक किसान के घर हुई चोरी के संबंध में थाने के एसएचओ ने पहले एफआईआर दर्ज करने से इंकार कर दिया था। उन्होंने बताया कि बाद में, एक एसआई ने सामान वापस दिलाने का आश्वासन दिया। जिस पर किसान ने हस्ताक्षर किये थे। हालांकि बाद में एसआई ने सामान बरामद न होने की बात कही। आगे कहा गया है कि अगले दिन अखबारों में यह खबर प्रकाशित हुई कि एसपी अमरोहा द्वारा गांव के नाम से चोरी का खुलासा कर दिया गया है। इस आंदोलन को समर्थन देने वाले कई किसानों के नाम और हस्ताक्षर भी पत्र पर दर्ज हैं। जिनमें जिलेराम सिंह गुर्जर, जय सिंह गुर्जर, अत्तन गुर्जर, सोमपाल गुर्जर, मुनीम गुर्जर, विकास गुर्जर और अन्य शामिल हैं।

# पटाखा फैक्ट्री का निरीक्षण कर परखी सुरक्षा

## क्षमता से अधिक न हो भण्डारण

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** शनिवार को एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी और पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने सुरक्षा मानकों की जांच के लिए रावत फायर वर्क्स पटाखा फैक्ट्री चकौरी मार्ग और रहरा थाना क्षेत्र की विनी निर्माण भंडारण विक्रय इकाई भावली मार्ग का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण अयोध्या में हुए विस्फोट एवं दीपावली पर्व के चलते किया गया। अधिकारियों की टीम ने विशेष रूप से अग्निशमन यंत्रों, बारूद रखने की उचित व्यवस्था, पानी की आपूर्ति, और अन्य सुरक्षा मानकों की गहनता से जांच की। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित किया गया कि फैक्ट्री में रखे गए बारूद से संबंधित कागजात मानक के अनुसार सही हैं या नहीं। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने निरीक्षण के बाद बताया कि दोनों स्थानों पर सभी सुरक्षा व्यवस्थाएं ठीक पाई गईं। अधिकारियों ने इस बात की भी जांच की कि कहीं तैयार माल का भंडारण क्षमता से अधिक तो नहीं किया जा रहा है और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है। प्रशासन ने सख्त चेतावनी दी है कि सभी पटाखा फैक्ट्रियों के लिए सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य है। हालांकि, रावत फायर वर्क्स के संचालक ने अभी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है, फिर भी प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से यह निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम में सीएफओ और रहरा थानाध्यक्ष भी मौजूद रहे।



# उजाला का राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** 05 से 07 अक्तूबर के मध्य अयोध्या में आयोजित प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी स्पर्धा में श्री नारायण स्मारक इण्टर कॉलेज की छात्रा

**प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने किया उत्साहवर्धन**

उजाला ने तृतीय स्थान प्राप्त करके 'रेडर ऑफ स्टेट' का खिताब अपने नाम किया और परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया। अब छात्रा उजाला 03 नवम्बर को हरियाणा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। छात्रा को इस उपलब्धि पर प्रबंधक दीपा सिरोही, संस्थापक अनिल सिरोही व प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह ने हर्ष व्यक्त किया और मनोबल बढ़ाया।

# एकता रैली को आज संबोधित करेंगे जयंत



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी रजबपुर में आज एकता रैली को संबोधित करेंगे। रविवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी नेहरू स्मारक इंटर कालेज रजबपुर में एकता रैली को संबोधित करने आ रहे है। पार्टी नेता पीछले कई दिनों से लगातार गांवों में किसानों से जनसम्पर्क कर जयंत की रैली को सफल बनाने की अपील कर रहे है। केन्द्र व प्रदेश की सत्ता में शामिल होने के बाद जयंत की यह जिले में पहली रैली है। चूंकि 2027 में प्रदेश में विधान सभा चुनाव होने है जबकि अगले साल पंचायत के चुनाव भी होंगे। जिसके के लिये पार्टी ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। नौगावां व धनौरा विधानसभा में जाट मतदाता निर्णायक स्थिति में हैं। ऐसे में जयंत चौधरी भाजपा से गठबंधन के तहत जिले में एक सीट पर अपना दावा ठोंक सकते हैं। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर भी जाटों की नजर है। इसी नजरिये से जयंत की रैली को अहम माना जा रहा है।

रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह व जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने दावा किया कि रालोद की यह रैली ऐतिहासिक होगी। जिसमें भारी संख्या में किसान पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि 12 बजे जयंत चौधरी दिल्ली से कार द्वारा यहां पहुंचकर रैली को संबोधित करेंगे।

# जुबिलेंट की सामुदायिक सहभागिता बैठक आयोजित

## आग की घटनाओं को लेकर दिखाया मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में आयोजित बैठक में साम. ुदायिक सहभागिता के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक का शुभारम्भ यूनिट हेड विनोद झा ने आमंत्रित प्रबुद्धजनों के संग दीप प्रज्जवलित करके किया।

बैठक में यूनिट हेड ने कंपनी द्वारा सीएसआर के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की बिंदुवार जानकारी दी। बताया कि जुबिलेंट शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, रोजगार आदि के क्षेत्र में सतत कार्य कर रही है। ओपन सेशन में शिक्षक भारतभूषण अग्रवाल, रिटायर्ड एडीओ खड्ग सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने कंपनी को लेकर अफवाहों से भी सावधान रहने को कहा, बताया कि कंपनी सेफ्टी और पर्यावरण संरक्षण को लेकर पूरी तरह गंभीर है। बैठक में जीबीएफ के प्रयास से संचालित दीदी की दुकान को यूनिसेफ द्वारा वेबसाइट पर लांच करने पर हर्ष व्यक्त किया गया। संचालन डा. पृथी सिंह ने किया। इस मौके पर सीएसआर कार्यक्रम अधिकारी विशाल गौरव, मेडिकल हेड डा.सुजिंदर फोगाट, सेफ्टी हेड रबिंद्र झा, प्रताप महापात्र, पुनीत तिवारी, अनुपम सिंह, रविराज सिंह, तेजवीर सिंह अलूना नवीन गर्ग, हाजी अब्दुल सलाम, श्यौनाथ सिंह प्रजापति, देवेंद्र पाल शर्मा, विनीता गर्ग, ऋषिबाला अग्रवाल, चंदन प्रसाद, बूंदी सिंह मौजूद रहे।



# छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव के उपाय बताए



## ब्लू बर्ड्स स्कूल में हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** महिला सशक्तिकरण एवं जेंडर मुद्दों व सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शनिवार को ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में एक भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने कहा कि आज महिलाएं पुरुषों से केवल शारीरिक शक्ति में भिन्न हैं, लेकिन मानसिक, सामाजिक और व्यावसायिक क्षमता में वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। सरकार महिलाओं की सुरक्षा, स्वाभिमान और सम्मान के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति सचिन महेश्वरी ने कहा कितना समय बीत जाने के बाद भी आज हमें महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा की बात करनी पड़ रही है तो यह निश्चित ही शोध का विषय है। मिशन शक्ति से पहले शक्ति की बात करनी होगी। मिशन शक्ति केवल प्रशासन का आंदोलन नहीं यह समाज का आंदोलन। उन्होंने कहा कि केवल बच्चियों को युवाओं को भी जागृत करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख आशा चन्द्रा, प्रबंधक राहुल अग्रवाल, निर्देशिका राखी अग्रवाल, प्रधानाचार्या अंजिली दुबे, केसरी अग्रवाल, बीएसए मो. निका सिंह, एसडीएम विभा श्रीवास्तव, एसडीएम सुनीता सिंह, बीडीओ प्रतिभा अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, संध्या गुप्ता, मीना आर्या, कमला अग्रवाल, कुसुमलता गोयल, सोनिया अग्रवाल, पल्लवी सिंघल, मनु यादव, पूनम चौधरी, नीतू सिंह, अक्षय अग्रवाल, अजय कौशिक आदि मौजूद रहे।

# पीसीएस प्री परीक्षा में 7 हजार अभ्यर्थी होंगे सम्मिलित

## 14 केन्द्रों पर होगी पीसीएस, एसीएफ व आरएफओ प्री. परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** आज होने वाली पीसीएस व एसीएफ व आरएफओ की परीक्षा के लिये कड़े इंतजाम किये गये है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटी कैमरों से निगरानी की जायेगी। परीक्षा के लिये कुल 14 केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। दो पालियों में परीक्षा सम्पन्न कराई जायेगी। 7008 अभ्यार्थी परीक्षा में शमिल होंगे।

जिले में आज से अभ्यार्थियों को रैला रहेगा। आज होने वाली पीसीएस, एसीएफ व आरएफओ की परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षा को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट को खास दिशा निर्देश दिये गये है। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न कराई जायेगी। सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जायेगी। पहली पाली सुबह साढ़े नौ से साढ़े 11 बजे तक होगी। जबकि दूसरी पाली 2 बजकर तीस मिनट से सांय सढ़े चार बजे तक चलेगी। इस बार परीक्षा के लिये शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों को भी केन्द्र बनाया गया है। सभी अभ्यार्थियों को कड़ी सर्च के बाद भी परीक्षा केन्द्र में ऐंट्री दी जायेगी। केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये गये है कि यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका दिखाई दे तो तुरंत अधिकारियों को सूचित करें। लापरवाही किसी भी हाल में सह नहीं की जायेगी। उधर परीक्षा लिये सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट को भी जिम्मेदारी सौंप दी गई है। सीटिंग प्लान कर दिया गया है। सभी केन्द्रों पर अभ्यार्थियों के लिये सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। प्रकाश, पानी, शौचालय आदि की दिक्कत नहीं होगी। केन्द्रों के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। ताकि किसी भी दिक्कत से समय से निपटा जा सके। उधर अभ्यार्थियों को जाम की समस्या से न जूझना पड़े इसके लिये यातायात विभाग द्वारा रूट भी डावयर्ट कर दिया गया है। कार समेत भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह शहर में प्रतिबंधित रहेगा। जो इसका उल्लंघन करेगा उस पर कार्रवाई की जायेगी। अभ्यार्थियों के लिये वाहन पार्किंग की भी व्यवस्था कर दी गई है।

### इन केन्द्रों पर आज होगी परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** परीक्षा के लिये 14 केन्द्र बनाये गये है। नगर में जीजीआईसी, कुंदन इंटर कालेज, आईएम इंटर कालेज तथा एकेके इंटर कालिज को केन्द्र बनाया गया है। जेएस पीजी कालेज ब्लाक ए, जेएस पीजी कालेज ब्लाक बी पर भी परीक्षा होगी। गांधी विद्यालय इंटर कालेज व राष्ट्रीय इंटर कालेज मंडी धनौरा, ज्ञान भारती इंटर कालेज, शिव इंटर कालेज गजरौला, भगवत सरन इंटर कालेज जोया, सिख इंटर कालेज जोया, श्रीराम किसान इंटर कालेज नौगावां सादात को केन्द्र बनाया गया है। सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के चौक चौबंध इंतजाम किये गये है।

# आमदनी बढ़ाने पर ध्यान दें किसान: ढिल्लो



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि किसान सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आमदनी बढ़ायें। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों की हर समस्या का समाधान किया है। किसानों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आय बढ़ानी चाहिए। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण मैत्री प्रमाण पत्र का वितरण किया जबकि ढिल्लो ने दीपावली पर गोबर व मिट्टी से बने दीप जलाने का आह्वान किया।

# अखिलेश ने अपने शासन में किया दलितों का अपमान: निर्मल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य डा. लालजी प्रसाद निर्मल ने शनिवार को कहा कि 2017 से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) का शासनकाल दलितों के अपमान, भ्रष्टाचार और परिवारवाद का प्रतीक था।



उन्होंने कहा कि जिस समय पूरे देश में बसपा संस्थापक कांशीराम के नाम से बने संस्थानों को सम्मान दिया जा रहा था, उसी समय अखिलेश यादव ने उनके नाम को मिटाने का काम किया। डा. निर्मल ने कहा कि लखनऊ का उर्दू-अरबी-फारसी विश्वविद्यालय, जो मान्यवर कांशीराम के नाम से था, उससे नाम हटाया गया। यही नहीं, कांशीराम के नाम से चलने वाली सभी सरकारी योजनाओं के नाम भी बदल दिए गए। यह कृत्य दलितों के सम्मान पर गहरी चोट थी। उन्होंने कहा कि बहन मायावती की रैली ने समाजवादी पार्टी के असली चरित्र का पर्दाफाश कर दिया है जो दलित विरोधी और महापुरुषों के प्रति अपमानजनक रवैया रखने वाली पार्टी है। सपा सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के प्रतीक बने जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इस परियोजना की शुरुआत 200 करोड़ रुपये की लागत से हुई थी, लेकिन 2017 तक इसकी लागत बढ़कर 867 करोड़ रुपये हो गई और फिर भी परियोजना अधूरी रही। ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत से यह केंद्र 'कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार का अड्डा' बन गया। उन्होंने बताया कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने आते ही जेपीएनआईसी समिति को भंग कर यह परियोजना एलडीए के सुपुर्द की, ताकि इसे पारदर्शी तरीके से पूरा किया जा सके।

सरकार ने 882-74 करोड़ रुपये की धनराशि ऋण के रूप में स्थानांतरित कर दी है, जिसे 30 वर्षों में लौटाया जाएगा। अब इस परियोजना के अंतर्गत आधुनिक ऑडिटोरियम, कन्वेंशन सेंटर, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मल्टीपरपज कोर्ट और मल्टीलेवल पार्किंग (750 वाहनों की क्षमता) का निर्माण कराया जा रहा है। इसे अब इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की तर्ज पर लर्निंग सेंटर के रूप में जनता के लिए खोला जाएगा, न कि अखिलेश यादव के शासनकाल में लूट के केंद्र के रूप में। डा. निर्मल ने कहा कि अखिलेश यादव जिस कांग्रेस के साथ आज गलबहियां कर रहे हैं, उसी कांग्रेस ने देश में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का अपमान किया था। यह वही कांग्रेस है जिसने बाबा साहब को भारत रत्न देने में देरी की, उनके नाम पर कोई प्रतिमा नहीं लगवाई और प्रमोशन में आरक्षण के बिल को संसद में फाड़ दिया। उन्होंने कहा कि अब अखिलेश यादव संविधान की किताब लेकर घूम रहे हैं ताकि अपने पापों को छुपा सकें, लेकिन जनता सब जान चुकी है। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी ने न सिर्फ दलितों के आरक्षण का विरोध किया, बल्कि लाखों दलित कर्मचारियों का रिवर्जन कर दिया, उनकी जमीनों पर अवैध कब्जे कराए और उत्पीड़न किया। 2012 से 2017 के बीच डा. आंबेडकर स्मारक में रातभर अंधेरा रहता था, लाइटें बंद थीं, पत्थर टूटे पड़े थे, पीतल की पटिकाएं उखाड़ी गई थीं। सपा ने स्मारकों को नष्ट करने का काम किया। इसके विपरीत, योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़ी ईमानदारी से बाबा साहब आंबेडकर की धरोहरों का संरक्षण और सौंदर्यीकरण किया। उन्होंने कहा कि डा.बाबा साहब आंबेडकर हमारी आस्था के केंद्र हैं। भारतीय जनता पार्टी ने न केवल उनके विचारों को सहेजा, बल्कि उनके सभी पांच तीर्थ स्थलों का विकास किया, दलितों को आर्थिक सशक्तिकरण दिया, संसद और विधान परिषद में प्रतिनिधित्व बढ़ाया। यही सच्चा सामाजिक न्याय है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां परिवारवाद की कोई जगह नहीं, अध्यक्ष और नेताओं का चयन लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होता है। जबकि कांग्रेस, सपा और बसपा जैसी पार्टियां परिवारवाद को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने कहा कि जो कहते हैं कि बसपा को योगी आदित्यनाथ की जरूरत है, उन्हें यह समझना चाहिए कि योगी जी ने जिस ईमानदारी और पारदर्शिता से बाबा साहब के स्मारकों को सम्मान दिया है वह किसी अन्य सरकार ने कभी नहीं किया।

# मायावती की रैली से लोगों में निराशा: अवधेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती की लखनऊ में हुई महारैली पर अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद ने सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि रैली में जो लोग आए थे, उन्हें निराशा हाथ लगी क्योंकि मायावती ने अपने भाषण में योगी सरकार की तारीफ की और जो लखनऊ गए थे वह योगी और भाजपा की तारीफ सुनने नहीं आए थे, उन सबको निराशा हाथ लगी है।



अयोध्या के स्थानीय होटल में पत्रकारों से बात करते हुए अवधेश प्रसाद ने कहा ष मायावती का सम्मान करते हुए भी मुझे कहना पड़ रहा है कि उन्होंने जो रास्ता मान्यवर काशीराम और डॉ भीमराव अंबेडकर का दिखाया था, उससे बसपा सुप्रीमो भटक गई हैं। उन्होंने कहा कि रैली में आए लोगों को निराशा हाथ लगी। मायावती ने योगी सरकार की तारीफ की, जो दलितों और गरीबों के लिए लड़ने वाले लोगों के लिए निराशाजनक है। सांसद अवधेश प्रसाद ने मायावती का सम्मान करते हुए उन्हें बहन जी कहा, लेकिन साथ ही उनके बयानों की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि मायावती को दलितों और गरीबों के मुद्दों पर और मुखर होना चाहिए।

## संतकबीरनगर में 14 केंद्रो पर होगी पीसीएस परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश के संतकबीर नगर जिले में रविवार को 14 केन्द्रो पर पीसीएस की परीक्षा सम्पन्न होगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट और एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात होंगे। सरकारी सूत्रों के अनुसार परीक्षा दो सत्रों में संपन्न होगी। पहला सत्र पूर्वाहन 9:30 बजे से 11:30 बजे तक व अपराहन 2:30 बजे से 4:30 बजे तक संपन्न होगी। जिसमें कुल 5664 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन, पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से परीक्षा संचालित कराने के लिए सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।

# अखिलेश यादव के फेसबुक अकाउंट सस्पेंड होने पर बिफरे सपा नेता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। पार्टी नेताओं ने विपक्ष की आवाज़ दबाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा है।




सपा नेता फखरुल हसन चांद ने एक्स पर लिखा ष देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी का फेसबुक अकाउंट सस्पेंड करना लोकतंत्र पर हमला है। भाजपा सरकार ने देश में अघोषित आपातकाल लगा दिया है, जहां वह विपक्ष में उठने वाली हर आवाज़ को दबाना चाहती है। समाजवादी पार्टी भाजपा की जनविरोधी नीतियों का विरोध करती रहेगी। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और सांसद राजीव राय ने भी इस कृत्य की निंदा करते हुए कहा कि यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर एक प्रहार है। उन्होंने लिखा ष देश की संसद में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, माननीय श्री अखिलेश यादव जी का फेसबुक द्वारा अकाउंट ब्लॉक करना न केवल निंदनीय है, बल्कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भी कुठाराघात है।

अगर भाजपा ने ऐसा किया है, तो यह एक ष्गलतीष् है। अगर यह सत्ताधारी दल के इशारे पर किया गया है, तो यह कायरता की निशानी है।

समाजवादियों की आवाज़ दबाने की कोशिश एक गलती है। समाजवादी पार्टी के एक अन्य नेता पवन पांडे ने भी अखिलेश यादव की आवाज़ दबाने के लिए फेसबुक की आलोचना की और कंपनी से अपनी सीमाओं का सम्मान करने का आग्रह किया। पांडे की एक्स पोस्ट में लिखा था, फेसबुक ने आज अपनी सारी हदें पार कर दीं, बिना किसी चेतावनी या सूचना के, उसने अखिलेश यादव जी का आधिकारिक पेज सस्पेंड कर दिया। यह कोई साधारण अकाउंट नहीं है। इसने अखिलेश यादव जी की आवाज़ को दबाने की घिनौनी कोशिश की है, जो भारतीय लोकतंत्र और करोड़ों लोगों की आवाज़ है! फेसबुक को अपनी सीमाओं का ध्यान रखना चाहिए-वह लोकतंत्र को चुप नहीं करा सकता। समाजवादियों को फेसबुक को होश में लाने का समय आ गया है! ऐसा अहंकार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### इंस्टाग्राम पर सक्रिय हनी ट्रैप गिरोह किशोरों को बना रहा शिकार

**संतकबीरनगर।** इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जहां अश्लील सामग्रियों की भरमार है वहीं खासतौर पर इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर सक्रिय हनीटैप गिरोह अब स्कूली बच्चों और किशोरों को शिकार बना रहा है। इसी तरह की एक घटना उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर जिले के थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में घटित हुई जिसमें 12वीं कक्षा के एक छात्र को हनीटैप का शिकार बनाकर पहले उससे वसूली की गई और बाद में उसके परिजनों को भी शिकार बनाया गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है वहीं छात्र के परिजन बच्चे के भविष्य को लेकर काफी परेशान हैं। सोशल मीडिया के दौर में जहां इंस्टाग्राम युवाओं के लिए अभिव्यक्ति और मनोरंजन का मंच बना हुआ है, वहीं अब यही प्लेटफॉर्म कई युवाओं के जीवन में अंधकार फैलाने लगा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार संतकबीरनगर जिले के 12वीं के छात्र की मुलाकात इंस्टाग्राम पर एक युवती से हुई। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई, फिर वीडियो कॉल और मुलाकातों का सिलसिला बढ़ता गया। कुछ ही महीनों में यह वर्चुअल रिश्ता इतना गहरा हो गया कि छात्र युवती के घर तक जाने लगा, लेकिन कहानी ने खतरनाक मोड़ तब लिया जब उसी युवती ने अचानक ऑनलाइन दुष्कर्म की शिकायत दर्ज करा दी। जैसे ही मामला पुलिस तक पहुंचा, समझौते का खेल शुरू हो गया। आरोप है कि युवती के परिजनों ने छात्र के घर वालों से मोटी रकम की डिमांड की और समझौते के नाम पर दबाव बनाया गया। छात्र के नाबालिग होने के बावजूद वह पुलिस की गिरफ्त में है जबकि बाहर कुछ दलाल इस मामले में 'सुलह' कराने की कोशिश में जुटे हैं। यह सिर्फ एक छात्र की कहानी नहीं बल्कि एक चेतावनी है उन सभी युवाओं के लिए जो सोशल मीडिया पर बिना सोचे-समझे दोस्ती कर रहे हैं। इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर सक्रिय हनी ट्रैप गिरोह अब भोले-भाले किशोरों को निशाना बना रहे हैं। पहले चैट, फिर वीडियो कॉल, और फिर ब्लैकमेललग या झूठे मुकदमों के जरिए धन उगाही यही इस गंदे खेल का फार्मूला है।

### नाबालिग की हत्या के विरोध में सपा विधायक ने दिया धरना

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के इटियाथोक कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग की हत्या के विरोध में सपा नेत्री सिराथू की विधायक पल्लवी पटेल ने शनिवार को बलरामपुर मार्ग जाम कर सपा कार्यकर्ताओं संग धरना प्रदर्शन किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एक सप्ताह पूर्व इटियाथोक थाना क्षेत्र के भवानीपुर खुर्द गांव के मजरे बुधईपुरवा गांव के रहने वाले रमई के 15 वर्षीय पुत्र मंगल देव वर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मंगल देव जहां काम करता था, उससे थोड़ी दूरी पर उसका लहूलुहान शव पाया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है। गौरतलब हैं कि समाजवादी पार्टी की सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने मृतक नाबालिग के परिजनों से मुलाकात करने के बाद अपनी मांग को लेकर अपने समर्थकों के साथ गोंडा बलरामपुर मार्ग को जाम कर प्रदर्शन किया। जिससे गोंडा बलरामपुर मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। धरने के दौरान श्रीमती पटेल ने शासन प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि, प्रशासन एक दूसरे के ऊपर अपनी जिम्मेदारियां को डालते हुए अपनी जिम्मेदारियों से मुकर रहा है। एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद शासन प्रशासन या कोई भी अधिकारी मृतक परिवार का हाल-चाल लेने नहीं आया। औपचारिकताएं पूरी करते हुए एक आरोपी को जेल भेजने का काम किया गया है। जबकि धरातल पर वास्तविक जांच नहीं की गई है।

### बहराइच में अवैध कब्जे पर चला पालिका का बुलडोजर

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच नगर पालिका प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण और कब्जे को रोकने के लिए शुक्रवार शाम को बहराइच नगर के वजीरबाग इलाके में एक बड़ा अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान पालिका की ओर से निर्मित लगभग 18 अर्धनिर्मित दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया, जिन पर अराजक तत्वों ने कब्जा कर लिया था। नगर पालिंका ने कुछ समय पहले नगर कोतवाली के पास चिकमंडी क्षेत्र में मीट विक्रेताओं के लिए इन दुकानों का निर्माण शुरू किया था, लेकिन यह निर्माण कार्य अधूरा रह गया था। प्रशासन को जानकारी मिली थी कि कुछ अराजक तत्व इन अर्धनिर्मित दुकानों पर अवैध कब्जा कर रहे हैं और अनैतिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, नगर पालिका प्रशासन ने शुक्रवार को अभियान चलाकर इन सभी 18 दुकानों पर कार्रवाई की और उन्हें पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। नगर पालिका की अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि अर्धनिर्मित दुकानों पर अवैध कब्जे और अनैतिक गतिविधियों की लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

# फतेहपुर जाने से पहले ही पुलिस ने कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को हिरासत में लिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में बीते दिनों दलित समाज से आने वाले हरिओम वाल्मीकि की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

इस हत्याकांड के बाद परिजनों से मिलने जा रहे यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। अजय राय ने कहा कि भाजपा दलितों से नफरत करती है। हमें पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग करने से भी रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने हरिओम की हत्या की हैं, क्योंकि वह दलित था।



इस मामले को लेकर राहुल गांधी ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया था। इसी क्रम में यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय शनिवार को हरिओम वाल्मीकि के परिजनों से मिलने के लिए फतेहपुर जा रहे थे। फतेहपुर जाने की बात पर अड़े अजय राय समेत तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कांग्रेस की ओर से बताया गया कि उन्हें पुलिस लाइन ले जाया गया है।

कांग्रेस के नेताओं की मानें तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को पीड़ित दलित परिवार के घर जाने से रोक दिया गया।

वो कांग्रेस की तरफ से आर्थिक सहयोग देने के लिए फतेहपुर जा रहे थे। उनके साथ में सीतापुर से सांसद राकेश राठौर और पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी भी मौजूद थे। पुलिस ने सभी कांग्रेस नेताओं को बस में बैठाकर पुलिस लाइन ले जाया गया।

# योगी ने जयप्रकाश व नानाजी देशमुख को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण और राष्ट्रवादी लचतक नाना जी देशमुख की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

योगी ने एक्स पर लिखा कि महान स्वतंत्रता सेनानी, लोकतांत्रिक मूल्यों के सजग प्रहरी, 'भारत रत्न' 'लोकनायक' जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। आपातकाल के कठिन समय में उन्होंने जनता को जनतंत्र की शक्ति का बोध कराया और लोकतंत्र की पुनर्स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। राष्ट्र के लिए समर्पित उनका जीवन अनंतकाल तक हम सभी को प्रेरित करता रहेगा।

उन्होंने ग्रामोदय से राष्ट्रोदय' के पथप्रदर्शक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक व भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, 'भारत रत्न' 'राष्ट्रऋषि' नानाजी देशमुख की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि सर्व समाज के उत्थान, स्वावलंबन और ग्राम्य विकास हेतु समर्पित आपका संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

# आगरा में दो दिनों में 35 कुंतल पटाखे जब्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**आगरा।** दीपावली के मौके पर पटाखों के अवैध भंडारण पर पुलिस ने दो दिन के अंदर बड़ी कार्रवाई करते हुए 35 कुंतल पटाखे बरामद किए हैं।

शनिवार को थाना न्यू आगरा इलाके के अमर विहार कॉलोनी में पुलिस ने छापा मारा। पुलिस को सूचना मिली थी कि गर्ग डिपार्टमेंटल स्टोर पर अवैध तरीके से पटाखों का भंडारण हो रहा है और पटाखे बेचे जा रहे हैं। इसी सूचना पर पुलिस ने छापेमार कार्रवाही की। पुलिस ने मौके से करीब दस कुंतल पटाखे बरामद किए हैं। सिकंदरा इलाके में शुक्रवार को एक मकान 25 कुंतलपटाखों का अवैध भंडारण मिला था इसी तरह से शुक्रवार को भी पुलिस ने थाना सिकंदरा इलाके में छापा मारा था। मोहम्मदपुर के पास रिहायशी इलाके में एक मकान के अंदर पटाखों का अवैध भंडारण था। पुलिस ने मकान पर छापा मारा तो मौके तो भारी तादात में पटाखों का अवैध भंडारण मिला। पटाखों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने मकान से निकाले गए पटाखों की तौल की तो पटाखों का वजन 25 कुंतलनिकला। पुलिस ने सभी पटाखों को जब्त कर लिया। पटाखों की कीमत बाजार में करीब 15 लाख रुपए आंकी जा रही है।

# जीएसटी दरों में कटौती से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी: दयाशंकर मिश्र दयालु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के पूसा परिसर से वर्चुअल माध्यम द्वारा देश की कृषि व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वाराणसी के आईसीएआर-भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान में भी एक विशेष आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और खाद्यान्न उत्पादन में आज आत्मनिर्भर हो चुका है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की पहल पर जीएसटी दरों में कटौती के कारण ट्रैक्टर सहित



सभी कृषि यंत्रों की खरीद सस्ती हो गई है, जिससे किसानों की बचत हो रही है और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूह बनाकर खेती करें, ताकि आत्मनिर्भरता हासिल हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि आज 'लखपति दीदी' और 'ड्रोन दीदी' खेती-किसानी में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और पल्स आत्मनिर्भर मिशन जैसी पहलें भारतीय कृषि को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगी। ये योजनाएं किसानों को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करने के साथ-साथ प्राकृतिक खेती, पोषण सुरक्षा और निर्यातोन्मुख उत्पादन की दिशा में प्रेरित करेंगी। भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी के निदेशक डा. राजेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई ये योजनाएं किसानों की समृद्धि, कृषि उत्पादकता वृद्धि, पोषण सुरक्षा और ग्रामीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम हैं।

# जौनपुर में ऐतिहासिक सीता श्रृंगार मेले की सजी दुकानें

**जौनपुर।** जौनपुर जिले के शाहगंज के चूड़ी मोहल्ले में आज शनिवार से ऐतिहासिक सीता श्रृंगार मेला (चूड़ी मेला) प्रारम्भ हो गया। यह मेला सप्ताह भर यानी 18 अक्टूबर शनिवार तक चलेगा।

मेले का आयोजन श्री रामलीला समिति करती है, पुरुषों का प्रयोग प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित रहता है, केवल महिलाएं ही जाती हैं। रामलीला समिति के प्रमुख इंदु नाथ पांडेय उर्फ बैजू महाराज ने बताया कि 186 वर्ष पूर्व उनके परदादा स्वर्गीय पंडित अनंतराम ने रामनगर की रामलीला की तर्ज पर यहां भी रामलीला व चूड़ी मेला की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि लंका पर विजय के बाद जब प्रभु श्री राम, भाई लक्ष्मण और सीता के साथ अयोध्या पहुंचे, उसके बाद माता सीता ने अपनी सहेलियों के संग श्रृंगार हाट पहुंचकर खरीदारी की थी, यह मेला उसी की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि मेलें में बनारस, मऊ, आजमगढ़, फिरोजाबाद, जौनपुर, सुल्तानपुर, लखनऊ, कानपुर आदि नगरों समेत स्थानीय दुकानदार स्टाल लगाते हैं। जहां श्रृंगार के सामान समेत खाने पीने व घरेलू सामग्रियों की बिक्री की जाती है। प्रसिद्ध दुकानदार अपने सामान के साथ आते हैं। स्थानीय समेत क्षेत्र के गांव की महिलाएं मेले का साल भर इन्तजार करती हैं। समिति द्वारा माइक से एनाउंस होने बाद पहले दिन ही भीड़ बढ़ जाती है। मेले में सुरक्षा के लिए पुलिस की व्यापक व्यवस्था रहती है। बैजू महाराज ने कहा कि इस मेले में अधिकांश दुकानें मुस्लिम परिवारों द्वारा लगाई जाती है। उन्होंने कहा कि मेले के आयोजन में वाराणसी के हाजी मोहम्मद असलम, हाजी बाबू मोहम्मद , मोहम्मद रिजवान व रहमत अली का परिवार पीढ़ियों से चुड़ी व सिंगार के अन्य सामानों की दुकान लगाते चले आ रहे है।

# यूपीएसटीडीसी लाया अयोध्या दीपोत्सव-2025 के लिए एक दिवसीय यात्रा पैकेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या इस दीपावली 26 लाख दीयों से जगमगाने को तैयार है। दीपोत्सव- 2025 के इस भव्य अवसर पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए लखनऊ से अयोध्या तक एक दिवसीय विशेष यात्रा पैकेज की घोषणा की है।

उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) द्वारा संचालित कम दर पर यह टूर पैकेज श्रद्धालुओं को दीपोत्सव के अद्भुत नजारों का साक्षी बनने का अवसर देगा। प्रदेश के पर्यटन मंत्री डा. जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम आमजन को दीपोत्सव-2025 के इस ऐतिहासिक उत्सव का सहभागी बनने का अवसर प्रदान कर रहा है।

लखनऊ से अयोध्या तक का यह विशेष टूर पैकेज श्रद्धालुओं को आनंददायक आध्यात्मिक अनुभव देगा। यात्रियों के साथ अनुभवी स्थानीय गाइड रहेंगे, जो यात्रा के दौरान अयोध्या की पौराणिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रोचक प्रसंग साझा करेंगे। पैकेज में यात्रा के दौरान दिन और रात्रि भोजन की समुचित व्यवस्था भी की गई है। दीपोत्सव-2025 यात्रा की शुरुआत 19 अक्टूबर को होगी। सुबह 11 बजे लखनऊ स्थित होटल गोमती से टेम्पो ट्रैवलर यात्रियों को लेकर अयोध्या के लिए रवाना होगा।यात्रा के दौरान मार्ग में दोपहर 02:30 बजे भोजन की व्यवस्था होगी।

तत्पश्चात, यात्रा दल शाम 3 बजे अयोध्या पहुंचेगा और राम की पैड़ी पर दीपोत्सव समारोह के अद्भुत आयोजन का साक्षी बनेगा। इस यात्रा का शुल्क 1,500 रुपए प्रति व्यक्ति होगा, जिसमें ट्रांसपोर्ट, स्थानीय गाइड, दिन-रात के भोजन और पानी की बोतल की व्यवस्था होगी। यात्रियों का दल शाम 07:30 बजे पावन सरयू तट पर 26 लाख से अधिक दीयों को प्रज्वलित होते देखेंगे। देश-दुनिया के करोड़ों आस्थावान भी इस पल के साक्षी बनेंगे। आकाश में रंग-बिरंगी आतिशबाज़ी, आकर्षक लेजर शो और अद्भुत एरियल ड्रोन प्रस्तुति इस दिव्य क्षण को अविस्मरणीय बनाएगी। मनमोहक दृश्य देखने के उपरांत रात्रि 09:30 बजे रात्रि भोजन के उपरांत यात्रा दल रात 11 बजे लखनऊ के लिए पुन: प्रस्थान करेगा। यूपीएसटीडीसी द्वारा यह पहल हाल ही में नैमिषारण्य और अयोध्या के लिए शुरू किए गए।

## वाराणसी में 49 केंद्रों पर होगी पीसीएस प्री परीक्षा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा वाराणसी 49 केंद्रों पर आयोजित होगी। लगभग 22,000 से अधिक अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। जिलाधिकारी सत्एंद्र कुमार ने बताया कि कल जिले के 49 केंद्रों पर पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में लगभग 22,000 से अधिक अभ्यर्थी भाग लेंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए स्टैटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए परिवहन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# आर.सी फूड्स का हुआ उद्घाटन

## निर्मल गुप्ता ने फीता काटकर किया उद्घाटन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा ओरछी चौराहे के समीप गांव सिसरका के नजदीक आज आर.सी फूड्स का उद्घाटन हुआ नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री एवं चिराग पासवान के कर कमलों से उद्घाटन संपन्न किया गया।आर.सी एग्रो फ्रूट्स को यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमारे अत्याधुनिक खाद्यय प्रसारण कर वर्चुअल उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एवं माननीय चिराग पासवान केंद्रीय खाद्यय प्रसारण उद्योग मंत्री के कर कमलों से संपन्न हुआ यह परियोजना 2003 मैं भारत सरकार के खाद्यय प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत स्वीकृत की गई थी संयंत्र की स्थापना का उद्देश्य किसानों को लाभ प्रदान करना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना तथा खाद्यय प्रसंस्करण क्षेत्र से आधुनिक तकनीक और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना इस परियोजना के माध्यम से लगभग 500 लोगों का प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है।

2000 किसान से अधिक को लाभ सीधा आर्थिक रूप मिल रहा है किसान इस संयंत्र मैं अपनी आलू की फसल की सही दामों में बेचकर लाभ ले रहे हैं क्षेत्र में विकास और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा आर.सी फूड्स गुणवत्ता नवाचार और किसान हित की प्रति सदैव प्रतिबद हैं हम भविष्य में भी कृषि आधारित उद्योगों के माध्यम से ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर करते रहेंगे। आज आर .सी फूड्स का फीता काटने पर मौजूद निर्मल गुप्ता, नीरू चौधरी, के कर कमलों से फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

जिसमें समस्त परिवार तेजेंद्र पाल चौधरी, मौसम गुप्ता, रागिनी गुप्ता, माधुर गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, मयंक गुप्ता, दिव्या गुप्ता, मोहित गुप्ता, सूर्यांश गुप्ता, माधव गुप्ता, सौम्या गुप्ता, और अन्य सदस्यगण, योगेंद्र शर्मा, अमन गुप्ता, मुकेश कुमार, रजनीश कुमार, अमित शर्मा, अजय कुमार, सुबोध शर्मा, सलिल शर्मा, एवं समस्त स्टाफ उपस्थित है। चेयरमैन मौसम गुप्ता जी के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं माननीय श्री चिराग पासवान जी केंद्रीय खाद्यय प्रसंस्करण मंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया और भविष्य में मिनिस्ट्री ऑफ फूड के अंतर्गत स्वीकृत खाद्यय प्रसंस्करण और उद्योग प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया।

# बिल्सी: राम ने किया रावण का वध,दहन हुआ पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** नगर की गौशाला रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामल. ीला के मंच पर शनिवार को श्रीराम और रावण में घोर युद्ध होता है। जिसमें रावण को मारने में जब राम काफी दुखी हो जाते है। उसके बाद रावण के भाई विभीषण ने राम को रावण की नाभि का अमृत सुखाने के लिए अग्नि बाण प्रयोग करने के लिए कहा। जिससे रावण धराशायी होकर नीचे गिर जाता है। इसके बाद मैदान में लगे रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया। इस मौके पर मेला कमेटी अध्यक्ष उमेश चंद्र गुप्ता, प्रबंधक विनोद पालीवाल, पूर्व चेयरमेन ओमप्रकाश सागर, अजीत सिंह गूर्जर, अजय प्रताप सिंह, मोहित गुप्ता, जितेंद्र वार्ष्णेय, प्रखर माहेश्वरी, हरिओम राठौर, विवेक राठी, संजीव वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# बिल्सी में फ्रेशर्स पार्टी में छाया जोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी ।** राजकीय पॉलिटेक्निक बिल्सी, बदायूं में रात यादगार बन गई, जब मंच पर जोश, जज्बा और टैलेंट का संगम देखने को मिला। फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन ऐसा हुआ कि पूरा कॉलेज झूम उठा। रोशनी, संगीत और तालियों की गूंज ने माहौल को महोत्सव में बदल दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सौरभ सिंघल (संस्थापक, प्ळैब्ड फाउंडेशन) ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि "सपनों को हकीकत में बदलने के लिए मेहनत और अनुशासन ही असली हथियार हैं।" उन्होंने नए विद्यार्थियों का स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कॉलेज के मैनेजर एवं हेड मुराद आलम ने कहा कि "फ्रेशर्स पार्टी सिर्फ एक समारोह नहीं, बल्कि वह पल है जो नए छात्रों को आत्मविश्वास और अपनापन देता है।" उनके नेतृत्व में कॉलेज परिवार ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ ख्र आकाश पटेल, धर्मेंद्र पाल, अजय, राहुल, अजय देवल, विक्रम, सलोनी, करन, अंश, छोटे लाल, प्रवेश, अंकित और इतेन्दर पटेल ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया।शाइनिंग स्टार प्रीति देवल ने अपनी शानदार प्रस्तुति से ऐसा समां बांधा कि दर्शक देर तक तालियाँ बजाते रहे।फ्रेशर्स पार्टी का आगाज शाम 6 बजे हुआ और यह जश्न सुबह 5 बजे तक लगातार मस्ती, संगीत और नृत्य के रंगों में डूबा रहा। कॉलेज कैंपस रातभर रोशनी से जगमगाता रहा और हर चेहरा मुस्कान से खिला दिखा।

# मीडिया कर्मी की बहन की लम्बी बीमारी के चलते मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** कुंवर गांव थाना क्षेत्र के गाँव अर्सिस निवासी पत्रकार मुकेश कुमार की छोटी बहिन रुचि उम्र 22 साल के दो साल से गुर्दे खराब होनेंके कारण बरेली के निजी अस्पताल में डायलेसिस हो रही थी जिनको मुकेश कुमार वृहस्पतिवार को बरेली से डायलेसिस कराकर लौटे थे जहाँ शाम के समय परिवार के सभी लोग खाना खा कर सोने चले गये वहीं अर्ध रात्रि करीब 12 बजे रुचि की हालत बिगड़ने लगी शरीर में बेचैनी होने पर परिवार के लोग जाग गये वहीं हालत नाजुक होनेंके कारण मुकेश कुमार रुचि को बरेली ले जाने की तैयारी ही कर रहे थे कि इससे पहले ही रुचि ने दम तोड़ दिया रुचि की मौत से परिवार में कोहराम मच गया रुचि छ भाई बहिनों में सबसे छोटी थीं जो परिवार की लाड़ली थी जिनके शव का अंतिम संस्कार गाँव में कर दिया गया मुखाग्नि बड़े भाई पत्रकार मुकेश कुमार ने ही दी। इस मौके पर जिले भर से पत्रकार व क्षेत्र के गणमान्य लोग पहुंचे।

# महापुरूष थे धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** समाज वादी पार्टी के संस्थापक एवंश पूर्व रक्षामंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री माननीय मुलायम सिंह यादव को नगर एवं क्षेत्रीय जनता ने पुण्य तिथि पर भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर मुलायम सिंह को क्रांतिकारी एवं किसान व गरीबो का मसीहा बताया। क्षेत्रीय विधायक श्री ब्रजेश यादव ने धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव को महापुरूष बताते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव राष्ट्रीय समरसता और समा. जवाद के प्रेरणा स्त्रोत थे। क्षेत्रीय विधायक ब्रिजेश यादव ने कहा पिछड़े दलित अल्पसंख्यक (पी.डी.ए) समाज के सम्मान और अधिकारो के लिए हम एक जुट है। और पीढ़ियो से चली आ रही असमानता और अपमान के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे। समाजवादी जन जन के विकास में विश्वास रखते है। इसीलिए समाजवादी सरकार ने गरीब बेसहारा, वेबस, बरोजगारी एवं छात्रों की सहायता कर प्रदेश को विकास के कदम पर अगृसर किया। सपा मुखिया एवं पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह जी की तीसरी पुण्य तिथि पर दैनिक शाह टाइम्स से प्रेसवार्ता कर विधायक ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव के आदर्शों पर चलकर समाजवाद संवैधानिक सुरक्षा को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि नेता जी के साथ जीवन भर संघर्ष करने वाले अनेक साथी पार्टी के साथ में खड़े हुए है। यही योद्धा समाजवादी परिवार है। जिन्होंने हर उतार चढ़ाव में नेताजी और समाजवाद का साथ दिया है।

क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि संविधान की रक्षा करना लोकतंत्र का सम्मान है। संविधान हमारी संजीवनी है। संविधान को बचाना हमारा कर्तव्य है। आज आरक्षण के अधिकार को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। गणतंत्र है, तो आजादी है, आजादी है, तो विकास है, विकास है. तो खुशिहाली है। खुशहाली है, तो भारत सोने की चिड़िया है। सबका समाजवाद भारत बने लाजवाब। अनेकता में एकता हमारी विशेषता, समाजवाद को लायेंगे। भारत भाग्य जगायेंगे।

# फैजगंज: संचारी रोग अभियान,कीटनाशक दवा का छिड़काव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** संचारी रोग अभियान के तहत नगर पंचायत फैजगंज में नगर पंचायत अध्यक्ष इसरार खान एवं अधिशासी अधिकारी वेद प्रकाश यादव के निर्देशन में कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया गया। चेयरमैन इसरार खान ने बताया कि कीटनाशक दवा का छिड़काव नगर पंचायत में लगातार जारी रहेगा। अलग अलग वार्डो में टीम बनाकर छिड़काव करने का कार्य चल रहा है। ईओ वेद प्रकाश यादव ने एक वार्ता में बताया कि नगर पंचायत में सभी जगह पर कीटनाशक का छिड़काव हो इसके लिए ग्रुप में टीमों को बांटा गया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वह अपने आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर आदि के पानी को बदलते रहे ताकि मच्छर आदि पैदा न हो सके। संचारी रोग अभियान की मॉनिटरिंग लिपिक सुमित बाबू द्वारा की जा रही है। इस दौरान मोहित कुमार शुक्ला, आमिर रजा आदि उपस्थित रहे।

# रामकेवट संवाद का भावपूर्ण हुआ मंचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** रंगमंच पर रामकेवट संवाद का भव्य और भावपूर्ण मंचन किया गया। प्रसंग में भगवान श्रीराम के श्रृंगवेरपुर आगमन पर निषादराज ने उनका विधिवत स्वागत-सत्कार किया और केवट को बुलाकर प्रभु को गंगा पार कराने का आदेश दिया। मंचन में भगवान राम की भूमिका जीतेश मिश्रा, लक्ष्मण की विनायक मिश्रा, सीता की उपलक्ष मिश्रा, केवट की गिरीश मिश्रा और निषादराज की भूमिका नीरज पाराशरी ने अत्यंत भावपूर्ण ढंग से निभाई। कलाकारों का संजीव अभिनय और भक्ति से ओतप्रोत मंच सज्जा ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। प्रभु चरण कमल रज चाहौं, पाप पवन मति भारी। गंगा पार करौं प्रभु, तव दास निरत दयाधारी। केवट की विनम्रता और प्रभु राम की करुणा से भरा यह प्रसंग श्रद्धालुओं की आंखें नम कर गया। पूरे परिसर में जय श्रीराम और हर-हर गंगे के जयघोष गूंज उठे।

# हत्या के जुर्म में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**वजीरगंज।** बदायूं एस एस पी डा0 बृजेश कुमार सिहं के आदेशानुसार जनपद में चलाए जा रहे अपराध/ अपराधियो की रोकथाम एवं गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत एसपी ग्रामीण हिर्देश कठेरिया के निर्देशन एवं डीएसपी बिसौली सुनील के पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी वजीरगंज जीतेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा मु0अ0स0 335/ 25 धारा 85/ 115(2)/110/351(3) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट/105 बीएनएस के 01 वांछित अभियुक्त अलीशेर पुत्र मंगली उम्र निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा व थाना वजीरगंज बदायूँ को मय आलाकत्ल फावडा सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। दिनांक 19.09.25 को अभियुक्त अलीशेर पुत्र मंगली निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा व थाना वजीरग. ंज बदायूँ सीमेन्ट एजेन्सी पर अपने ससुर दफेदार पर फावडे से हमला कर बेहोश कर दिया था जिसके सम्बन्ध में थाना वजीरगंज पर दिनाँक 25.09.25 को वादी रिजवान पुत्र दफेदार निवासी ग्राम वनकोटा थाना वजीरगंज जनपद बदायूँ की तहरीर के आधार पर मु0अ0स0 335/25 धारा 85/ 115 (2)/110/351(3) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया था । दिनाँक 29.09.25 को घायल दफेदार की ईलाज के दौरान को मृत्यु हो गयी थी। अभियोग में धारा 105 बीएनएस की वृद्धि की गयी। अभियुक्त अलीशेर पुत्र मंगली उम्र निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा व थाना वजीरगंज बदायूँ को दिनांक 11.10. 25 को थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा वजी. रगंज आंवला रोड पर कुंवरगांव तिराहा के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया ।

# पीलीभीत घटना के विरोध में हुए आंदोलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** चार दिन पूर्व पीलीभीत जनपद के भाकियू चढूनी के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में पीलीभीत जनपद में आंदोलन शुरू हुआ था। आज राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में धरना समाप्त हुआ। प्रशासन ने भाकियू चढूनी की सभी माँगों को मान लिया है। भाकियू चढूनी के पीलीभीत जिलाध्यक्ष धान क्रय केंद पर हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ धरने पर थे। चार दिन पूर्व पीलीभीत जिलाध्यक्ष पर जानलेवा हमला हुआ। जिसकी एफआईआर राइस मिलर्स के खिलाफ दर्ज कराई गई थी। हमले के बाद आंदोलन को और तेज कर दिया गया। आज आंदोलन में शामिल होने के लिए भाकियू चढूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढूनी व राष्ट्रीय महासचिव मास्टर मनोज नागर के साथ प्रदेश प्रभारी सूबे सिंह डागर व प्रदेश अध्यक्ष सरदार भूपेंद्र सिंह गिल धरना स्थल पहुंचे। इधर जनपद बदायूँ से जिलाध्यक्ष सतीश साहू के नेतृत्व में दर्जन भर पदाधिकारी आंदोलन में शामिल हुए। धरने में राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढूनी के शामिल होते ही प्रशासन हरकत में आ गया। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संगठन की सभी मांगों को मानते हुए निष्पक्ष जाँच के साथ दोषी पर कठोर कार्यवाही का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में किसानों से आंदोलन समाप्त करने की माँग रखी जिसको राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढूनी ने मानते हुए धरना समाप्त करने की घोषणा की। जनपद बदायूँ से जिला महासचिव बीयीशु दास, बिसौली तहसील अध्यक्ष रजनेश उपाध्याय, उसावा ब्लॉक अध्यक्ष सतेन्द्र यादव, बदायूँ नगर अध्यक्ष शरीफ अब्बासी, नूरुद्दीन, कल्लू, गंगादीन, मोरसिंह, महेश, बलवीर, मुंशी, अरविंद सहित दर्जन भर कार्यकर्ता पीलीभीत आंदोलन में शामिल हुए।

# एक नजर

## 25 अक्टूबर तक जारी रहेगा कार्ड धारकों को नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण

**कामिल खान,शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीय राय ने बताया कि पात्र गृहस्थी तथा अन्त्योदय कार्डधारकों राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह अक्टूबर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न एवं मक्का क्रय करने वाले जनपदों में मक्का का नि:शुल्क वितरण 10 से 25 अक्टूबर 2025 के मध्य कराया जाएगा। उन्होंने खाद्यान्न के उठान एवं वितरण के सम्बन्ध में अधिकारियों को दिशा निर्देश निर्गत किये है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड धारक 14 कि0ग्रा0 गेहूँ, 16 कि0ग्रा0 फोर्टीफायड चावल, 05 कि0ग्रा0 मक्का (कुल 35 कि0ग्रा0) खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत पात्र गृहस्थी योजना में तहसील सदर के ब्लाक जगत, सालारपुर, उझानी, कादरचौक, तहसील दातागंज के ब्लाक दातागंज, समरैर, म्याऊ, उसांवा, तहसील बिसौली के ब्लाक बिसौली, आसफपुर, वजीरगंज, इस्लामनगर एवं तहसील बिल्सी के ब्लाक अम्बियापुर, बिसौली, सहसवान (आंशिक), तहसील सहसवान के ब्लाक सहसवान, दहगंवा के उचितदर विक्रेताओं को मक्का आवंटित की गयी। इन क्षेत्रों के उचित दर विक्रेताओं द्वारा पात्र गृहस्थी योजना के अन्तर्गत 02 कि०ग्रा० गेहूँ, 02 कि०ग्रा० चावल एवं 01 कि०ग्रा० मक्का (कुल 5.0 कि०ग्रा० खाद्यान्न) प्रति व्यक्ति नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। प्रत्येक दशा में चावल एवं मक्का को मिलाकर वितरण स्केल को यथावत (3.0 कि०ग्रा० प्रति व्यक्ति) रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद के सम्पूर्ण नगर क्षेत्र एवं तहसील बिल्सी के सम्पूर्ण ब्लाक इस्लामनगर एवं तहसील बिल्सी के ब्लाक सहसवान की ग्राम पंचायत उघेती गर्दी (रामनरेश), महानगर (साहब सिंह), मिश्रीपुर मुकईया (अरब सिंह), बाला किशनपुर (फुलवार सिंह), कटिया भगवन्त (कमल सिंह) के उचितदर विक्रेताओं को मक्का आवंटित नहीं की गयी है। इन क्षेत्रों में उचित दर विक्रेताओं द्वारा पात्र गृहस्थी योजना के अन्तर्गत आने वाले व्यक्तियों को 3.00 कि0ग्रा0 गेहूँ एवं 2.00 कि०ग्रा० चावल (कुल 5.0 कि०ग्रा०) खाद्यान्न प्रति व्यक्ति नि:शुल्क वितरित किया जाएगा।

# वृध्दाश्रम में लगा नेत्र शिविर 98 का हुआ परीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव बांस बरोलिया स्थित वृध्दा आश्रम पर शनिवार को बरेली के शहीद भगत सिंह नेत्र चिकित्सालय की ओर से नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें आश्रम के वृध्द समेत 98 लोगों की आंखों का टीम द्वारा परीक्षण किया गया। जिसमें 28 लोगों की आंखों में मोतिया बिन्दु पाया गया। जिन्हे एंबूलेस की मदद से आप्रेशन के लिए बरेली अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा 14 वृध्दों को आंखों के चश्मा वितरण किए गए। इस मौके पर संचालक वेदव्यास शर्मा, हरवंश सिहं, महेन्द्र पाल शर्मा, आकाश देवल, हिमांशु, शिव गौड़, रामकिशोर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भारत हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** लगातार मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जनपदीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आसफपुर स्थित भारत हॉस्पिटल पर छापा मारकर बड़ी कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) आसफपुर के चिकित्सा अधीक्षक के नेतृत्व में दोपहर लगभग 3:40 बजे पुलिस बल की मौजूदगी में की गई।स्वास्थ्य विभाग को मिली शिकायत के आधार पर जांच टीम दुंदपुर रोड स्थित भारत हॉस्पिटल पहुंची। जब टीम ने मुख्य गेट पर दस्तक दी तो गेट अंदर से बंद मिला। टीम ने आस-पास पूछताछ की लेकिन किसी भी स्टाफ या डॉक्टर के मौजूद होने की जानकारी नहीं मिली। अस्पताल के पीछे की तरफ एक व्हाइटबोर्ड जरूर लगा था, किंतु वहां भी किसी प्रकार की चिकित्सा गतिविधि नहीं हो रही थी।जांच अधिकारियों ने बताया कि 04 अक्टूबर 2025 को मुख्य चिकित्सा



टीम ने ताला लगाकर सील किया परिसर

अधिकारी, बदायूं को IGRS पोर्टल के माध्यम से अस्पताल के संचालन को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी। उस पर कार्रवाई करते हुए संबंधित अस्पताल को निर्देश दिया गया था कि वह 07 अक्टूबर 2025 तक सभी जरूरी दस्तावेज और पंजीकरण प्रमाण प्रस्तुत करें।निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी अस्पताल की ओर से कोई दस्तावेज जमा नहीं किए गए। इस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज मौके पर पहुंचकर जांच की। जब पाया गया कि अस्पताल पूरी तरह बंद है और किसी भी प्रकार की चिकित्सीय गति. विधि नहीं हो रही, तो पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल भवन को ताला लगाकर सील कर दिया गया।चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसफपुर ने बताया कि यह कार्रवाई नियमानुसार की गई है और जांच रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूं को भेजी जाएगी।इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि यह अस्पताल लंबे समय से बिना मान्यता या आवश्यक दस्तावेजों के संचालित किया जा रहा था। अब स्वास्थ्य विभाग यह जांच करेगा कि इस अस्पताल में पूर्व में कितने समय तक मरीजों का इलाज किया गया और वहां क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध थीं।

**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं जनपद में विज्ञापन व खबरों के लिए निम्न नम्बरों पर करें सम्पर्क**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित | संवाददाता | आसफपुर | 7830155078 |
| आतिफ निसार | संवाददाता | सहसवान | 8954188786 |
| रजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 9761005266 |
| नहीम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित कुमार गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |
| अजीत कुमार शर्मा | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9259362222 |
| श्याम सिंह | संवाददाता | फैजगंजबेहटा | 7464946637 |
| अनुराग मिश्रा | संवाददाता | वजीरगंज | 9759558639 |
| बी.के तोमर | संवाददाता | खेड़ा नवादा | 9412302152 |
| पुनीत कुमार | संवाददाता | बिसौली | 9528968192 |

# बिसौली में मनाया गया श्रद्धापूर्वक करवा चौथ का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर में करवाचौथ का त्योहार पूरे श्रद्धा, उत्साह और परंपरा के रंग में मनाया गया। बाजारों में करवाचौथ की रौनक पिछले कई दिनों से देखने को मिल रही थी। शुक्रवार को करवा चौथ पर्व पर महिलाओं ने अपने पति की लंबी



आयु और परिवार की सुख समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखा। सुबह से ही महिलाओं ने बिना पानी पिए व्रत का पालन किया। शाम होते ही महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर पूजा की थालियां सजाई और चांद के दर्शन के बाद अपना व्रत खोला। नई नवेलियां दुल्हनें अपने पहले करवा चौथ को लेकर खास उत्साहित थी। वहीं, वर्षों से यह व्रत निभा रही महिलाएं कहती हैं कि यह केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि वैवाहिक जीवन में प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है।

# पतियों की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** करवा चौथ के पावन पर्व पर क्षेत्र की सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर अपने पतियों की लंबी उम्र, पारिवारिक सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। सुहागनों ने परंपरागत रीति-रिवा. जों के अनुसार श्रृंगार किया और शाम को चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित कर व्रत खोला। सुबह से ही महिलाओं ने जल तक ग्रहण नहीं किया और पूरे श्रद्धा-भाव से पूजा की तैयारियों में जुटी रहीं। हाथों में मेहंदी, माथे पर बिंदी, चूड़ियां, बिछुए और अन्य सुहाग सामग्री के साथ महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर व्रत का विशेष महत्व दर्शाया।रात्रि में चांद के दर्शन के बाद महिलाओं ने चलनी की ओट से पति को देखकर उन्हें जल अर्पित किया और उनके हाथों से जल ग्रहण कर व्रत संपन्न किया। व्रत के दौरान मंदिरों और घरों में पूजा-पाठ, कथा श्रवण और भक्ति भाव का वातावरण बना रहा।इस मौके पर घर-घर उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। बुजुर्ग महिलाओं ने अपनी बहुओं को व्रत की परंपराएं सिखाईं और सभी ने मिलकर पर्व को उत्साह और श्रद्धा से मनाया।

# आत्मरक्षा ही सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी: हरेंद्र सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** योगी सरकार का महत्वाकांक्षी अभियान मिशन शक्ति दीदी अभियान के फेस 5.0 के तहत कोतवाली क्षेत्र के दबतोरी रेलवे स्टेशन पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम और मिशन शक्ति टीम ने संयुक्त रूप से महिलाओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। श्री हरेंद्र सिंह ने कहा कि आत्मरक्षा ही सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी है, किसी भी संकट की स्थिति में स्वयं की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण होती है। महिला उप निरीक्षक पूजा तोमर ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि प्रत्येक बालिका में आत्मविश्वास पैदा करना है। जब बेटियां निर्भीक होगी तभी समाज सशक्त होगा। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल प्रियंका आदि उपस्थित रही।

# बिसौली: पूर्व सैनिकों ने दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शहीद मोहित राठौर पार्क के रास्ते को लेकर जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी कार्यालय में गुहार लगाई। परंतु अधिकारियों से मुलाकात न होने पर परिवार मायूस होकर लौट आया।

शहीद के पिता नत्थू सिंह राठौर और दर्जनभर पूर्व सैनिकों ने बताया 15 दिन पहले तहसीलदार विजय शुक्ला ने एक सप्ताह में रास्ते के निस्तारण का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सूत्रों के अनुसार रिपोर्ट अपर जिलाधिकारी को भेजी जा चुकी है।शहीद परिवार का कहना है जब शहीद का अंतिम संस्कार हुआ था, तब अधिकारियों ने हर संभव मदद का वचन दिया था, पर आज परिवार मात्र चार मीटर रास्ते के लिए दर-दर भटक रहा है।

पूर्व सैनिकों ने चेतावनी दी है। यदि शीघ्र रास्ते का निस्तारण नहीं हुआ तो वे बदायूं मालवीय आवास गृह पर धरना देंगे। जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे प्रति. निधिमंडल में नत्थू सिंह राठौर, सोमपाल सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष बगरैन रितेश चौहान, प्रधान आईरा, तथा जिलाध्यक्ष ठा. वेदपाल सिंह शामिल रहे।

# युवक पर फायरिंग करने का आरोपी पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ा

**पुलिस की जवाबी कार्रवाई में युवक के पैर में लगी गोली**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** दो युवकों के बीच हुए झगड़े में युवक पर फायरिंग करने के आरोपी युवक को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की कार्यवाही में आरोपी के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। जिसपर उसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 10 अक्टूबर की रात भौना फार्म निवासी गुरनाम सिंह पुत्र सतनाम सिंह व जैश मोहम्मद पुत्र रियाज अहमद उर्फ बडला के बीच किसी बात को लेकर गाली गलौज हो गई थी। इसके बाद दोनों के बीच मारपीट हो गई और इसी दौरान जैश मोहम्मद ने सतनाम सिंह पर तमंचे से फायर कर दिया, जिससे सतनाम सिंह के पेट में गोली लग गई थी। घटना के बाद घायल को इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया, जहां अब उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी जैश के खिलाफ धारा 109/126(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह लगभग 6:15 बजे, बहेड़ी पुलिस चौकी सिरसा क्षेत्र के नौला फार्म के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल से गुजर रहा एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। आरोप है कि जब पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें जैस मोहम्मद के पैर में गोली लग गई और पुलिस ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पहले 100 रुपये दो फिर मिलेगा गल्ला, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**इंस्पेक्टर ने कहा जबरन देने वाले कोटेदार पर होगी कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** शासन और प्रशासन कितने भी आदेश निर्देश जारी करे लेकिन राशन दुकानदारों पर इसका कोई असर नहीं होता, हो भी क्यों इन्हें भी तो विभाग को खुश रखना पड़ता है।

कस्बे का एक कार्ड धारक अपने क्षेत्र के कोटेदार की दुकान पर शनिवार को राशन लेने गया था, जब उसने अपना कार्ड कोटेदार की ओर बढ़ाया तो उसने कार्ड धारक से कहा कि पहले 100 रुपये दो उसके बाद ही गल्ला मिलेगा। कार्ड धारक ने जब सौ रुपए लिए जाने के बारे में जानकारी की तो उसे बताया गया कि यह तुम्हें बाद में पता चलेगा। कार्ड धारक ने जब 100 रुपये कोटेदार को दिए तो उसे राशन के साथ 4 साबुन की टिक्की और एक सर्फ पाउडर की थैली थमा दी।

कार्ड धारक ने बताया कि उसने साबुन और सर्फ पाउडर की कम्पनी कभी नहीं सुनी है। बेचारे कार्ड धारक ने राशन, साबुन और सर्फ पाउडर की वीडियो बनाकर इसे वायरल कर दिया। जो खूब वायरल वायरल हो रही है।

वायरल हो रहे इस वीडियो के बारे में पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार भटनागर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह समाग्री दुकानदारों की आय बढ़ाने के लिए दी गई है, लेकिन कोई भी कोटेदार किसी को भी जबरन यह सामान नहीं देगा, उन्होंने बताया कि अगर कोई भी कोटेदार ऐसा करता है और उसकी शिकायत उन्हें मिलती है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। देखना है कि अब विभाग इस मामले में कोटेदार के खिलाफ क्या कार्यवाही करता है।

## एक नजर

# थाना फतेहगंज पश्चिमी होगा स्थानांतरित

**कस्बे के रोडवेज स्टेशन के पास बनेगा नया भवन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** डीएम और एसएसपी की संस्तुति पर थाना फतेहगंज पश्चिमी को नगर के रेलवे व रोडवेज स्टेशन के पास सिंचाई विभाग की जमीन पर स्थानांतरित किया जाएगा। भाजपा नेता एवं युवा अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री आशीष अग्रवाल के प्रस्ताव पर यह कार्रवाई शुरू की गई है।

जिलाधिकारी बरेली ने प्रमुख सचिव सिंचाई को जमीन हस्तांतरण के लिए पत्र भेजा है। आशीष अग्रवाल पिछले दो वर्षों से थाना परिसर को नगर में शिफ्ट करने की मांग कर रहे थे। वर्तमान थाना 25 वर्ष से बंद पड़ी रबड़ फैक्ट्री की जर्जर बिल्डिंग में स्थित है जो कस्बे से लगभग एक किलोमीटर दूर है। इस कारण पुलिस कर्मियों और फरियादियों दोनों को असुविधा होती है। मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर एसएसपी और डीएम बरेली ने 5489.45 वर्गमीटर सिंचाई विभाग की जमीन पुलिस विभाग को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। आशीष अग्रवाल ने बताया कि जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करवाने के लिए वे 13 अक्टूबर को पुन: मुख्यमंत्री कार्यालय और प्रमुख सचिव सिंचाई से मुलाकात करेंगे।

# कंबर एजाज के कार्यकाल में लगे 10 पानी के फ्रिज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नगर पंचायत सेंथल में जहां विकास की गंगा बहती दिखी, वहीं हाल ही नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज शानू के कार्यकाल में कस्बे में लगभग 10 ठंडे पानी के फ्रिज लगाये गए, ये फ्रिज कस्बे में अलग-अलग स्थलों पर लगे हुए नजर आए।

कस्बे के चेयरमैन शानू ने बताया कि सेंथल में ठंडे पानी की गर्मियों में काफी समस्या रहती है, और कस्बे में कई ऐसे स्थल हैं जहां ठंडे पानी की काफी जरूरत है, लेकिन हमने इस समस्या को देखते हुए कस्बे के अलग-अलग स्थलों पर जरूरत को देखते हुए फ्रिज लगवाए। पहले भी कस्बे में कई स्थलों पर फ्रिज लगे हैं, लेकिन अब फिर हमने इस परेशानी को देखते हुए फ्रिज लगवाने का कार्य किया। चेयरमैन शानू ने सेंथल को ग्रीन सिटी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कंबर एजाज शानू ने बताया कि हमने अपने कार्यकाल में पूरी निष्ठा ईमानदारी से कार्यो को अंजाम तक पहुंचाया। सेंथल में कोई भी विकास हो वो सिर्फ सेंथल की जानता के लिए हैं। सेंथल की जनता ही उसकी हकदार है, कोई विकास मेरा निजी विकास नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने सेंथल में विकास कराने के लिए कोई प्रयास बाकघे नहीं छोड़ा, हमारे कार्यकाल में सड़कों व नालियों से लेकर तरह-तरह के विकास होते रहते हैं, और आगे भी हम विकास करवाते रहेंगे।

चेयरमैन कंबर एजाज शानू ने बताया कि नगर पंचायत के सभी सभासद विकास में अपना पूरा योगदान करते हैं और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी भी पूरी तरह योगदान करते हैं। बताते चलें कि कंबर एजाज शानू लगातार तीसरी बार सेंथल से अध्यक्ष चुने गए हैं।

# ठिरिया बुर्जुग में भागवत कथा के समापन पर हुआ विशाल भंडारा



**तीन सौ कन्याओं को कराया गया भोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के गांव ठिरिया बुर्जुग स्थित राधा कृष्ण मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्‌भागवत कथा का शनिवार को भव्य समापन हुआ। कथा के समापन अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सबसे पहले 300 कन्याओं को भोजन कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एडीएम (न्यायिक) देश दीपक गंगवार, एसडीएम आलोक कुमार, तहसीलदार अशीष कुमार, आयोजक अशोक उपाध्याय एवं बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामस्वरूप ने कन्याओं को भोजन थाल भेंट कर आशीर्वाद दिया। भंडारे में पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण, सुदेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य घनेंद्र कुमार गुप्ता, निरंजन यदुवंशी, मुकेश शर्मा, लव गुप्ता, अर्पित गुप्ता, संतोष चंद्र, मुराद बेग, मजहर हुसैन, सुधीर शर्मा एवं संजय शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।भंडारे में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का वातावरण भक्ति एवं उत्साह से सराबोर रहा।

# संघ प्रचारक पर हमला करने वाले दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरआरएस ) के नगर प्रचारक अनंत कुमार पर शुक्रवार देर रात उस समय हमला कर दिया गया था जब कुछ दबंग संघ कार्यालय में पटाखे छुड़ा रहे थे, और उन्होंने जैसे ही मना किया तो उनपर हमला कर दिया गया।

नगर के मोहल्ला नीमगढ़ स्थित संघ कार्यालय में अनंत कुमार आरएसएस के नगर प्रचारक के रूप में कार्य कर रहे थे, शुक्रवार की रात में नगर के ही अनमोल गुप्ता के साथ पाँच युवक जबरन कार्यालय में घुस आए और पटाखे जलाने लगे। अनंत कुमार के बाहर आने पर उन्होंने युवकों से शांत रहने और पटाखे न जलाने की बात कही। इसपर युवक भड़क उठे और गाली-गलौज करते हुए बोले कि तेरे अंदर का संघ अभी बाहर निकालते हैं। इसके बाद सभी युवकों ने लात-घूसों से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि अनमोल गुप्ता के एक साथी ने अपनी बेल्ट निकालकर उनकी गर्दन में डालकर जान से मारने का प्रयास किया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह अनंत कुमार को बचाया। आरोप है कि इस दौरान युवक तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

हमले में अनंत कुमार को गंभीर चोटें आई हैं, तथा कान से खून बह रहा है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच शुरू कर दी है। देर रात पुलिस ने आरएसएस के प्रचारक अनन्त कुमार की तहरीर पर अनमोल गुप्ता और उसके दबंग साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एक किलो 510 ग्राम गांजा के साथ दो तस्कर दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज पुनीत कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक मोटरसाइकिल से गांव हरदुआ की ओर से नवाबगंज की तरफ आ रहे हैं, जिनके पास गांजा है। सूचना पर चौकी प्रभारी पुनीत कुमार मेहरा ने पुलिस टीम के साथ संदिग्ध बाइकों को रोककर तलाशी ली, जिसमें 1 किलो 510 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोनिश उर्फ भूरा ग्राम सैदपुर गुन्नेजान थाना भोजीपुरा एवं निजाम गोल मार्केट ग्राम हाफिजगंज जिला बरेली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी मौके से भागने की फिराक में थे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे यह गांजा ताहिर निवासी धौरा टांडा थाना भोजीपुरा से खरीदते हैं, और इसे बेचकर मुनाफा कमाते हैं। शनिवार को वे गांजा बेचने के लिए रिछौला मंडी क्षेत्र आए थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस की धारा में मुकदमा दर्ज कर बाइकों को सीज कर दिया है।

# 34 परीक्षा केंद्रों पर 15648 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**डीएम की अध्यक्षता में पीसीएस और एसीएफ/आरएफओ-2025 को सकुशल, नकल विहीन तथा निर्विघ्न सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक हुई आयोजित**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस और एसीएफ/आरएफओ-2025 प्रारंभिक परीक्षा को सकुशल, नकल विहीन तथा निर्विघ्न सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने-अपने सेंटरों पर जाकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं देख लें कि केन्द्रों पर शत प्रतिशत सीसीटीवी कैमरा लगे हों तथा उसकी ऑडियो तथा वीडियो रिकॉर्डिंग भी सुरक्षित रखी जाए। समस्त परीक्षा केन्द्रों पर बायोमेट्रिक से उपस्थित शत प्रतिशत लगवाई जाए।

बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आयोग की ओर से जारी नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास निर्धारित क्षेत्र में फोटो स्टेट की दुकानें बन्द रखी जाएं।

बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद में 34 परीक्षा केंद्रों बनाए गए हैं, जिसमें 15648 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिये 34 स्टेटिक व 34 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं। इसके अतिरिक्त तीन स्टेटिक व चार सेक्टर मजिस्ट्रेट रिजर्व में भी रखे गए हैं।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे सहित समस्त उपजिलाधिकारी गण एवं स्टेटिक/सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

# स्कूल आ रही छात्रा का अपहरण करने की कोशिश, पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** स्कूल आ रही एक छात्रा का अपहरण करने का प्रयास किया गया, लेकिन उसके शोर मचाए जाने पर दबंग उसे कार से नीचे फेंक गए। छात्रा की मां ने इस मामले की तहरीर पुलिस को दिए जाने के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

पिछले काफी दिनों से क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीण की नजदीक के ही रहने वाले एक परिवार से विवाद चला आ रहा है। आज शनिवार को उसकी नाबालिग पुत्री पैदल कस्बे के एक कॉलेज में पढ़ने आ रही थी, कि रास्ते में कुछ दबंग ईको कार से आ धमके और छात्रा को कार में जबरन बिठाने लगा। खींचतान में छात्रा के कपड़े फट गए। छात्रा के चीखने चिल्लाने पर खेतों में कार्य कर रहे आसपास के लोग आ गए, जिसपर दबंग छात्रा को कार से नीचे उतार कर फेंक गए। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई, जिस पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। घटना की तहरीर छात्रा की मां की ओर से पुलिस को दी गई है।

दूसरी ओर आरोपी की पुत्री की ओर से भी थाना पुलिस को दो दिन पहले एक तहरीर दी गई है, जिसमें गुजरी सात अक्टूबर को कस्बे के रामलीला मेला में लगी चूड़ी की दुकान से उसका अपहरण करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# इंटर के छात्र ने तमंचे से खुद को गोली मारकर दी जान परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने शनिवार दोपहर आत्महत्या कर ली। उसका शव घर के कमरे में खून से लथपथ मिला। वह इंटर का छात्र था। उसने आत्महत्या क्यों की, यह पता नहीं चल सका है। पुलिस जांच कर रही है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के प्रगति नगर में शनिवार दोपहर 18 वर्षीय अंकित शर्मा ने अपने घर के कमरे में जाकर खुद को गोली मार ली। गोली लगते ही उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना से उसके परिवार में कोहराम मच गया। अभी आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है।

अंकित के बड़े भाई बृजेश शर्मा ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे अंकित अपने कमरे में गया और कुछ देर बाद गोली चलने की आवाज आई। आवाज सुनकर छोटा भाई अर्जुन दौड़ता हुआ कमरे में पहुंचा तो अंकित खून से लथपथ जमीन पर पड़ा मिला। परिवार के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

सुभाष नगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। मृतक की मां राखी शर्मा का रो-रो कर बुरा हाल है। अंकित तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। वह कारपेंटर का काम करता था। वह इंटरमीडिएट में पढ़ता था।

# आज तेजी से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है प्रदेश : शर्मा

**विकसित उत्तर प्रदेश, समर्थ उत्तर प्रदेश महाअभियान के अंतर्गत प्रबुद्ध जन सम्मेलन में ऊर्जा मंत्री ने किया प्रतिभाग**

**84.55 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परक परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शनिवार को राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम, बरेली में "विकसित उत्तर प्रदेश, समर्थ उत्तर प्रदेश" महाअभियान के अंतर्गत आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन में प्रतिभाग किया।इस अवसर पर उन्होंने बरेली जनपद में 84.55 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण एवं प्रस्तावित विकासपरक योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

अपने संबोधन में ऊर्जा मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश आज तेजी से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। "विकसित उत्तर प्रदेश, समर्थ उत्तर प्रदेश" अभियान इसी दिशा में एक व्यापक जनभागीदारी का प्रयास है, जिसमें समाज के प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंत्री एके शर्मा ने बताया कि बरेली नगर निकाय क्षेत्र में लगभग 49.32 करोड़ रुपये की लागत से 130 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। इन परियोजनाओं में सड़कों एवं नालियों का निर्माण, नवनिर्मित पार्कों का विकास, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कार्य, स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण, एवं जलभराव निवारण कार्य जैसी जनोपयोगी परियोजनाएं सम्मिलित हैं।

उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र किसी भी राज्य के विकास के "इंजन" होते हैं। इन क्षेत्रों की स्वच्छता, सड़क, विद्युत, परिवहन और जल प्रबंधन व्यवस्था जितनी सुदृढ़ होगी, उतनी ही तीव्रता से राज्य का सर्वांगीण विकास संभव होगा। उन्होंने ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के सभी शहरों को स्वच्छ, सुन्दर, सुगम और स्मार्ट शहरों के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि जनता को उसका स्थायी लाभ मिल सके। इस दौरान नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाबी प्रदान की गयी, स्वयं सहायता समूहों व स्वच्छता कर्मियों को शाल ओढ़ाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## 24 करोड़ की विद्युत परियोजनाओं से मजबूत होगी ऊर्जा व्यवस्था



ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने बताया कि बरेली में 24 करोड़ रुपये की लागत से विद्युत विभाग की कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी की गई हैं, जिनमें 95 एमवीए की क्षमता वृद्धि तथा 33 केवी की नौ किलोमीटर लंबी नई लाइन का निर्माण प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से बरेली शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति और अधिक विश्वसनीय, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण होगी। इससे न केवल उद्योगों और व्यापार को बल मिलेगा, बल्कि नागरिकों को भी सुगम जीवन सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक घर और प्रत्येक उद्योग तक "24 घंटे गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति" सुनिश्चित की जाए। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने यह भी बताया कि जनपद बरेली में पिछले तीन वर्षों में लगभग 1000 करोड़ रुपये के कार्य किए गए हैं।

## लगभग 11.23 करोड़ की लागत से रायफल क्लब का हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम के दौरान नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित रायफल क्लब बरेली का भी भव्य शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि रायफल क्लब न केवल युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देगा बल्कि उन्हें अनुशासन, एकाग्रता और राष्ट्रभक्ति की भावना से भी जोड़ने का माध्यम बनेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों में अपनी भागीदारी बढ़ाएं, क्योंकि खेल से शरीर ही नहीं, मन और समाज भी सशक्त होता है।

अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि "नगरीय क्षेत्र विकास के चुंबक होते हैं।" उन्होंने कहा कि जब नगर स्वच्छ, सुव्यवस्थित और तकनीकी रूप से सक्षम बनते हैं, तो निवेश, रोजगार और जनसुविधाओं के अवसर बढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "स्मार्ट सिटी मिशन" और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के "सेफ सिटी" अभियान के तहत आज उत्तर प्रदेश के कई शहर देश में आदर्श उदाहरण बनकर उभरे हैं। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि निजी एवं सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे हटाना योगी सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर शिथिलता या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा स्पष्ट है, जनता को भयमुक्त, भ्रष्टाचारमुक्त और पारदर्शी प्रशासन" प्रदान करना। जनता के कार्यों में अनावश्यक विलंब या भेदभाव करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## डबल इंजन की सरकार ने बरेली में किया अभूतपूर्व विकास

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बरेली ने बीते वर्षों में अभूतपूर्व विकास देखा है। चाहे वह सड़क निर्माण हो, विद्युत आपूर्ति, सीवरेज व्यवस्था, आवास, शिक्षा या खेल का क्षेत्र हर दिशा में बरेली ने प्रगति के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत 2047" के लक्ष्य की दिशा में उत्तर प्रदेश सबसे अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है।

## बरेली सहित पूरे प्रदेश के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध

अंत में मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार बरेली सहित पूरे उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा जनता के विश्वास और सहयोग से हम उत्तर प्रदेश को न केवल आत्मनिर्भर, बल्कि देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों में शामिल करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मेयर उमेश गौतम, सदर विधायक संजीव अग्रवाल एवं प्रबुद्ध जनों में आईवीआरआई के वैज्ञानिक अनुज चौहान, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज के केशव अग्रवाल, आईएमए के प्रसिडेंट अतुल श्रीवास्तव, यू पी चेम्बर ऑफ कोमर्स से राजेश गुप्ता आदि ने विकसित भारत, समर्थ उत्तर प्रदेश को लेकर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक नवाबगंज एमपी आर्य, विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह/बहोरन लाल मौर्य, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, मुख्य अभियंता विधुत ज्ञान प्रकाश, बीजेपी महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# सांसद ने दिखाई रन फॉर एंपावरमेंट को हरी झंडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** मिशन शक्ति अभियान-5.0 के तहत शनिवार को रन फॉर एंपावरमेंट नोएडा स्टेडियम से आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ गौतमबुद्ध नगर के सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर महेश शर्मा ने किया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुलिस अधिकारियों, एनजीओ के सदस्यों, विद्यालयों की छात्राओं द्वारा प्रतिभा किया गया। रन फॉर एंपावरमेंट एक जागरूकता के लिए आयोजित किया गया। यह नोएडा स्टेडियम के आसपास के विभिन्न मार्गों से गुजरकर स्टेडियम पर समाप्त हुई।






कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ महेश शर्मा प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में नारी शक्ति की गरिमा एवं आत्म स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए जनहित में कई कार्य किए जा रहें है।

वहीं अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि रन फॉर एम्पावरमेंट में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उमंग व उत्साह के साथ भाग लिया। नारी सुरक्षा संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों को गौतमबुद्ध नगर पुलिस द्वारा लगातार संचालित किया जा रहा हैं। जिसमें जागरूकता के कार्यक्रम, राज्य सरकार द्वारा जो विभिन्न योजनाएं महिला कल्याण, महिला सुरक्षा, महिला जागरूकता को लेकर चलाई गई है, उसका लाभ दिलाने के लिए महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा अवेयरनेस के ड्राइव चलाई जा रही है। मौके पर जाकर जो समस्याएं महिलाओं से संबंधित है, उनका तत्काल निस्तारण किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रन फॉर एंपावरमेंट में शामिल हुई प्रतिभागियों ने नारी सशक्तीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस दौड़ ने न केवल जागरूकता फैलाई, बल्कि समाज में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी दिया।

# नोएडा डिपो से एक बार फिर अनुबंध पर निजी बसें चलाने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आठ साल बाद नोएडा डिपो से एक बार फिर अनुबंध पर निजी बसें चलाने की तैयारी है। परिवहन निगम सोमवार को दस रूट पर साधारण बस चलाने के लिए टेंडर जारी करेगा। यह बसें जिले के ग्रामीण रूट पर उतारी जाएंगी। इसके लिए प्रावधान में संशोधन किया गया है। वर्ष 2017 में नोएडा डिपो से अनुबंध पर निजी ऑपरेटर की दो वातानुकूलित बसें चलती थीं। दोनों बसें जनरथ थी। इसमें एक बस नोएडा से प्रयागराज और दूसरी लखनऊ के लिए चलती थी।

कुछ समय बाद निजी ऑपरेटर ने घाटे का हवाला देते हुए बसों की सुविधा को जारी रखने में अक्षमता जाहिर की। इसके बाद उत्तर प्रदेश परिवहन निगम से करार खत्म हो गया। अधिकारियों का कहना था कि दूसरे प्रदेश के परिवहन निगम के साथ करार कर ऑपरेटर बस की सुविधा शुरू करना चाहता है, इस कारण उसने कदम पीछे खींचे हैं। इसके बाद अनु. बंधित बसें डिपो से नहीं शुरू हो सकीं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि पहले मिनी बसों को ग्रामीण रूट पर चलाया जाना था, लेकिन योजना में बदलाव कर दिया गया है। मुख्यालय से नौ अक्तूबर को डीजल-सीएनजी बस अनुबंध योजना का कार्यालय आदेश मिला है। इसके तहत बस ऑपरेटर्स से अनुबंध के लिए टेंडर प्रक्रिया के जरिए आवेदन आमंत्रित किए जाने हैं। उन्होंने कहा कि बस अनुबंध प्रावधानों में कुछ संशोधन भी किए गए हैं। इसमें सबसे प्रमुख संशोधन यह है कि बसों में निजी ऑपरेटर का ही परिचालक होगा। पहले के प्रावधान में चालक निजी बस ऑपरेटर का होता था ,लेकिन परिच. ालक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का रखना अनिवार्य था। उन्होंने कहा कि संभव है कि निजी बस ऑपरेटर अनुबंध योजना में अब दिलचस्पी दिखाएंगे।

ऑपरेटर्स ने अनुबंध में नहीं दिखाई थी दिलचस्पी बीते वर्षों में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से कई बार अनुबंध की योजनाएं लाई गईं, लेकिन निजी बस ऑपरेटर्स ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसकी वजह उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से लागू प्रावधानों को लेकर निजी बस ऑपरेटर्स का सहमत नहीं होना था। यहीं कारण है कि प्रावधानों में संशोधन किया गया है। इन शहरों के लिए सेवा उपलब्ध नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो से कई शहरों के लिए बसे चलती हैं। इसमें आगरा, मथुरा, एटा, कासगंज, बंदायू, हरिद्वार, कोटद्वार, मेरठ, शिको. हाबाद, अलीगढ़, बिजनौर, नजीबाबाद, लखनऊ, बरेली समेत अन्य शहरों की बसें शामिल हैं। सभी साधारण और सीएनजी से चलने वाली बसें हैं।

# ग्रेनो में दीवाली से पहले दूर सीवर की समस्या हो जाएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अल्फा, बीटा, गामा व डेल्टा सहित 10 से अधिक सेक्टरों में दीवाली से पहले सीवर ओवरफ्लो की समस्या दूर हो जाएगी। सेक्टर पी-3 गोलचक्कर के पास तीन सौ मीटर में टूटी मुख्य सीवर लाइन के समानांतर नई लाइन बिछाने का काम पूरा हो गया है। इस लाइन को अब मुख्य सीवर लाइन से जोड़ने का काम चल रहा है,जो अगले कुछ दिनों में पूरा हो जाएगा। दरअसल सेक्टर पी -3 गोलचक्कर (उदमन होटल) के पास सीवर की मुख्य पाइप लाइन एक साल पहले क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके चलते शहर के मुख्य आवासीय सेक्टरों में सीवर की व्यवस्था बिगड़ चुकी है।

घरों के सामने और बाजारों में जगह-जगह पर सीवर ओवरफ्लो होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राधिकरण द्वारा मशीन व टैंकर से सफाई कराई जा रही है,लेकिन ज्यादा राहत नहीं मिल रही है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने टूटी लाइन के समानांतर नई सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा कर लिया है।

इससे बड़ी राहत मिल जाएगी। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक सीवर विभाग विनोद शर्मा ने बताया कि नई सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा होने के बाद उसे मुख्य लाइन से जोड़ने का काम चल रहा है। दीवाली से पहले व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाएगी। सेक्टरों में जहां भी सीवर ओव. रफ्लो की समस्या है,उसे दूर किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा बराबर इसकी निगरानी की जा रही है। इन सेक्टरों को फायदा होगा प्राधिकरण के मुताबिक सेक्टर पी-3 गोलचक्कर के समीप क्षतिग्रस्त मुख्य सीवर लाइन के समानांतर नई लाइन बिछाने से शहर के अल्फा,बीटा, गामा, डेल्टा, स्वर्णनगरी आदि सेक्टरों के अलावा आसपास के गांवों को भी फायदा होगा। घरों से निकलने वाला गंदा पानी बिना किसी अवरोध के कासना स्थित एसटीपी तक पहुंच जाएगा। चार एसटीपी चालू स्थिति में ग्रेटर नोएडा में अभी चार एसटीपी चालू स्थिति में हैं। इनमें कासना में 137 एमएलडी, इकोटेक-3 में 20 एमएलडी, इकोटेक-2 में 15 एमएलडी और बादलपुर में 2 एमएलडी क्षमता के एसटीपी शामिल हैं। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-1 में 45 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण चल रहा है। वहीं सेक्टर आईटी सिटी में 12 एमएलडी क्षमता एसटीपी के निर्माण की तैयारी चल रही है। दीवाली से पहले सीवर ओवरफ्लो की समस्या दूर हो जाएगी। सेक्टर पी-3 के पास नई सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा होने के बाद अब मुख्य लाइन से जोड़ने का काम चल रहा है। इससे ग्रेटर नोएडा ईस्ट जोन की सीवरेज व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ व सुचारू रूप से सुनिश्चित हो सकेगी। इसके साथ ही घरों व फैक्टरियों से निकलने वाले गंदे पानी को शोधित कर उसे पुन: प्रयोग में लाने का काम चल रहा है। शोधित सीवर के पानी को हरित क्षेत्र की सिंचाई व अन्य कार्यों में उपयोग में लाया जा रहा है।

# यमुना प्राधिकरण के ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण देख सीईओ ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा से यमुना सिटी को जोड़ने वाली 60 मीटर सड़क का निर्माण कार्य एक माह में पूरा हो जाएगा। शनिवार को 60 मीटर चौड़ी सड़क के काम का निरीक्षण करने पहुंचे सीईओ राकेश कुमार सिंह को तीन जगह पर सड़क अधूरी मिली। सीईओ को बताया गया कि यहां किसानों के साथ विवाद की वजह से जमीन नहीं मिल पाई थी। अब जमीन खरीदने के लिए सहमति बन गई है। सीईओ ने यहां जल्दी काम शुरू कराने के लिए आदेश दिया है।



दोपहर में निरीक्षण करने पहुंचे सीईओ राकेश कुमार सिंह ने यमुना एक्सप्रेसवे के पास से गुजरने वाली 60 मीटर सड़क का काम देखा। ग्रेनो प्राधिकरण के क्षेत्र के बाद इस सड़क को आगे यमुना सिटी तक बनाने का काम यीडा कर रहा है। तीन जगह पर काम बंद होने पर जीएम प्रोजेक्ट राजेंद्र भाटी से पूरे मामले में जानकारी ली। जीएम प्रोजेक्ट ने बताया कि सलारपुर अंडरपास से पहले दनकौर के कुछ किसानों से सहमति नहीं मिली थी। अब ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ वार्ता के बाद सहमति के शपथ पत्र मिल गए हैं। यहां टेंडर कर सड़क का काम शुरू कराया जाना है।

**सीईओ को होते मिले अवैध निर्माण:** निरीक्षण के समय सीईओ को सेक्टर 22डी में शामिल चपारगढ़ गांव में 30 मीटर रोड व ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण मिला। वहीं नजदीक में अवैध निर्माण भी चालू थे। इस पर सीईओ ने नाराजगी जताई। इन निर्माण को तुरंत बंद कराते हुए कार्रवाई के लिए सीईओ ने कहा है। सेक्टर 22डी की 30 मीटर रोड से अतिक्रमण हटा सड़क पूरी बनवाने के लिए कहा भी कहा गया है।

सेक्टर-20 और 21 में भी सड़क अधूरी सीईओ को मिली। जीएम प्रोजेक्ट का कहना है कि किसानों से जमीन नहीं मिलने की वजह से इसमें देरी हुई है। यहां अटके हुए हिस्सों में अब काम शुरू करा दिए गए हैं। मिट्टी बिछाने काम पूरा हो गया है। जल्दी ही सड़क बनाने का काम पूरा करा दिया जाएगा। सीईओ ने इसे एक महीने में खत्म कराने के लिए अधिकारियों को कहा। सीईओ का कहना है कि इन हिस्सों में सड़क बनने के बाद ग्रेटर नोएडा से यमुना सिटी इस 60 मीटर रोड से जुड़ जाएगा। इसका फायदा यह होगा कि ग्रेटर नोएडा से आने पर सेक्टर-29 तक आवाजाही सीधे हो जाएगी।

**एयरपोर्ट तक लिंक होगी सड़क:** सेक्टर-21 के बाद एयरपोर्ट लिंक रोड से भी इस 60 मीटर रोड को जोड़ा जाना है। इसके लिए करीब तीन किमी लंबाई में भी किसानों से जमीन यीडा को लेनी है। सीईओ ने बताया कि सेक्टर-21 के बाद एयरपोर्ट लिंक रोड तक तीन किमी के पैच में सड़क बनाने के लिए सहमति किसानों से प्राधिकरण के भूलेख विभाग को मिल गई है। जीएम प्रोजेक्ट को इस सड़क का टेंडर कराने का आदेश किया गया है जिससे काम तेजी से पूरा हो सके। जेवर में सबोटा तक इस 60 मीटर रोड को जोड़ने के लिए इस किमी में शामिल खसरा की जमीनों की खरीद प्राथमिकता पर प्राधिकरण करेगा। मार्च तक इस सड़क का काम पूरा कराने का लक्ष्य दिया गया है। दयानतपुर के पास इस 60 मीटर रोड को नवनिर्मित एयरपोर्ट इंटरचेंज से भी लूप बनाकर जोड़ा जाएगा। यह पूरी कवायद नोएडा एयरपोर्ट के अलावा यमुना सिटी के दूसरे सेक्टर तक पहुंच आसान बनाने के लिए की जा रही है।

**एनएचएआई बनाएगी यमुना सिटी की 130 मीटर रोड:** सीईओ ने नोएडा एयरपोर्ट के आसपास और एयरपोर्ट कार्गो तक बन रही सड़कों के काम भी देखा। खासतौर पर एनएचएआई द्वारा बनाई जा रही 30 मीटर रोड के काम का निरीक्षण किया। यहां जमीन के विवाद पता चलने पर प्राथमिकता पर इसे निस्तारित कराने के लिए उन्होंने अधिकारियों से कहा। इसके अलावा यीडा की 130 मीटर मास्टर प्लान रोड को सेक्टर-8डी तक जोड़ने के लिए सर्वे करा जमीनों की खरीद शुरू कराने का निर्देश भी सीईओ ने दिया है। एनएचएआई ही इस सड़क का निर्माण भी करेगी।

## एक नजर

### संस्थान की फेंचाइजी लेने के नाम पर 80 लाख ठगे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** एक मेडिकल संस्थान की फ्रेंचाइजी लेने के नाम पर 80 लाख की धोखाधड़ी की गई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन डॉक्टरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पूर्वांचल रॉयल सोसाइटी में निशा शर्मा परिवार के साथ रहती हैं। निशा शर्मा ने न्यायालय को बताया कि डॉक्टर मीना मोहम्मद, डॉक्टर जरीना बेगम, डॉक्टर कल्याणी करनाम ने उनके संस्थान से फ्रेंचाइजी ली थी। आरोप है कि तीन डॉक्टरों ने उनके संस्थान की फ्रेंचाइजी का दुरुपयोग किया और रुपये भी हड़प लिया।
इन सभी ने संस्थान के साथ धोखाधड़ी कर करीब 80 लाख रुपये की ठगी कर ली। इस मामले की शिकायत पुलिस से की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन पीड़िता को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब न्यायालय के आदेश पुलिस ने आरोपी डॉक्टरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बीटा दो कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### अपहरण मामले में सात साल बाद मांगी अग्रिम जमानत, खारिज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट की अदालत ने एक नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। फैसले में अदालत ने कहा कि आरोपी सात साल बाद अग्रिम जमानत मांगने के लिए आया है। साथ ही वह खुद को निर्दोश साबित करने में विफल रहा है। मामला कोतवाली इकोटेक-3 में 2018 में दर्ज किया गया था।
अभियोजन के अनुसार शिकायतकर्ता की 14 वर्षीय पुत्री को आरोपी विकास के साथ एक अन्य आरोपी बबलू और शैलेंद्र बहलाकर ले गए थे। पीड़िता अपने घर से 1.50 लाख रुपये नकद, सात तोला सोना और 900 ग्राम चांदी भी ले गई थी। जांच के बाद अदालत में अन्य सह-आरो. पियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई जबकि विकास को फरार बताया गया। आरोपी के वकील ने अदालत में तर्क दिया कि आरोपी ने न तो लड़की को बहलाया है और न ही उसे उसके कब्जे से उसे ढूंढा गया है। वहीं, विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि आरोपी ने लगभग सात वर्षों तक खुद को न्यायिक प्रक्रिया से दूर रखा। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के पी. चिदंबरम बनाम प्रवर्तन निदेशालय (2019) के मामले का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि अग्रिम जमानत केवल असाधारण मामलों में दी जा सकती है जहां आरोप निराधार हों। इस कारण अदालत ने अग्रिम जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।

### नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो में आई तकनीकी खराबी, लगभग 45 मिनट से प्रभावित

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की एक्वा लाइन मेट्रो में शनिवार को अचानक तकनीकी खराबी आ गई। तकनीकी दिक्कत के चलने संचालन पिछले 45 मिनट से बंद रही। मेट्रो को अलग अलग स्टेशन पर रोका गया है। मेट्रो में सफर कर रहे यात्री परेशान हैं।
मिली जानकारी के अनुसार, मेट्रो लगभग 11:05 बजे रुकी और करीब 11:35 बजे तक नहीं चली। इसके बाद स्टेशन नंबर 143 से 11:37 बजे ट्रेन रवाना हुई लेकिन स्टेशन नंबर 142 पर 11:39 बजे दोबारा रुक गई। करीब 16 मिनट बाद यानी 11:55 बजे मेट्रो ने फिर से चलना शुरू किया और सेक्टर 83 स्टेशन से 12:07 बजे आगे बढ़ी। हालांकि, देरी के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है, लेकिन लगातार रुक-रुक कर चलने से यात्रियों में नाराजगी देखी जा रही है। कई यात्रियों ने सोशल मीडिया पर इसकी शिकायत करते हुए छडत्ब (छवपकं डमजतव त्ंपस ब्वतचवतंजपवद) से जवाब मांगा है। इस संबंध में एनएमआरसी की प्रवक्ता निशा वधावन ने बताया मेट्रो का संचालन नहीं रुका था। मेट्रो के सिग्नल में दिक्कत वजह से रुक रुककर चल रही थी। मैनुअल संचालन में मेट्रो स्लो रही। इसकी पूरी जानकारी कुछ देर में टाइमलाइन के साथ प्रबंधन की ओर से जारी की जायेगी।

# आंगनबाड़ी केंद्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मिशन शक्ति और पोषण माह अभियान के तहत बाल विकास परियोजना अधिकारी दनकौर संध्या सोनी ने आंगनबाड़ी केंद्र एच्छर का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान केंद्र पर टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा महिला सशक्तिकरण के प्रति जनजागरूकता फैलाना रहा। उन्होंने ने योजना के लाभार्थियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को पॉलिथीन का प्रयोग ना करने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि पॉलिथीन का अत्यधिक प्रयोग मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ पृथ्वी, जलवायु और वायुमंडल को भी प्रदूषित करता है। पॉलिथीन में रखे खाद्य पदार्थ अनेक बीमारियों, विशेषकर कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकते हैं।

वहीं महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की जानकारी भी दी गई। उन्होंने बताया कि ये योजनाएं गर्भवती महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण पहल हैं, जिनके माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को सीधा आर्थिक लाभ प्राप्त होता है।

# कंस्ट्रक्शन इमारत में लगी आग

**नोएडा।** सेक्टर-107 ग्रेट वैल्यू शरणम सोसाइटी की एक अंडर कंस्ट्रक्शन इमारत में आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही मौके पर तीन गाड़ियों को भेजा गया। आग कंस्ट्रक्शन के लिए लाए गए सामान में लगी थी। जिसे 30 मिनट की मशक्कत के बाद काबू पाया गया। आग से कोई जन नुकसान नहीं हुई है। हालांकि यहां रखा कंस्ट्रक्शन का सामान जल गया।

ग्रेट वैल्यू शरणम सोसाइटी में इमारत का निर्माण किया जा रहा है। इसके ग्राउंड फ्लोर पर सामान रखा था। जिसमें अचानक से आग लग गई। आग से धुआं भरने लगा। मौके पर मौजूद लोग बाहर आ गए। गार्ड ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। आग फैले नहीं इसके लिए पहले पानी सामान पर डाला गया। उसे हटाया गया।

# तमंचे के साथ बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने शनिवार को सेक्टर-29 के पास से एक बदमाश को धर लिया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान सेक्टर नौ निवासी परवेज उर्फ जानू के रूप में हुई है। 20 वर्षीय परवेज के खिलाफ आर्म्स और आबकारी ऐक्ट समेत अन्य धाराओं में चार केस फेज वन और सेक्टर-20 थाने में दर्ज हैं। अन्य थानों से भी उसका आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। आरोपी ने बताया कि वह चोरी और लूट की नीयत से क्षेत्र में घूम रहा था। वारदात का विरोध करने पर लोगों को धमकाने के लिए वह अपने पास तमंचा रखता है।

# गलत इंजेक्शन से छात्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में शुक्रवार को एक छात्र की कथित तौर पर गलत इंजेक्शन लगने से मौत हो गई। मामले में परिजनों और ग्रामीणों ने एसीपी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ तत्काल कार्रवाई और क्लिनिक बंद करने की मांग की। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच का आश्वासन दिया है।

हापुड़ के नगला गांव का रहने वाला रजत भाटी (15) नौवीं कक्षा का छात्र था। 4 अक्टूबर को अचानक तबीयत खराब हो गई थी। उसे बुखार था, जिसके बाद परिजन उसे जारचा थाना क्षेत्र के एक निजी क्लिनिक पर ले गए। वहां डॉक्टर ने उसे दो इंजेक्शन लगाए। परिजनों के अनुसार, इंजेक्शन लगते ही रजत का शरीर नीला पड़ गया। आनन-फानन में उसे दूसरे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि क्लिनिक के डॉक्टर द्वारा लगाए गए गलत इंजेक्शन के कारण ही रजत की तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद, परिजनों ने रजत का दाह संस्कार कर दिया था और सीएमओ से शिकायत भी की थी, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी के चलते शुक्रवार को ग्रामीण एक बार फिर एकजुट होकर दादरी एसीपी कार्यालय पहुंचे।

**आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग:** प्रदर्शनकारियों ने क्लिनिक को बंद करने, आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने बताया कि उन्हें 5 दिन पहले हुई इस मौत के संबंध में शिकायत मिली है। परिजनों ने क्लिनिक संचालक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि क्लिनिक संचालक घटना के बाद से ही क्लिनिक बंद कर फरार है।

# ओखला पक्षी विहार में लोगों के लिए चार ई-कार्ट चलेंगे

**नोएडा।** ओखला पक्षी विहार में सर्दियों में बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी पहुंचते हैं। इन पक्षियों को देखने के लिए यहां पर्यटकों की तादात भी अधिक होती है। वन विभाग के मुताबिक ओखला पक्षी विहार में सर्दी में चार ई कार्ट चलाए जाएंगे। इससे पर्यटकों को सुविधा होगी। हालांकि ओखला पक्षी विहार की झील अभी सूखी हुई है, जबकि प्रवासी पक्षियों के आगमन का समय निकट है। फॉरेस्ट रेंजर अमित गुप्ता ने कहा कि ओखला पक्षी विहार में छह ई कार्ट थे, जिनमें से दो सूरजपुर वेटलैंड में भेज दिए गए हैं। अभी ओखला पक्षी विहार में पर्यटकों की संख्या अधिक नहीं है।

इस कारण जरूरत के अनुसार ई कार्ट चलाए जा रहे हैं। पर्यटकों की संख्या बढ़ने पर चार ई कार्ट चलेंगे। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग की ओर से ओखला और हिंडन की तरफ नदी में गेटों की मरम्मत का काम किया जा रहा है। इसकी वजह बीते समय में बाढ़ के कारण गेट को नुकसान पहुंचना बताई जा रही है। पानी रोके जाने के कारण ओखला पक्षी विहार की झील का पानी सूख गया है। सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मरम्मत कार्य में करीब एक हफ्ते का समय लगेगा, जिसके बाद झील में पानी आएगा। झील में पानी आने के बाद ही सफाई का काम शुरू किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सर्दियों में बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी ओखला पक्षी विहार में पहुंचते हैं। यह मुख्य रूप से अक्टूबर से मार्च के दौरान देखे जाते हैं। यह पक्षी मध्य एशिया, यूरोप और साइबेरिया जैसे क्षेत्रों से लंबी दूरी तय करके आते हैं, क्योंकि इन क्षेत्रों में अत्यधिक ठंड और जमा देने वाली परिस्थितियों से बचने के लिए उन्हें एक अनुकूल आवास की तलाश होती है।

# ग्रेटर नोएडा सबसे अधिक वायु प्रदूषित शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** देश में रविवार को ग्रेटर नोएडा सबसे वायु प्रदूषित शहर रहा। शहर का एक्यूआई 280 दर्ज किया गया। इस महीने तीन दिन शहर की हवा खराब श्रेणी में रही। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए जल्द ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सभी विभागों के साथ बैठक करेगा। नोएडा का एक्यूआई 225 दर्ज किया गया। नोएडा में सबसे वायु प्रदूषित स्थान सेक्टर-125 रहा। यहां एक्यूआई 314 तक पहुंच गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार यह स्थान कई वर्षों से हॉटस्पॉट बना हुआ है। ग्रेटर नोएडा में सबसे वायु प्रदूषित स्थान नॉलेज पार्क थ्री रहा। यहां का एक्यूआई 292 दर्ज किया गया।



सभी स्थानों पर पीएम 10 का स्तर पीएम 2.5 के स्तर से अधिक दर्ज किया गया। अधिकतम स्तर 500 तक पहुंच गया। देश में दूसरा सबसे वायु प्रदूषित शहर गुजरात का वापी रहा। यहां का एक्यूआई 276 दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रयास चल रहा है। सभी विभागों और प्राधिकरणों के साथ जल्द ही बैठक कर रणनीति तैयार की जाएगी। पहले से निर्धारित हॉटस्पॉट पर काम चल रहा है। अभी तक निर्धारित हॉट स्पॉट यमुना पुस्ता रोड, सेक्टर-115, 115 साथ के सात और सेक्टर, नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे, सेक्टर-150, दादरी रोड, सेक्टर-62 से 104 तक, सेक्टर-62, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपीएसआईडीसी सूरजपुर साइट सी, गौर चौक, एक मूर्ति, परी चौक, तिलपता चौक, सूरजपुर से ग्रेटर नोएडा वेस्ट रोड, कासना और पुलिस लाइन सूरजपुर से गौर चौक तक।

वायु प्रदूषण बढ़ने की स्थिति में इसमें नए हॉट स्पॉट भी जुड़ सकते हैं। साथ ही इनमें से कई हॉट स्पॉट हटाए भी जा सकते हैं। जाम, निर्माण, कूड़ा और धूल मुख्य कारण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार नोएडा में जाम और निर्माण कार्य वायु प्रदूषण के मुख्य कारण हैं। वहीं ग्रेटर नोएडा में निर्माण, जाम, कच्ची सड़कों से उड़ने वाली धूल, कूड़ा और कूड़े में आग मुख्य वजह हैं। इसके लिए दोनों शहरों के अलग-अलग हॉट स्पॉट के लिए अलग-अलग कारण निर्धारित किए गए हैं। ग्रेटर नोएडा के गौर चौक, एक मूर्ति चौक, परी चौक, तिलपता चौक, कासना आदि स्थानों पर वायु प्रदूषण के कारण ट्रैफिक जाम है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# मुख्य डाकघर में सिपाही दम्पति के साथ मारपीट

## गार्ड ने लाइसेंसी रायफल से की फायरिंग, मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बेटे का आधार कार्ड बनवाने मुख्य डाकघर पहुंचे सिपाही के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। डाकघर कर्मियों पर आरोप है कि सिपाही की पत्नी के साथ मारपीट की गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी फरार हो गये। जबकि गार्ड ने घटना के समय दो राउंड फायरिंग कर दहशत भी फैलायी। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

जानकारी के मुताबिक नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव कौराल निवासी शुभम त्यागी यूपी पुलिस में सिपाही है। वर्तमान में तैनाती जौनपुर जिले की पुलिस लाइन में चल रही है। शुभम त्यागी इन दिनों छुट्टी पर घर आया हुआ है। शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे वह पत्नी ज्योति को लेकर बेटे का आधार कार्ड बनवाने के लिए शहर में कोट चौराहे पर स्थित मुख्य डाकघर आया था। शुभम ने डाकघर कर्मियों से आधार कार्ड का फॉर्म मांगा। आरोप है कि आधार कार्ड बनाने की मशीन खराब होने की बात कहते हुए फॉर्म देने से मना कर दिया। लेकिन, बाद में जब सुरक्षा गार्ड से पूछा तो उन्होंने

**■ बेटे का आधार कार्ड बनवाना था जौनपुर में तैनात है सिपाही, पुलिस ने गार्ड को हिरासत में लिया**

आधार कार्ड बनवाने के लिए फार्म लेने की बात कही। इसके बाद सिपाही शुभम त्यागी आधार कार्ड बनवाने के लिए फार्म लेने वाली लाइन में लग गया। लेकिन, जब नंबर आया तो विंडो पर बैठे कर्मी ने फार्म देने से मना कर दिया। शुभम त्यागी ने कारण पूछा तो एक दिन सिर्फ 44 फार्म वितरित करने की बात कही। इसके बाद शुभम त्यागी ने कार्यालय में जाकर आधार कार्ड बनवाने की बात कही। बताया कि इसी जरूरी काम के लिए छुट्टी लेकर आया हूं अगर नहीं हुआ तो मेरे सारे काम अधर में लटक जाएंगे। आरोप है कि किसी ने एक नहीं सुनी। शुभम त्यागी ने खुद को पुलिस स्टाफ से बताया और शासनादेश के बारे में जानने का प्रयास किया। बस इतनी ही बात पर कर्मियों ने अभद्रता शुरू कर दी। जिस पर शुभम त्यागी ने मोबाइल निकाल वीडियो बनाने शुरू कर दी। आरोप है कि कर्मियों ने मोबा. इल छीन लिया और चारों तरफ से गेट बंद करने के बाद मारपीट करने लगे। इस दौरान पत्नी ज्योति बचाव में आई तो उनके साथ भी मारपीट की। घटना से डाकघर में अफरातफरी मच गई। आरोप है कि डाकघर के सुरक्षा गार्ड ने अपनी लाइसेंसी राइफल से दो राउंड हवाई फायरिंग कर दी। घबराए शुभम त्यागी ने तुरंत पत्नी के फोन से डायल 112 पुलिस को घटना की जानकारी दी। जैसे ही डाकघर के बाहर पुलिस की गाड़ी पहुंची तो आरोपी कर्मी डाकखाना छोड़ फरार हो गए। इसके बाद पुलिस सुरक्षा कर्मी को कोतवाली ले गई और पूछताछ शुरू कर दी।



■ अमरोहा। डाकघर में फायरिंग की घटना के बाद जानकारी करती पुलिस।

# वाहन की चपेट में आकर युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक घायल हो गया। नगर के मोहल्ला कनैटा रोड निवासी दानिश पुत्र शमशाद शुक्रवार रात करीब 8 बजे सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने दानिश को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंच गये।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने दानिश की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।फिलहाल परिजनों ने इस पूरे मामले की पुलिस को जानकारी दे दी है। और पुलिस आगे की आवश्यक कार्यवाही कर रही है।



■ अमरोहा। ट्रेड फेयर में लगे स्टॉल का अवलोकन करते सांसद, डीएम व चेयरमैन।

# स्वदेशी अपनाकर देश के विकास को दें गति

## सांसद तंवर ने किया ट्रेड फेयर का उदघाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि हमें देश के विकास के लिये स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना होगा। स्वदेशी ही हमारी शान व आन है।

जेएस हिन्दू इंटर कालेज के मैदान में आज सांसद कंवर सिंह तंवर ने ट्रेड का फीता काटकर उदघाटन किया। इसके बाद मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वल्लित किया गया। सांसद ने कहा कि देश के विकास को स्वदेशी अपनाकर ही गति दी जा सकती है। हमें संकल्प लेना चाहिये कि हम देश में बनी वस्तुओं का ही इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी को देश का सर्वश्रेष्ठ नेता बताते कहा कि उनके कार्यकाल में जितना विकास भारत का हुआ है आज तक किसी सरकार ने नहीं किया। उन्होंने यहां लगे स्टालों का अवलोकन भी किया। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने

**■ लघु उद्यमियों को मिलेगा लाभ:डीएम**

कहा कि इस तरह के मेले का आयोजन करने से छोटे उद्योगों को नया आयाम मिलेगा। यहां लगने वाले स्टाल पर स्वदेशी आइटम हर समय मौजूद रहेंगे। इसके अलावा मेले में सांस्कृतिक व मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध है। डीएम ने लोगों से अपील करते कहा कि वह देश के विकास में अपना सहयोग दें तथा विदेशी चीजों का बहिष्कार कर स्वदेशी अपनाये। विधायक राजीव तरारा ने कहा कि स्वदेशी अपनाने से हमारे साथ-साथ देश का भी भला होगा। लोगों को रोजगार मिलेगा तथा बेरोजगारी दूर होगी। चैयरमेन शशि जैन ने कहा कि मेले के माध्यम लघु उद्यमियों को काफी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, ऋषिपाल नागर, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो, वीरेन्द्र सिंह, भूप सिंह बेनीवाल, राम सिंह सैनी, अतुल चौधरी, पूरन सिंह, राकेश वर्मा, संदीप दीक्षित, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, अम्बरीष कुमार मौजूद रहे।

# उधार के पैसे मांगने पर फार्मासिस्ट को पीटा

## टैक्नीशियन, साले समेत कई पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** उधर के रुपये मांगने पर लैब टेक्नीशियन ने अपने साले और अज्ञात साथियों के साथ मिलकर नगर सीएचसी में तैनात फार्मासिस्ट के साथ मारपीट की। उनकी कार के शीशे तोड़ दिए। जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पीड़ित फार्मासिस्ट रणवीर अमरोहा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात हैं। वह फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं। सीएचसी परिसर में आवासीय कॉलोनी में रहते हैं। नौ अक्तूबर की रात करीब पौने आठ बजे रणवीर सिंह किसी काम से जिला अस्पताल गए थे। तभी, ब्लड बैंक पर तैनात लैब टेक्नीशियन मोहित चौधरी से हाल-चाल पूछने लगे और उधार दिए रुपये मांगने लगे। आरोप है कि जैसे ही वह बिजली घर से थोड़ा आगे पहुंचे। तभी, मोहित अपने साले सनी और कुछ अज्ञात लोगों के साथ वहां आया और मारपीट की। कार के शीशे तोड़ दिए। घटना में रणवीर सिंह घायल हो गए। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है

# पीड़ित परिवार को धमकाने में दरोगा समेत तीन पर केस

## दबिश के दौरान दम्पति से की थी मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पीड़ित परिवार को दबिश देकर प्रताड़ित करने के मामले में दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीजेएम कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई के बाद पुलिस ने घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। तीनों पुलिसकर्मियों पर देर रात दबिश के दौरान दंपति से मारपीट करने का आरोप है। छेड़छाड़ पीड़िता छत से गिरकर गंभीर घायल हो गई थी और उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। इतना ही नहीं बाद में पुलिस ने उल्टा उसके पति को हवालात में डालकर एनकाउंटर करने की धमकी दी थी।

यह मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र से जुड़ा है। किसान की पत्नी ने बीते साल यहां कुछ लोगों पर छेड़छाड़, मारपीट और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद आरोपी पक्ष लगातार फैसले का दबाव बनाने लगा। मजबूर होकर दंपति गांव छोड़ अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के बंबूगढ़ पंडकी में किराए के मकान पर आकर रहने लगा। इस बीच आरोपियों ने पुलिस से मिलीभगत कर किसान की पत्नी, पिता और भाई पर भी मुकदमा दर्ज करा दिया। किसान ने जिला जज की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की तो पुलिस ने उसके पिता और भाई को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इसके बाद एक फरवरी 2025 की रात नौगावां सादात थाने में तैनात दरोगा रामनिवास, कांस्टेबल धर्मेंद्र और ममता दबिश देने घर पहुंचे। आरोप है कि तीनों ने जबरन घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट की। इसी दौरान छेड़छाड़ पीड़िता छत से गिर गई और उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गई। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद जब किसान शिकायत लेकर थाने गया तो पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि उसे ही हवालात में डालकर डरा-धमका कर कागजों पर हस्ताक्षर करा लिए। इसके बाद पीड़ित किसान ने अदालत की शरण ली थी।।अदालत में सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि पुलिस ने बिना जीडी दर्ज किए, सूर्योदय से पहले दबिश दी, ये तरीका भी गैरकानूनी था। सीजेएम कोर्ट ने इसे गंभीर मानते हुए अमरोहा देहात थाना पुलिस को दरोगा राम. निवास समेत तीनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया था। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित दंपति के बयान व साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूली बच्चों से भरी मैजिक खेत में घुसी

## घटना से बच्चों में मची चीख पुकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** स्कूली बच्चों से भरी मैजिक जुगाड़ को बचाने के चक्कर में गन्ने के खेत में गिर गई। घटना से चीख पुकार मच गई। आस-पास काम कर रहे ग्रामीण दौड़कर घटना स्थल पहुंचे।

एसएलजे पब्लिक स्कूल रहरा की मैजिक प्रतिदिन की तरह शनिवार को भी बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। अभी मैजिक कुछ दूर ही पहुंची थी कि सामने से आ रहे जुगाड़ को बचाने के चक्कर में चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। मैजिक अनियंत्रित होकर गन्ने के खेत में जा घुसी। इस दौरान मैजिक में सवार बच्चों में चीख पुकार मच गई। बताया जाता है कि मैजिक में क्षमता से अधिक बच्चे ले जाये जा रहे है। उधर मैजिक के दुर्घनाग्रस्त की सूचना मिलने पर परि. जनों में हड़कंप मच गया। वह भी आनन फानन में मौके पर पहुंच गये। गनीमत रही की हादसे में किसी भी बच्चें को चोट नहीं आयी। अभिभावकों ने निजी वाहनों से बच्चों को स्कूल तक पहुंचाया। आये दिन क्षेत्र में स्कूली बच्चों के साथ हादसे का खतरा रहता है। इसका कारण है कि जिन वाहनों ने इन बच्चों को ले जाया जाता है उनमें सुरक्षा के इंतजाम हीं नही है।



# चोरी की बाइक समेत तीन लिफ्टर दबोचे

## कांठ बाईपास रोड पर हत्थे चढ़े आरोपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौगावां सादात पुलिस ने बाइक चोरी की घटना का खुलासा कर दिया है। शहर के रहने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार चोरी के अलावा घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद करने का दावा किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान कर दिया है। वहीं, थाना पुलिस ने बीते सप्ताह दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए चोरी की नौ बाइक बरामद की थीं।

सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि करीब 20 दिन पहले अकबरपुर पट्टी मार्ग से एक बाइक चोरी की गई थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस तभी से आरोपियों की सुरागकशी में जुटी थी। इसी कड़ी में शुक्रवार को पुलिस टीम द्वारा कांठ बाईपास पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। उसी दौरान पुलिसकर्मियों ने बाइक पर सवार तीन युवकों को रोक लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आश मोहम्मद निवासी मोहल्ला अहमद नगर, इमरान व कय्यूम निवासी मोहल्ला अफगनान कोतवाली अमरोहा नगर बताया। शक होने पर पुलिस टीम तीनों को थाने ले आई, थोड़ी सख्ती बरतने पर जिन्होंने 19 सितंबर को लिंक रोड से बाइक चोरी की घटना स्वीकार कर ली। सीओ ने बताया कि आरोपी तीनों युवकों ने बाइक के बैग में रखे कपड़े, कागजात व अन्य सामान तालाब में फेंक दिया था जबकि पकड़े जाने के डर में नंबर प्लेट भी तोड़कर फेंक दी थी। तीनों का पुराना अपराधिक रिकॉर्ड है, जिनका चालान कर दिया गया है।

### रास्ते में रोककर युवक के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर से गांव जा रहे एक युवक को रास्ते में रो. ककर 6-7 युवकों ने आम के बाग में खींच लिया और मारपीट करके घायल कर दिया। हमलावरों ने अपने चेहरे पर नकाब लगा रखे थे, हालांकि मारपीट के दौरान एक युवक का नकाब खुल गया जिससे उसकी पहचान हो गई। पीड़ित के भाई ने उसी आधार पर एक युवक के नामजद और 6-7 अज्ञात युवकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सलेमपुर गौसाईं निवासी अजय कुमार शुक्रवार की शाम को अपने घर पर जा रहे थे, रास्ते में तीन बाइकों पर खड़े 06-07 युवकों ने अजय को रोक लिया और मारपीट करके घायल कर दिया। अजय के भाई की तहरीर पर पुलिस ने हितेश पुत्र करन सिंह निवासी सलेमपुर गौसाईं समेत 06-07 अज्ञात युवकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### युवती से अश्लीलता करने वाले पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ लगातार हो रही छेड़छाड़ ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। आरोप है कि गांव निवासी मोहित पुत्र ऋषिपाल युवती को रास्ते में देखकर अश्लील गाने गाता, भद्दे इशारे करता और अभद्रता करता रहा। युवती और उसके परिवार ने कई बार इसे नजरअंदाज करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने विरोध करने पर युवती और उसके पिता के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित परिवार ने कहा कि मोहित पहले भी बार-बार धमकाता रहा है। युवती के पिता की तहरीर पर थाना प्रभारी बालेंद्र कुमार ने आरोपी मोि. हत के खिलाफ छेड़छाड़, धमकी और गालीगलौज की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने पुलिस से आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा खतरे में है और ऐसे मामलों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### नौ किसानों के ट्यूबवैल से उपकरण चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** बैखोफ चोरों ने 9 किसानों के ट्यूवेलों से समरसेबल चलने वाले उपकरणों को चोरी कर लिया। चोरी होने से किसानों में सनसनी फैली हुई है। पुलिस को चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी गई है। थाना सैदनगली क्षेत्र के गांवों में किसानों के ट्यूवेलों के समरसेबल चलने वाले उपकरण चोरी करने वाला गैंग सक्रिय है। गांव सूमाठेर निवासी यादराम पुत्र काले सिंह की ट्यूवेल की कोठरी का गेट तोड़कर स्टार्टर 20 मीटर केबल चोरी कर लिया। ओमकार पुत्र खेमा का स्टार्टर व केबल चोरी कर लिया गया। उदल सिंह पुत्र दुर्गा सिंह ग्राम कनेटा की मढ़ेया का स्टार्टर केबल को चोरी कर लिया गया। विजेंद्र सिंह के दो स्टार्टर व ऑपरेटर केबल को चोरी कर लिया गया।गजेंद्र सिंह पुत्र डालचंद, कुंवरपाल पुत्र प्रकाश, महेश, भगत सिंह पुत्र रामचंद्र, रामप्रकाश पुत्र घासीराम, सरदार पुत्र कुंदन सिंह ग्राम कनेटा की मढ़ेया के स्टार्टर ऑपरेटर व केबल को चोरी कर लिया गया। इसके अलावा शौकत अली ग्राम कनेटा का स्टार्टर केबल को चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी गई है। चोरों ने किसानों को निशाना बनाकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। किसान संगठन लगातार किसानों के उपकरण चोरी किये जाने से पुलिस के खिलाफ लगातार धरना प्रदर्शन भी करते चले आ रहे हैं। पुलिस को चोरों के खिलाफ तहरीर दे दी गई है।

### हक पाने को जागरूक हों महिलाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नगर के बाय मिस पीजी कॉलेज में शनिवार को नारी सशक्तिकरण एवं जागरूकता विषय पर प्रेरक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विचारों से भरे इस मंच में स्पष्ट संदेश दिया सुरक्षा सम्मान और स्वावलंब ही सशक्त समाज की बुनियाद है। कॉलिज प्राचार्य डॉ एके सिंह ने बताया कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। आवश्यकता यह है कि महिलाएं जागरूक हो, अपने हक और अधिकार को जानें। डॉ. शीबा फरीदी ने बताया कि कि 2017 के बाद से प्रदेश का माहौल लगातार बदल रहा है। इस अवसर पर प्रवक्ता कमल चौहान, डॉ नाहिद परवीन सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### चकरोड पर कब्जा, फसलें बर्बाद होने की कगार पर

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** तहसील के ग्राम फन्देड़ी के ग्रामीणों ने थाना दिवस पर एसडीएम को शिकायती पत्र देकर शिकायत की है कि ग्राम की पारम्परिक चकरोड संख्या 310 को कुछ आस-पास के खेत मालिकों ने अवैध रूप से काटकर अपने खेत में मिला लिया है। इससे किसानों का अपने खेतों तक आना-जाना ठप्प हो गया है और फसलें नुकसान के कगार पर पहुँच चुकी हैं। ग्रामीण बताते हैं कि चकरोड संख्या 310 ही उनकी कृषि भूमि तक पहुँचने का एक मात्र मार्ग था। पिछले कुछ समय से कई खेत मालिकों ने अपने-अपने सीमांचल से चकरोड को काटकर जोत में मिला लिया और रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया। बार-बार बातचीत के बावजूद आरोपियों ने रास्ता नहीं खोला, उल्टा गाली-गलौज और धमकियां दीं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार राजस्व टीम व ग्राम प्रधान को सूचित करने पर भी समस्या का ठोस निराकरण नहीं हुआ।

# मुनव्वरपुर पुलिस चौकी पर गिरी गाज

## अवैध खनन पर चौकी प्रभारी व पांच सिपाही निलम्बित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अवैध खनन के लिए बदनाम मुनव्वरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी समेत पूरे स्टाफ को एसपी अमित कुमार आनन्द ने निलम्बित कर दिया जबकि एसओ देहात को लाइन हाजिर किया गया है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र की मुनव्वरपुर पुलिस चौकी से जुड़ा हुआ है। यह क्षेत्र अवैध खनन के लिए बदनाम है। पूर्व में भी चौकी के कई गांवों में अवैध खनन किए जाने से जुड़े मामले सामने आ चुके हैं लेकिन पुलिस की आंखों में धूल झोंक माफिया अब भी इस क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध खनन कर रहे थे। बताया जा रहा है कि माफिया पर कार्रवाई से दूर चौकी प्रभारी विनोद कुमार राठी, सिपाही कुलदीप कुमार, अमित मलिक, विकास यादव, अंकित कुमार व अनुज कुमार ने उनसे साठगांठ कर ली थी। जिसके बाद से क्षेत्र में इंकार खनन किया जा रहा था। दो दिन पूर्व इसकी भनक लगने पर प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने कुछ ट्रैक्टर-ट्राली सीज कर दी थीं लेकिन उन्होंने पूरे मामले की जानकारी पुलिस अफसरों को नहीं दी थी। वहीं, ट्रैक्टर-ट्राली सीज होने की

**■ एसओ देहात को एसपी ने किया लाइन हाजिर**

झुंझलाहट में खनन करने वाले आरो. पियों ने ग्रामीणों को ढाल बनाकर मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से करा दी थी। एसपी ने मामले की जांच सीओ नौगावां सादात अवधभान भदौरिया को सौंपी थी। प्रथम दृष्टया जांच में पुलिसकर्मियों पर लगे आरोप ठीक पाए गए लिहाजा सीओ ने अवैध खनन के खेल में शामिल चौकी स्टाफ की संलिप्ता से जुड़ी रिपोर्ट एसपी को सौंप दी थी। रिपोर्ट मिलने के बाद एसपी ने शुक्रवार देर रात चौकी प्रभारी व पांच सिपाहियों को निलंबित कर दिया। इसके साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। उनके स्थान पर जनशिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी सनोज प्रताप को देहात थाने का नया कोतवाल बनाया गया है। एसपी ने चौकी स्टाफ में प्रभारी व पांच पुलिसकर्मियों के निलंबन की पुष्टि की।

### महिला के साथ छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एक महिला ने पड़ोस के व्यक्ति और उसके तीन साथियों के विरूद्ध छेड़छाड़ और मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार यह मामला नगर के एक मुहल्ले का है। मुकदमा दर्ज कराने वाली महिला का आरोप है कि एक मुहल्ले में उसका प्लॉट है, उसके पास के मकान में रहने वाला व्यक्ति उसके ऊपर बुरी नीयत रखता है। 09 अक्तूबर की शाम को साढ़े पांच बजे वह अपने प्लॉट पर आई हुई थी। इसके बाद आरोपियों ने उसे जमीन पर गिराकर कपड़े फाड़ दिए और उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आजाद उर्फ लाला व तीन चार अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।



# पूरे देश में लागू हो धर्म स्वतंत्र विधेयक

## संत समाज ने कलक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** धर्म स्वतंत्र विधेयक पूरे भारत में लागू करने की मांग को साधू संतों ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। शनिवार को संत समाज और सनातन धर्म प्रेमियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। उन्होंने कहा कि भारत की महानता यह है कि यहां विधिक धर्मो और पंथों के लोग एकता के साथ रहते है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण किसी भी व्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है। राष्ट्र विरोधी ताकतें शक्ति, छल व बल के दम पर तथा प्रलोभन देकर हिन्दू समाज के लोगों का धर्मांतरण करा रहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान में लिखा है कि कोई भी व्यक्ति अपने धर्म के प्रचार प्रसार के लिये स्वतंत्र है। लेकिन दवाब व छल से किसी का भी धर्म परिवर्तन नहीं कराया जा सकता। धार्मिक आस्थाओं की सुरक्षा का अधिकार हम सभी को है। विदेशी धन एवं मिशनरी द्वारा चलाये जा रहे धर्मांतरण से देश के विभिन्न गांवों और निर्धन बस्तियों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संत समाज व समस्त हिन्दू समाज इस कानून का पूरा समर्थन करता है।




# भारत ने दिल्ली टेस्ट में कसा शिकंजा

● वेस्टइंडीज से 378 रन आगे, वेस्टइंडीज के 4 विकेट गिरे, स्टंप्स तक स्कोर 140 रन, जडेजा को तीन विकेट मिले

**नई दिल्ली, वार्ता।** कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 129) के बेहतरीन शतक से भारत ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पांच विकेट पर 518 रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी और लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने तीन विकेट झटककर वेस्ट इंडीज का पहली पारी में स्कोर चार विकेट पर 140 रन कर दिया। विंडीज अभी भारत के स्कोर से 378 रन पीछे है। एक और दिन भारतीयों के नाम रहा।

वेस्टइंडीज ने अहमदाबाद की तुलना में ज़्यादा धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया, लेकिन फिर भी एकाग्रता में कुछ कमियां देखने को मिलीं, जिसका उन्हें इस सीरीज में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। भारत ने आज 5 विकेट पर 518 रन बनाकर पारी घोषित करने से पहले ठीक 200 रन और जोड़े - यशस्वी जायसवाल के 175 और शुभमन गिल के 129, रनों की बदौलत टीम ने बड़ा स्कोर बनाया।

जॉन कैंपबेल एक अजीबा. `गरीब तरीके से आउट हुए, लेकिन तेज नारायण चंद्रपॉल और एलिक ऐथनेज ने धैर्य बनाए रखा और दूसरे विकेट के लिए 66 रनों की साझेदारी की। लेकिन जैसा कि पहले अक्सर होता आया है, एक गलती के कारण चंद्रपॉल आउट हो गए और मेहमान टीम का स्कोर 87/1 से 107/4 हो गया। शाई होप काफी सकारात्मक दिखे और टेविन इमलाक ने आत्मविश्वास से बल्लेबाजी की। विकेट पर अभी भी रन बने हुए हैं और उन्हें कल अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद होगी। भारत के लिए, सब कुछ धैर्य बनाए रखने, सही क्षेत्रों में गें. दबाजी करने और अपरिहार्य गलती का इंतज़ार करने पर निर्भर करता है। भारत के पारी घोषित करने के बाद जब वेस्ट इंडीज ने खेलना शुरू किया तो उसे पहला झटका जल्द ही लगा। लेफ्ट आर्म स्पिनर जडेजा ने जॉन कैंपबेल को आउट कर दिया। कैंपबेल ने 10 रन बनाए और विंडीज का पहला विकेट 21 के स्कोर पर गिरा। तेज नारायण चंद्रपाल और ऐलेक ऐथनेज ने दूसरे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। लेकिन जडेजा ने चंद्रपाल को केएल राहुल के हाथों कैच कराकर इस साझेदारी को तोघ। चंद्रपाल ने 67 गेंदों में 34 रन बनाए। कुलदीप यादव ने कुछ देर बाद ऐलेक ऐथनेज को पवेलियन की राह दिखा दी। ऐथनेज ने 84 गेंदों पर 41 रन बनाए। जडेजा ने विंडीज के कप्तान रोस्टन चेज को खाता खोलने का मौका दिए बिना अपनी ही गेंद पर खुद कैच कर लिया। शाई होप ने इसके बाद सावधानी के साथ खेलते हुए नाबाद 31 रन बनाकर पारी को संभाल लिया। उनके साथ दूसरे छोर पर टेविन इमलाक 14 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की तरफ से जडेजा ने 37 रन पर तीन विकेट और कुलदीप ने 45 रन पर एक विकेट लिया। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 के विशाल स्कोर पर घोषित कर दी। लंच के बाद शुभमन गिल ने शतक बनाकर तेजी के साथ रन बनाने शुरु किए। इसी दौरान 135 ओवर की दूसरी गेंद पर रॉस्टर चेज ने ध्रुव जुरेल को बोल्ड कर भारत को पांचवां झटका दिया और इसी के साथ भारत ने 518 रन के स्कोर पर पारी घोषित कर दी है। शुभमन गिल ने 196 गेंदों में 16 चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 129 रनों की पारी खेली। इससे पहले भारत ने कल के दो विकेट पर 318 रन से आज आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र के दूसरे ही ओवर में यशस्वी जयसवाल रनआउट के रूप में भारत का तीसरा विकेट गिरा।

---

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### अनमोल खरण सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अनमोल खरब ने आर्कटिक ओपन 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फिनलैंड के वांता में डेनमार्क की अमाली शुल्ज को सीधे गेम में हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओलंपिक्स डॉट कॉम वेबसाइट के अनुसार, महिला एकल बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में विश्व में 62वें स्थान पर काबिज 18 वर्षीय भारतीय शटलर ने डेनमार्क की विश्व में 63वें स्थान पर काबिज अमाली शुल्ज को मात्र 36 मिनट में 21-15, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बीडब्ल्यूएफ टूर टूर्नामेंट में अनमोल खरब का सबसे अच्छा प्रदर्शन पिछले साल गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 में उपविजेता रहा था।

#### आप सिर्फ पैरा एथलीट नहीं, बल्कि भारत के पावर एथलीट हैं: मांडविया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पदक जीतने वाले भारतीय दल को शनिवार को सम्मानित किया और उनके असाधारण जज्बे, दृढ़ संकल्प और रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन की सराहना की।

भारत विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य सहित कुल 22 पदक जीतकर 10वें स्थान पर रहा। खेल मंत्रालय के खेल विभाग ने पैरा एथलीटों को 1-09 करोड़ रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। भारत की मेजबानी में हुए इस टूर्नामेंट में 100 देशों के 2,100 से अधिक प्रतिभागियों ने 186 पदक स्पर्धाओं में भाग लिया था। आज यहां सम्मान समारोह के दौरान मांडविया ने कहा कि आप पैरा एथलीट नहीं, बल्कि भारत के पावर एथलीट हैं।

## भारत की एशिया कप ट्रॉफी एसीसी चीफ की कस्टडी में

**कराची, वार्ता।** एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने अपने स्टाफ को निर्देश दिया है कि उनकी मंजूरी और मौजूदगी के बिना एशिया कप ट्रॉफी न तो ऑफिस से हटाई जाए और न ही किसी को सौंपी जाए।

नकवी के एक करीबी सूत्र ने बताया, श्आज तक ट्रॉफी दुबई के एसीसी ऑफिस में ही रखी है। नकवी अब भी इस स्टैंड पर कायम हैं कि भारत को यह ट्रॉफी उनसे ही लेनी होगी। भारत ने 28 सितम्बर को खेले गए फाइनल में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब जीता था। भारतीय टीम ने मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। भारत ने यह स्टैंड पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में लिया था। नकवी एसीसी चेयरमैन होने के साथ-साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ भी हैं। साथ ही वे पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। एशिया कप फाइनल के बाद नकवी एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन होने के नाते प्रेजेंटेशन सेरेमनी में आए थे। सेरेमनी के प्रेजेंटर साइमन डूल ने कहा कि भारतीय टीम उनसे अवाड्र्स नहीं लेगी। भारतीय टीम एसीसी के किसी अन्य अधिकारी के हाथों ट्रॉफी लेने को तैयार थी, पर नकवी खुद ट्रॉफी देने पर अड़ गए। इसके बाद कार्यक्रम खत्म कर दिया गया और नकवी मंच से उतर गए। वे ट्रॉफी और मेडल्स भी अपने साथ ले गए। भारतीय खिलाड़ियों ने इससे पहले पूरे टूर्नामेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ भी नहीं मिलाया था। दूसरी ओर, पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने बार-बार 6-0 के इशारे किए थे। वे पाकिस्तान के इस फर्जी दावे को दोहरा रहे थे कि पाकिस्तान ने आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के 6 फाइटर जेट गिराए थे। नकवी ने कहा था- मैं कार्टून की तरह खड़ा था 10 सितम्बर को बीसीसीआई ने एसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग में भारत को चौंपियन बनने के बावजूद ट्रॉफी नहीं दिए जाने का कड़ा विरोध किया था। इस पर नकवी ने सफाई देते हुए कहा था कि उन्हें लिखित में कहीं से यह सूचना नहीं दी गई थी कि भारतीय टीम उनसे ट्रॉफी नहीं लेगी। नकवी ने कहा, श्मैं तो वहां बिना वजह एक कार्टून की तरह खड़ा था। 1 अक्टूबर को खबर आई थी कि नकवी ने बीसीसीआई के विरोध के बाद एशिया कप ट्रॉफी को एसीसी ऑफिस में जमा करा दिया है। भारतीय बोर्ड ने एसीसी की एनुअल मीटिंग में नकवी को जल्द से जल्द ट्रॉफी वापस करने को कहा था। इतना ही नहीं, भारतीय अधिकारियों ने नकवी को चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो महाभियोग लाकर उनको एसीसी प्रमुख के पद से हटाया जा सकता है।



● मोहसिन नकवी ने कहा: मेरी इजाजत के बिना न दें, टीम इंडिया ने उनके हाथों ट्रॉफी नहीं ली थी

## कप्तान के रूप में गिल ने जड़ा अपना 5वां टेस्ट शतक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को कप्तान के रूप में मात्र 12 पारियों में अपना पांचवां शतक जड़ा। यह कुल मिलाकर उनका 10वां टेस्ट शतक है। कप्तान के रूप में गिल का यह शतक एक ऐसा रिकॉर्ड है जो उन्हें एलेस्टेयर कुक और सुनील गावस्कर जैसे दिग्गजों की श्रेणी में ला खड़ा करता है। गिल ने खैरी पियरे की गेंद को कवर के ऊपर से तेजी से कट किया और तीन रन लेकर अपना शतक पूरा किया। प्रशंसको का आभार व्यक्त करते हुए अपनी टोपी उठाई और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को गले लगा लिया। गिल ने 177 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। गिल की यह उपलब्धि केवल आंकड़ों के लिए ही उल्लेखनीय नहीं है। कुक नौ पारियों में पांच शतकों के साथ पहले और दस पारियों में गावस्कर ही कप्तान के रूप में सबसे तेज पांच शतकों के साथ दूसरे स्थान पर है। वास्तव में इससे पहले केवल विराट कोहली ही एक कैलेंडर वर्ष में भारतीय कप्तान के रूप में पांच टेस्ट शतक लगा पाए थे। उन्होंने यह उपलब्धि दो बार, 2017 और 2018 में हासिल की थी।

कप्तान के रूप में गिल कुक और सुनील गावस्कर की श्रेणी में पहुंचे



## पार्थसारथी व तविश पाहवा ने अंडर-16 वर्ग में खिताब जीता

● पार्थसारथी ने श्रीनिती चौधरी को तीन सेटों के मुकाबले में 6-0, 3-6 व 6-4 से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त पार्थसारथी मुंधे और आठवीं वरीयता प्राप्त तविश पाहवा शनिवार को नई दिल्ली के डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप 2025 के अंडर-16 वर्ग में चैंपियन बने।

लड़कियों के अंडर-16 एकल वर्ग के फाइनल में, पार्थसारथी को कड़ी टक्कर देनी पड़ी और उन्होंने श्रीनिति चौधरी को तीन सेटों के कड़े मुकाबले में 6-0, 3-6, 6-4 से हराया। उन्होंने पहला सेट बिना कोई गेम गंवाए आसानी से जीत लिया, लेकिन श्रीनिति ने दूसरे सेट में प्रभावशाली वापसी करते हुए मैच बराबरी पर ला दिया। निर्णायक गेम में, शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 2-4 से पिछड़ने के बाद, अपनी दृढ़ता का परिचय देते हुए अगले चार गेम लगातार जीतकर एक घंटे 57 मिनट में खिताब अपने नाम कर लिया। इस बीच, लड़कों के अंडर-16 एकल वर्ग के फाइनल में, तविश पाहवा ने संयमित प्रदर्शन करते हुए मन्नान अशोक अग्रवाल को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया। तविश ने दोनों सेटों में लगातार बेसला. इन खेल और महत्वपूर्ण सर्विस ब्रेक के साथ रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा। मन्नान ने दूसरे सेट में वापसी की, लेकिन तविश के सधे हुए शॉट चयन और मान. सिक दृढ़ता ने उन्हें सीधे सेटों में खिताब जीतने में मदद की। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड द्वारा समर्थित और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) और दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) के तत्वावधान में आयोजित, फेनेस्टा ओपन भारत की सबसे होनहार जूनियर टेनिस प्रतिभाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है।

## मेदवेदेव शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में

● फ्रांस के आर्थर ने कनाडा के फेलिक्स को 6-3, 6-4 से हराकर अपने पहले शंघाई मास्टर्स सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**शंघाई, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव ने शुक्रवार को सातवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 6-4, 6-4 से हराकर शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 2019 के शंघाई मास्टर्स चैंपियन ने ऐस लगाकर जीत पक्की की और अब अपने करियर के 61वें एटीपी टूर सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। मेदवेदेव, जिन्होंने पिछले राउंड में लर्नर टिएन के खिलाफ लगभग तीन घंटे संघर्ष किया था, ने कहा कि मैं बहुत थका हुआ था, और मुझे पता था कि एलेक्स के खिलाफ, लर्नर की तरह, हमारे पास लंबे अंक होंगे। मुझे लगता है कि तीसरे या चौथे गेम में हमारी कुछ लंबी रैलियां हुईं, और मुझे लगा कि यह एक लंबा दिन होगा, लेकिन मैं अपने खेल से खुश हूं। मैंने महत्वपूर्ण क्षणों में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया, गेंद को शानदार तरीके से मारा और उस पर दबाव डाला। दूसरा सेट कड़ा था, लेकिन अंत में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मैं इस स्तर से वास्तव में खुश हूं। इस बीच, फ्रांस के आर्थर रिंडरक्नेच ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-3, 6-4 से हराकर अपने पहले शंघाई मास्टर्स सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 1995 में जन्मे रिंडरकनेच इस साल के टूर्नामेंट के सबसे चौंकाने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, उनकी करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग इससे पहले 42वें स्थान पर थी। रिंडरकनेच ने कहा कि यह अविश्वसनीय रहा है, और आज मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा। मुझे खुशी है कि यह सीधे सेटों में हुआ, इसलिए मैं कल के लिए ज़्यादा थका हुआ नहीं हूं।



## रणजी ट्रॉफी में वापसी करेंगे सरफराज, सूर्या को जगह नहीं

**मुंबई, वार्ता।** शार्दुल ठाकुर 15 अक्तूबर से शुरू हो रही रणजी ट्रॉफी 2025-26 में मुंबई की कप्तानी करेंगे। श्रीनगर में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ पहले मैच के लिए 16 सदस्यीय टीम में शिवम दुबे और सरफ़राज खान भी शामिल हैं। पिछले सीजन तक मुंबई की कप्तानी कर रहे अजिंक्य रहाणे टीम में मौजूद हैं, लेकिन सूर्यकुमार यादव टीम का हिस्सा नहीं हैं। ठाकुर भारत की इंग्लैंड दौरे वाली टेस्ट टीम का हिस्सा थे और पांच में से दो टेस्ट खेले थे, लेकिन मौजूदा वेस्टइंडीज दौरे के लिए उनका चयन नहीं हुआ। उनका पिछला प्रथम श्रेणी मैच दलीप ट्रॉफ़ी में सेंट्रल ज़ोन के खिलाफ़ था। सरफराज दलीप ट्रॉफ़ी से बाहर थे क्योंकि उन्हें बुची बाबू टूर्नामेंट के दौरान चोट लगी थी। दुबे ऑस्ट्रेलिया में टी20 सीरीज के लिए रवाना होने से पहले रणजी ट्रॉफ़ी का पहला राउंड खेलेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम से भिड़ेगी भारतीय टीम

● भारत का शीर्ष और मध्यक्रम अनुशासित और निर्मम गेंदबाजी आक्रमण का सामना कर रहा है

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम रविवार को आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के 13वें मैच में डा. वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम से भिड़ेगी, जहां उसे अपने चरित्र और कौशल की कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा।

कागज़ों पर, यह दो क्रिकेट खेलने वाले देशों के बीच मुक. ाबला है( लेकिन व्यवहार में, यह संयम की लड़ाई है, जहां भारत का शीर्ष और मध्य क्रम आज के महिला क्रिकेट के किसी भी गें. दबाज़ी आक्रमण की तरह अनुशासित और निर्मम गेंदबाजी आक्रमण का सामना कर रहा है। भारत का अब तक का अभियान विरोधाभासों से भरा रहा है। श्रीलंका और पाकिस्तान पर जीत ने टीम की चमक दिखाई, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार ने लचताजनक असंगति को उजागर किया, खासकर शीर्ष और मध्य क्रम में। शीर्ष क्रम की मुख्य खिलाड़ी स्मृति मंधाना अच्छी शुरुआत को सार्थक पारी में बदलने के लिए जूझ रही हैं, तीन मैचों में केवल 54 रन बना पाई हैं, जो उनके स्तर की खिलाड़ी से अपेक्षित से बहुत कम है। जेमिमा रोड्रिग्स और प्रतीका रावल का योगदान छिटपुट रहा है, और यहां तक कि कप्तान हरमनप्रीत कौर भी लगातार अपनी लय नहीं बना पाई हैं, जिससे भारत जल्दी ही बिखरने का शिकार हो गया है। ऐसी शुरुआत ने निचले क्रम को बोझ उठाने पर मजबूर कर दिया है, और अक्सर बढ़ते दबाव में पारी को संभाला है। इन मुश्किलों के बीच, ऋचा घोष उम्मीद की किरण बनकर उभरी हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी 94 रनों की पारी ने आक्रामकता और नियंत्रण का संयोजन करने की उनकी क्षमता को दर्शाया है, और उन्होंने उस समय विरोधियों का डटकर सामना किया जब दांव सबसे ज़्यादा था। स्नेह राणा ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं, जिससे भारतीय टीम में लचीलेपन की गहराई का पता चलता है। फिर भी, क्रिकेट उस टीम के लिए शायद ही कभी अच्छा होता है जो एक या दो खिलाड़ियों पर बहुत अधिक निर्भर करती है, और एक अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ, भारत को अपनी वरिष्ठ बल्लेबाज़ों से और अधिक प्रदर्शन की आवश्यकता होगी। ऑस्ट्रेलिया अपनी पूरी फॉर्म में है। हीली, एलिस पेरी, बेथ मूनी और फोएबे लिचफील्ड जैसी उनकी बल्लेबाजी लाइनअप गहरी और अनुभवी है।




## उपेन्द्र रेलवे के लिए रणजी टीम में चयनित

**गोरखपुर, वार्ता।** गुजरात के सूरत में 15 से 18 अक्टूबर तक आयोजित रणजी ट्राफी में भाग ले रही भारतीय रेलवे सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम के लिए पूर्वोत्तर रेलवे से उपेन्द्र यादव का चयन हुआ है। पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि इसी क्रम में, बेंगलुरु में 16 से 19 अक्टूबर तक तथा चंडीगढ़ में 26 से 29 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में भाग ले रही भारतीय रेलवे पुरुष अंडर-23 क्रिकेट टीम के लिए पूर्वोत्तर रेलवे से अंचित एवं विराट का चयन हुआ है और साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे के प्रशान्त अवस्थी भारतीय रेलवे पुरुष अंडर-23 क्रिकेट टीम के कोच होंगे। सूरत में आयोजित इस रणजी ट्राफी में पूर्वोत्तर रेलवे के क्रिकेट खिलाड़ी उपेन्द्र भारतीय रेल की टीम का हिस्सा हैं।

## म्लाबा को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगी फटकार



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका की बाएं हाथ की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा को महिला विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच के दौरान आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई और एक डिमेरिट अंक दिया। आईसीसी ने गुरुवार को खेले गए इस मुकाबले में बाएं हाथ की स्पिनर ने 17वें ओवर में हरलीन देओल को आउट करने के बाद उन्हें मैदान से बाहर जाने का इशारा किया था। मैच अधिकारियों ने इस हरकत को भड़काऊ माना। म्लाबा को अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो कि किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर उसकी भाषा, क्रिया या हाव-भाव का अपमान करने या आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़काने से संबंधित है। म्लाबा ने आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 के तहत आरोप स्वीकार कर लिया है यह 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध है। अंपायर जैकलीन विलियम्स, किम कॉटन, कैंडेस ले बोर्डे और सू रेडफर्न के आरोप पर मैच रेफरी ट्रुडी एंडरसन ने यह सजा सुनाई। लेवल 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार है।

# पाक में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर बड़ा आत्मघाती हमला

## छह आतंकवादी मारे गए, सात जवानों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान अब खुद आतंकवाद से जूझ रहा है। भुखमरी, महंगाई और बेरोजगरी से त्रस्त पड़ोसी देश की आए दिन होने वाले आत्मघाती हमलों ने कमर तोड़ दी है। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस ट्रेनिंग स्कूल पर हुए आतंकी हमले के बाद पांच घंटे तक चली मुठभेड़ में तीन और आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार (11 अक्टूबर) को बताया कि गोलीबारी में छह और पुलिसकर्मी मारे गए।

डेरा इस्माइल खान जिले के रत्ता कुलाची पुलिस प्रशिक्षण स्कूल पर हुए हमले के बाद पुलिसकर्मियों की जवाबी गोलीबारी में तीन आतंकवादी मारे गए थे, और कुछ अन्य के परिसर के अंदर छिपे होने की बात कही गई थी। शुक्रवार देर रात एक अभियान के दौरान तीन और आतंकवादी मारे गए, जबकि छह और पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। इससे पहले एक पुलिसकर्मी के मारे जाने की खबर आई थी, जिससे हमले में मारे गए सुरक्षाकर्मियों की संख्या सात हो गई, जबकि 13 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार सभी प्रशिक्षु रंगरूटों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। इस अभियान में एसएसजी कमांडो, अल-बुर्क फोर्स, एलीट फोर्स और पुलिसकर्मी शामिल थे। यह घटना शुक्रवार देर रात हुई जब आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदे एक ट्रक को पुलिस प्रशिक्षण स्कूल के मुख्य द्वार से टकरा दिया, जिससे एक जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट के तुरंत बाद वर्दी पहने आतंकवादी परिसर में घुस आए और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और हमलावरों को घेर लिया। गोलीबारी के दौरान आतंकवादी हथगोले फेंकते रहे। डीपीओ डेरा इस्माइल खान साहिबजादा सज्जाद अहमद और आरपीओ सैयद अशफ़ाक अनवर ने मौके पर अभियान की व्यक्तिगत निगरानी की। पांच घंटे की कड़ी मुठभेड़ के बाद छह आतंकवादियों को मार गिराया गया। सुरक्षा बलों ने उनके पास से आत्मघाती जैकेट, विस्फोटक, आधुनिक हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। 13 घायल पुलिसकर्मियों को तुरंत इलाज के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया। डीपीओ के अनुसार हमले के दौरान प्रशिक्षण स्कूल में लगभग 200 प्रशिक्षु, प्रशिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक जुल्फिकार हमीद ने पुष्टि की कि इलाके को पूरी तरह से खाली करा लिया गया है और किसी भी शेष खतरे को खत्म करने के लिए तलाशी और सफाई अभियान जारी है।



■ देर रात एक अभियान के दौरान तीन और आतंकी मारे गए, जबकि छह और पुलिसकर्मियों की मौत हो गई



इंग्लैंड। मैनचेस्टर में मुक्केबाज रिकी हैटन के अंतिम संस्कार के दौरान मैनचेस्टर कैथेड्रल के बाहर जमा भीड़।

## संक्षिप्त समाचार

### मेक्सिको में भारी बारिश से 28 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मध्य और पूर्वी मेक्सिको में मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और हजारों घर क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उनहोंने बताया कि सबसे ज़्यादा मौतें पूर्वी मेक्सिको के हिडाल्गो राज्य में (16 मौतें) हुईं और लगभग 1000 घर क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मध्य मेक्सिको के पुएब्ला राज्य में पाँच लोगों की मौत हो गई और 11 लोग लापता हो गए, जबकि वेराक्रूज़ में दो और क्वेरेटारो में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

### कैरिबियाई क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर चीन ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** चीन ने कैरिबियाई क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि वेनेजुएला के पास अमेरिकी सैन्य अभियान इसकी प्रमुख वजह है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थाई प्रतिनिधि फू कांग ने नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने की आड़ में वेनेजुएला के कैरिबियन जलक्षेत्र में हाल ही में अमेरिकी सेना की तैनाती की आलोचना की। उन्होंने वेनेजुएला के जहाजों को डुबोने, नाविकों पर गोली चलाने और मछली पकड़ने वाली नौकाओं को ज़ब्त करने जैसी कार्रवाइयों का उल्लेख किया और कहा कि इनसे क्षेत्रीय तनाव बढ़ा है।

### हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र वोलोंगोंग के दक्षिण में शनिवार सुबह एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने और उसमें आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। ऑस्ट्रेलिया के राज्य न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) की पुलिस ने एक बयान में बताया कि विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद शेलहार्बर हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के ज़मीन से टकराते ही उसमें आग लग गई।

# ट्रम्प ने चीन पर लगाया 100% अतिरिक्त टैरिफ

## रेयर खनिज निर्यात पर कंट्रोल से नाराज, कहा: चीन दुनिया को बंधक बनाने की कोशिश में

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन में निर्मित वस्तुओं पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। यह आयात शुल्क चीन की निर्यात नीति के जवाब में लगाया गया है, जिसमें वह दुर्लभ खनिजों पर अपना नियंत्रण कड़ा कर रहा है, जो वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं रक्षा उद्योगों के लिए बहुत अहम हैं। ट्रम्प ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अपनी आगामी बैठक के बारे में कहा कि उन्होंने आधिकारिक तौर पर इस शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है। ट्रम्प की जिनपिंग के साथ दक्षिण कोरिया में अगले एक पखवाड़े में बैठक निर्धारित है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर आयात शुल्क बढ़ोतरी का खुलासा करते हुए कहा कि नए शुल्क एक नवम्बर से या शायद उससे भी पहले लागू होंगे।

इसके अलावा ट्रम्प ने घोषणा की कि उनका प्रशासन दुर्लभ खनिज निर्यात पर चीन की कड़ी पकड़ के जवाब में किसी भी और सभी महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर पर निर्यात नियंत्रण लागू करेगा। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यह विश्वास करना बहुत कठिन है कि चीन ने ऐसी कार्रवाई की होगी, लेकिन उन्होंने ऐसा किया और बाकी सब इतिहास है। उन्होंने चीन द्वारा अचानक दुर्लभ खनिज निर्यात नियंत्रण पर आश्चर्य व्यक्त किया तथा इसे अचानक उठाया गया कदम करार दिया। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए, ट्रम्प ने कहा कि मैंने शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है। मैं वहां ज़रूर जाउंगा। लेकिन उन्होंने दुनिया को चौंका दिया। अचानक वह आयात-निर्यात की पूरी अवधारणा लेकर आये और किसी को इसके बारे में कुछ पता नहीं था। ट्रम्प ने दोहराया कि अतिरिक्त शुल्क एवं निर्यात नियंत्रण चीन की अत्यधिक आक्रामक कार्रवाइयों के खिलाफ लगाए जाएंगे। एक नवम्बर से लागू होने वाले ये शुल्क चीन की वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर प्रभावी होंगे, जिससे दोनों देशों के बीच पहले से ही तनावपूर्ण व्यापारिक संबंध और खराब हो जाएंगे। शेयर बाजारों ने इस खबर पर नकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की, नैस्डैक में 3.6 प्रतिशत और एसएंडपी 500 में 2.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। चीन ने इस हफ्ते नए प्रतिबंध लागू किए हैं जिनके अंतर्गत विदेशी संस्थाओं को चीन से प्राप्त या चीन में प्रसंस्कृत 0.1 प्रतिशत से जयादा दुर्लभ खनिजों वाले किसी भी उत्पाद के निर्यात के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक है।

चीन वर्तमान में दुनिया भर में दुर्लभ खनिजों की लगभग 70 प्रतिशत आपूर्ति को नियंत्रित करता है, जो स्मार्टफ़ोन से लेकर सैन्य उपकरणों तक की तकनीकों के लिए ज़रूरी हैं। वर्तमान में चीन की वस्तुओं पर 30 प्रतिशत अमेरिकी आयात शुल्क लगा हुआ है, जिसे ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान लागू किया था, जिसमें उन्होंने चीन पर फेंटेनाइल व्यापार को बढ़ावा देने और अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल होने का आरोप लगाया था। इस हफ्ते की शुरुआत में, अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा था कि दुर्लभ खनिज निर्यात के संबंध में चीन की बेहद शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों के बाद जिनपिंग से मुलाक़ात करने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अमेरिका कड़े जवाबी उपायों के साथ उत्तर देने की तैयारी कर रहा है। उनसे जब पूछा गया कि अगर चीन अपने प्रतिबंध हटा लेता है, तो क्या अमेरिका अतिरिक्त शुल्क हटा लेगा, तो ट्रम्प ने जवाब दिया कि हमें देखना होगा कि क्या होता है और इसीलिए इसके लागू करने की तारीख एक नवम्बर रखी गई है। ट्रम्प ने निर्यात पर और अधिक नियंत्रण लगाने का भी संकेत दिया तथा कहा कि विमान के पुर्जे भी अमेरिका के निशाने पर हो सकते हैं।



■ नए शुल्क एक नवम्बर से या शायद उससे भी पहले लागू होंगे
■ मैंने शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है, मैं वहां ज़रूर जाउंगा, लेकिन उन्होंने दुनिया को चौंका दिया: ट्रम्प

### ट्रम्प को शांति पुरस्कार न देने पर नोबेल समिति की आलोचना

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने नोबेल समिति पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बजाय वेनेजुएला के एक लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता को अपना सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार देने के लिए 'शांति पर राजनीति' को तरजीह देने का आरोप लगाया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को समिति ने घोषणा की कि मारिया कोरिना मचाडो को 'वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने के उनके अथक कार्य' के लिए शांति पुरस्कार दिया जाएगा। ट्रंप इस पुरस्कार की अपनी इच्छा के बारे में मुखर रहे हैं और कई वैश्विक संघर्षों को समाप्त करने का श्रेय लेते रहे हैं। उन्होंने सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान भी, नियमित रूप से इस मुद्दे को उठाया। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बीबीसी के अमेरिकी मीडिया पार्टनर सीबीएस को बताया कि उन्होंने सुमचाडो को बधाई देने के लिए फोन किया और कहा कि वह इस पुरस्कार की हकदार हैं। शुक्रवार सुबह घोषणा के बाद व्हाइट हाउस के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने कहा कि नोबेल समिति ने साबित कर दिया है कि वे शांति पर राजनीति को तरजीह देते हैं। चेउंग ने 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प शांति समझौते करते रहेंगे, युद्ध समाप्त करते रहेंगे और जानें बचाते रहेंगे।

# गाजा के कुछ हिस्सों से इजरायली सेना पीछे हटी

**दुबई।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौता लागू होने के बाद इजरायल ने सैनिकों को गाजा के कुछ हिस्सों से आंशिक रूप से वापस बुला लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की सेना ने कहा कि वे समझौते के तहत शुक्रवार को वापस लौट आए हैं, हालांकि सेना अभी भी पट्टी के आधे हिस्से पर कब्जा जमाए हुए है। यह युद्धविराम गुरुवार को इजराइल की सरकार द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्धविराम और बंधक वापसी समझौते के पहले चरण को मंजूरी देने के बाद लागू हुआ।

युद्ध विराम के अगले चरणों पर अभी बातचीत चल रही है। समझौते के तहत हमास सोमवार को स्थानीय समयानुसार 12:00 बजे तक सभी इजरायल के बंधकों को छोड़ेगा, जिसमें 20 जिंदा समेत 28 बंधक शामिल हैं। इजरायल भी उम्रकैद की सजा काट रहे करीब 250 फलस्तीनी कैदियों को अपनी जेल से रिहा करेगा। इजरायल सेना रेडियो ने कहा कि पश्चिम बैंक से 100 और पांच पूर्वी यरुशलम से छोड़े जाएंगे। साथ ही और भी कैदियों को भेजने की संभावना है। इसके अतिरिक्त हिरासत में लिए गए गाजा के 1700 फलस्तीनियों को भी रिहा किया जाएगा। समझौत की शर्तों के तहत चिकित्स एवं राहत सहायता ट्रकों को भी गाजा की जनता तक अत्यंत आवश्यक सहायता पहुंचाने के लिए पट्टी में अप्रतिबंधित रूप से प्रवेश की अनुमति मिलेगी जिनमें से कई लोग दो वर्ष के युद्ध के दौरान बार-बार विस्थापित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र समर्थित विशेषज्ञों ने अगस्त में पहली बार इस क्षेत्र के एक हिस्से में अकाल की घोषणा की थी, जिसमें कहा गया था कि 500000 से अधिक लोग 'भुखमरी, गरीबी और मृत्यु' जैसी 'विनाशकारी' परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, हालांकि इजराइल ने बार-बार इस बात से इनकार किया है कि उसके क्षेत्र में भुखमरी है। इस बीच गाजा में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सैनिक गाजा शहर के उत्तर-पश्चिमी बाहरी इलाके से पूर्व की ओर वापस चले गए हैं। दक्षिणी इलाके में कुछ इज़रायली सैनिकों के खान यूनिस क्षेत्र से भी पीछे हटने की रिपोर्टें है।

■ सेना अभी भी पट्टी के आधे हिस्से पर कब्जा जमाए हुए है
■ युद्ध विराम के अगले चरणों पर अभी बातचीत चल रही है

## पुतिन गाजा युद्धविराम समझौते का पूरा समर्थन करते हैं: ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गाजा में युद्धविराम समझौते का पूरा समर्थन करते हैं।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि इस शांति समझौते को व्यापक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला है, जिसमें इस क्षेत्र से सीधे तौर पर जुड़े देशों के साथ-साथ ईरान और रूस जैसी वैश्विक शक्तियां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा जयादातर देशों ने इन सभी प्रस्तावों को पारित कर दिया है। हर देश इसमें शामिल है। ईरान भी इसमें शामिल हुआ-मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई। मुझे गर्व है कि ईरान ने इसका समर्थन किया। उन्होंने कहा रूस भी इसमें शामिल हुआ। राष्ट्रपति पुतिन। इसका पूरा समर्थन करते हैं। इसलिए मुझे यह देखकर खुशी हुई कि जिन देशों ने इस प्रक्रिया में ज़रूरी तौर पर शामिल नहीं थे, उन्होंने भी इसका समर्थन किया। पुतिन ने कहा कि गाजा पट्टी के लिए शांति योजना पर ट्रंप की पहल को अरब जगत में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि रूस ने गाजा पर ट्रंप की पहल का लगभग तुरंत समर्थन किया। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि एक स्वतंत्र फलस्तीनी राष्ट्र की स्थापना इस कठिन समस्या से जुड़े सभी मुद्दों के दीर्घकालिक स्थिरीकरण और समाधान के लिए मुख्य शर्त है।

## जलवायु परिवर्तन सभी को प्रभावित करती है: हरिवंश

**बारबाडोस।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने शनिवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन एक सच्चाई है जो सभी को प्रभावित करता है। हरिवंश ने आज ब्रिजटाउन, बारबाडोस में आयोजित 68वें राष्ट्रमंडल सम्मेलन के दौरान 'द कॉमनवेल्थ -ए ग्लोबल पार्टनर' पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन एक सच्चाई है जो हम सभी को प्रभावित करता है। ऐसे दौर में ग्रीन ग्रोथ हमारा साझा भविष्य है। इसके लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग और साझेदारी करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमें ग्लोबल साउथ में अपने मित्रों के साथ भी खड़े रहना चाहिए।

# नॉर्थ गाजा लौट रहे हजारों फलस्तीनी

## स्कूल-अस्पताल व घर मलबे में तब्दील हुए, सीजफायर की निगरानी के लिए 200 सैनिक भेजेंगे ट्रम्प

**गाजा।** गाजा में शुक्रवार को सीजफायर लागू होने के बाद फलस्तीनी वापस अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं। हजारों लोग दक्षिणी गाजा से पैदल ही गाजा सिटी की तरफ जा रहे हैं। दो साल पहले 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद इजरायल से युद्ध के चलते नार्थ गाजा को लोगों ने खाली कर दिया था।

नार्थ गाजा का सबसे बड़ा शहर गाजा सिटी अब खंडहर में बदल चुका है। यहां न बिजली है, न पानी और न ही कोई बुनियादी ढांचा (स्कूल, अस्पताल) बचा है। फिर भी, कई लोग अपने घरों को लौट रहे हैं। अपने घर लौटे एक व्यक्ति ने मीडिया से कहा कि मेरे घर का सिर्फ निशान मिला है, पूरा मोहल्ला मलबे में दफन है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की मध्यस्थता से यह युद्धविराम हुआ, जिसके तहत हमास 72 घंटे के भीतर जीवित इजरायल बंधकों को छोड़ेगा। इसके बदले इजरायल 250 फलस्तीनी कैदियों और 1700 हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा करेगा। इजरायल ने 53 प्रतिशत इलाके से सेना हटाने की घोषणा की है और अब 600 राहत ट्रक रोजाना गाजा पहुंचेंगे। वहीं, गाजा में 200 अमेरिकी सैनिकों की भी तैनाती की जाएगी। गाजा में युद्धविराम के बाद अमेरिका ने सैनिकों की सीमित तैनाती की घोषणा की है।



■ नार्थ गाजा का सबसे बड़ा शहर गाजा सिटी अब खंडहर में बदल चुका है

### ट्रम्प करेंगे मिस्र, इजरायल का दौरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रविवार को पश्चिम एशिया की यात्रा करेंगे जहां वह गाजा युद्ध विराम समझौते के बाद क्षेत्रीय शांति निर्माता के रूप में अपनी कथित भूमिका को मजबूत करने की कोशिश करेंगे। राष्ट्रपति ट्रम्प सोमवार सुबह इजरायल पहुंचेंगे जहां उनके नेसेट को संबोधित करने और उसी दिन वहां से रवाना होने की उम्मीद है। उनकी यह यात्रा युद्धविराम समझौते के अंतर्गत हमास द्वारा बंधकों की रिहाई की समय सीमा के साथ मेल खाती है। ट्रम्प का मुक्त किए गए बंधकों से मिलने की भी संभावना है। राष्ट्रपति ट्रम्प की यह यात्रा नोबेल शांति पुरस्कार समिति द्वारा पुरस्कार के लिए ट्रम्प के सार्वजनिक अभियान को नजरअंदाज करने के कुछ ही दिनों बाद हो रही है।

# मैक्रों ने किया लेकोर्नु को फिर पीएम नियुक्त

## चार दिन पहले ही सेबेस्टियन लेकोर्नु ने पद से इस्तीफा दिया था

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सेबेस्टियन लेकोर्नू को फिर प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। चार दिन पहले ही लेकोर्नू ने पद से इस्तीफा दिया था। इससे देश में एक सप्ताह तक भारी राजनीतिक उथल-पुथल रही।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रों ने शुक्रवार देर रात यह घोषणा की। उन्होंने एलिसी पैलेस में सभी मुख्य दलों के साथ बैठक की, जिसमें धुर दक्षिणपंथी एवं धुर वामपंथी नेताओं को छोड़कर अन्य सभी शामिल थे। लेकोर्नु की वापसी आश्चर्यजनक है, क्योंकि उन्होंने दो दिन पहले ही राष्ट्रीय टीवी पर कहा था कि वह पद के पीछे नहीं भाग रहे थे और उनका मिशन पूरा हो चुका है। यह निश्चित नहीं है कि वह सरकार बना पायेंगे या नहीं, लेकिन उन्हें ज़मीनी स्तर पर काम करना होगा। नए प्रधानमंत्री के पास अगले साल का बजट संसद में पेश करने के लिए सोमवार तक का ही समय है। एलिसी पैलेस ने कहा कि राष्ट्रपति ने लेकोर्नु को सरकार बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है और मैक्रों की पार्टी ने संकेत दिया है कि उन्हें कार्य करने की पूरी छूट प्रदान की गई है। लेकोर्नु मैक्रों के सबसे वफादार सहयोगियों में से एक हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्वारा सौंपे गए मिशन को मैंने कर्तव्य के रूप में स्वीकार किया है, ताकि वर्ष के अंत तक फ्रांस को बजट प्रदान किया जा सके और हमारे देशवासियों की रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान किया जा सके। इस सप्ताह फ्रांसीसी टीवी पर लेकोर्नु ने स्वयं को 'सैनिक-भिक्षु' कहा था और सरकार बनाने की तैयारी करते हुए उन्होंने शुक्रवार को कहा कि मैं इस मिशन में सफल होने के लिए हर संभव कोशिश करूंगा। फ्रांस के राष्ट्रीय ऋण में कमी लाने तथा बजट घाटे में कटौती करने के तरीकों पर राजनीतिक मतभेद होने के कारण पिछले वर्ष तीन में से दो प्रधानमंत्रियों को पद त्यागना पड़ा था, इसलिए लेकोर्नु के सामने चुनौती बहुत बड़ी है।





■ नए पीएम के पास अगले साल का बजट संसद में पेश करने के लिए सोमवार तक का ही समय है

## ई3 देश गाजा के पुनर्निर्माण में योगदान देने को तैयार

**मास्को।** ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (ई3) ने अभी हाल ही में इजराइल और फलस्तीन के हमास के बीच घोषित युद्धविराम योजना के अनुरूप गाजा के पुनर्निर्माण और संक्रमणकाल के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में योगदान देने की इच्छा व्यक्त की है। हालांकि ई3 गाजा में इजरायल द्वारा बस्ती बसाए जाने का विरोध करती है। ई3 देशों की भागीदारी एक व्यापक अंतर्राष्ट्रीय प्रयास का हिस्सा होगी जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, अरब देश और संयुक्त राष्ट्र शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन और अन्य मध्यस्थों ने इस सप्ताह इजराइल और हमास के बीच एक युद्धविराम समझौता करवाया है जिससे संभवत: दो साल पहले शुरू हुए उस युद्ध का अंत हो सकता है।

# भारत लोकतंत्र और समानता की भावना का जीवंत उदाहरण: बिरला

**बारबाडोस।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि भारत लोकतंत्र और समानता का एक जीवंत उदाहरण है और संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ रहा है।

बिरला ने 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की आम सभा में 'राष्ट्रमंडल- एक वैश्विक भागीदार' विषय पर प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र भारत की आत्मा है, समानता इसका संकल्प है और न्याय इसकी पहचान है। जलवायु परिवर्तन, महामारी, खाद्य असुरक्षा और असमानता जैसे वैश्विक संकट सीमाओं से परे हैं और इनके लिए सामूहिक समाधान की आवश्यकता है। उन्होंने इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि समाधान अलग-थलग रहकर नहीं ढूंढे जा सकते। उन्होंने खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा के महत्व पर ज़ोर देते हुए दुनिया के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत कभी खाद्यान्न के लिए बाहरी सहायता पर निर्भर था और ऐसे चुनौतीपूर्ण समय से लेकर विश्व शक्ति के रूप में सुस्थापित होने का सफ़र प्रभावशाली रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि भारत ने 150 से जयादा देशों को दवाइयां और टीके पहुंचाकर यह सिद्ध किया कि स्वास्थ्य अधिकार है, विशेषाधिकार नहीं।



■ संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ रहा





# दीपिका की हिजाब कंट्रोवर्सी के बीच अबू धाबी पहुंची सोनाक्षी सिन्हा

**अबू धाबी।** दीपिका पादुकोण के बाद सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अबू धाबी पहुंचे हैं। दोनों ने अबू धाबी की शेख जायद ग्रैंड मस्जिद का दौरा किया है। सोनाक्षी सिन्हा ने इसकी तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किए हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि यह जोड़ा मस्जिद में टहल रहा है। सोनाक्षी के मुताबिक उन्हें यहां सुकून मिला है। उनकी इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा की पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं।

एक यूजर ने लिखा जूतों के साथ मस्जिद में जाना बहुत गुनाह है। एक दूसरे यूजर ने लिखा है जहीर भाई एहतराम अल्लाह को पसंद है। मस्जिद के लिए थोड़ी इज्जत रखिए। आप इतने बड़े नहीं हैं कि मस्जिद में जूते उतार कर न जाएं। यहां सोनाक्षी की गलती नहीं है। कई यूजर्स ने सोनाक्षी का सपोर्ट किया है। एक यूजर ने लिखा आपकी ड्रेस फ्लोर से मैच कर रही है। एक और यूजर ने लिखा तो सोनाक्षी के लिए ये आम बात है। दीपिका के लिए नहीं? दोनों एक ही मस्जिद में गईं और दोनों अपने-अपने पतियों के साथ खूबसूरत लग रही थीं। क्या हम लोगों को ट्रोल करना बंद कर सकते हैं और उन्हें शांति से जीने दे सकते हैं, इससे पहले दीपिका पादुकोण ने रणवीर सिंह के साथ अबू धाबी की एक मस्जिद में एक विज्ञापन शूट कराया था। उन्होंने अबू धाबी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऐसा किया था। इस दौरान उन्होंने अबाया और हिजाब पहना था। इस पर उन्हें कई यूजर्स ने ट्रोल किया था। आपको बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने पिछले साल जून में शादी की थी। शादी के बाद उन्होंने मुंबई के एक आलीशान रेस्टोरेंट में एक पार्टी रखी थी। इसमें कई बालीवुड हस्तियां शामिल हुई थीं।



## विजय के बाद अब रश्मिका के हाथ में दिखी रिंग

**मुंबई।** साउथ और बॉलीवुड की चर्चित जोड़ी रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इन दिनों अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में हैं। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच अब उनके सगाई की खबर आग की तह फैल गई।

हैदराबाद में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में 3 अक्टूबर को हुई इस सगाई की झलक तो अब तक फैंस को देखने को नहीं मिली है, लेकिन अब विजय के बाद रश्मिका के हाथों की अंगूठी ने भी सभी का ध्यान खींच लिया है। रश्मिका ने हाल ही में अपने पेट डाग आरा के साथ एक प्यारा सा वीडियो शेयर किया। वीडियो तो मजेदार था, लेकिन फैंस की नजर सबसे पहले पड़ी उनके हाथ में चमकती डायमंड रिंग पर। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ, कमेंट सेक्शन में बधाइयों की बाढ़ आ गई। किसी ने लिखा, ओएमजी। वो रिंग तो लाजवाब है। तो किसी ने कहा, फाइनली हमने रिंग देख ही ली। वीडियो के जरिए भले ही रश्मिका ने सीधे कुछ न कहा हो, लेकिन उनकी मुस्कान और उस रिंग ने सबकुछ बयान कर दिया।

## पेरेंटिंग के कई पहलुओं पर बोली करीना कपूर

**मुंबई।** करीना कपूर हाल ही में अपनी ननद और एक्ट्रेस सोहा अली खान के पाडकास्ट का हिस्सा बनीं। इस दौरान उन्होंने पेरेंटिंग के कई पहलुओं पर खुलकर बात की। करीना ने बड़े बेटे तैमूर से जुड़ी जानकारी भी शेयर की। एक्ट्रेस ने बताया कि तैमूर को एक्टर से ज्यादा क्रिकेटर पसंद हैं। तैमूर विराट कोहली और रोहित शर्मा का बड़ा ैन है। करीना ने पाडकास्ट में कहा कि तैमूर अभी चीजों को एक्सप्लोर कर रहा है, लेकिन उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसे एक्टिंग में मजा नहीं आता है। उन्होंने कहा, टिम को ड्रामा या एक्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं है। जब उसे स्कूल में एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज चुननी होती, तो मैं लिस्ट पढ़कर और उससे पूछती हूं कि क्या तुम इस साल ड्रामा करना चाहते हो? वो नहीं कहता है। मैं जब वजह पूछती तो वो कहता, नहीं, मुझे इसमें मजा नहीं आता।




## रणवीर सिंह, बॉबी देओल और लीला ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** रणवीर सिंह, बॉबी देओल और लीला ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। रणवीर सिंह, बॉबी देओल और लीला की आने वाली फिल्म काफी चर्चा में है। सेट से झलकियां और लीक हुई तस्वीरें सामने आने के बाद से ही यह प्रोजेक्ट सुर्खियों में है। ऐसे में जब इस तिकड़ी को साथ में शूटिंग करते देखा गया, उसके बाद फैन्स के बीच इसे लेकर उत्सुकता बढ़ गई यह जानने के लिए कि आखिर यह टीम किस प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। सूत्रों के अनुसार, इस प्रोजेक्ट की शूटिंग आधिकारिक तौर पर पूरी हो गई है। टीम ने हाल ही में आखिरी शेड्यूल खत्म किया है, जिससे इस साल के सबसे बड़े और रोमांचक प्रोजेक्ट्स में से एक की शूटिंग पूरी हो गई है। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कहा, शूटिंग आराम से पूरी हो गई है और मेकर्स जल्द ही कुछ बड़ा करने की सोच रहे हैं। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी खबर अगले हफ्ते आ सकती हैं।

## फिल्म जटाधारा का नया गाना पल्लो लटके रिलीज

**मुंबई।** सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा के अभिनय से सजी फिल्म जटाधारा का नया गाना पल्लो लटके रिलीज हो गया है। जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत बहुप्रतीक्षित फिल्म जटाधारा, के विजुअली शानदार टीजर और धना पिशाची गीत के बाद, मेकर्स ने अब फिल्म का सबसे जबर्दस्त डांस नंबर पल्लो लटके, पेश किया है,जो अपने हाई-एनर्जी बीट्स और जोशीले मूव्स के साथ हर डांस फ्लोर को जगमगाने के लिए तैयार है। पल्लो लटके गीत में जहां सुधीर बाबू अपने स्टाइलिश लुक और दमदार स्क्रीन प्रेजेन्स से दिल जीत ले रहे हैं, वहीं श्रेया शर्मा अपनी ग्रेस और एनर्जी से हर फ्रेम में चार चांद लगा रही हैं।

